RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 62
नई दिल्ली, रविवार, 7 जनवरी, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

भारत को 2047 तक शीर्ष पर ले जाने का साधन बनें युवा

राष्ट्रीय-10

अंतरिक्ष में भारत की एक और छलांग

● ऐतिहासिक सोलर मिशन की कामयाबी पर प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों के प्रयास को सराहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत के पहले सोलर मिशन के लिए आदित्य-एल1 को लेकर जाता इसरो का पीएसएवी-सी57

भारत ने शनिवार को अंतरिक्ष में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। सूर्य का अध्ययन करने के लिए भेजा। देश का पहला अंतरिक्ष आधारित मिशन आदित्य एल। यान पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर अपने अंतिम गंतव्य पर पहुंच गया। आदित्य एल 1 का प्रक्षेपण पिछले साल दो सितंबर को किया गया था।

इस सफल मिशन की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह सबसे जटिल और पेचीदा अंतरिक्ष मिशनों में से एक को साकार करने में वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। मोदी ने कहा कि वह इस असाधारण उपलब्धि की सराहना करने में देश के साथ शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा, 'भारत ने एक और मील का पत्थर हासिल किया। भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल1 अपने गंतव्य तक पहुंची। यह सबसे जटिल और पेचीदा अंतरिक्ष अभियानों को साकार करने में हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है।' उन्होंने कहा, 'मैं इस असाधारण उपलब्धि की सराहना करने में राष्ट्र के साथ शामिल हूं। हम मानवता के लाभ के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल1 को उसकी गंतव्य कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई दी और कहा कि इस मिशन से पूरी मानवता को लाभ होगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'इसरो ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है! भारत के पहले सौर मिशन, आदित्य एल1 के हिस्से के रूप में वेधशाला को अंतिम कक्षा में स्थापित किया गया है और लैग्रेंज प्वाइंट 1 पर अपने गंतव्य पर पहुंच गया है।' उन्होंने कहा, 'इस महान उपलब्धि के लिए पूरे भारतीय वैज्ञानिक समुदाय को बधाई! यह मिशन सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के बारे में हमारे ज्ञान को बढ़ाएगा और पूरी मानवता को लाभान्वित करेगा।' (शेष पेज 9)

एक देश, एक चुनाव पैनल ने लोगों से मांगी राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर विचार कर रहा विधि आयोग एक ही वर्ष में दो चरणों में त्रि-स्तरीय चुनाव कराने की संभावना पर विचार कर सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव हो सकते हैं और दूसरे चरण में स्थानीय निकाय चुनाव आयोजित किए जा सकते हैं। बहरहाल किसी अंतिम फैसले पर पहुंचने से पहले उसने इस मुद्दे पर लोगों की राय मांगी है। सूत्रों ने कहा कि कानून पैनल एक साथ चुनाव के मुद्दे परविचार कर सकते हैं। सूत्रों ने कहा, यह देश की (शेष पेज 9)

प्रधानमंत्री ने बदल दी देश की तस्वीर और तकदीर: योगी

● गोरखपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, लाभार्थियों से किया संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/गोरखपुर

गोरखपुर में एक बच्चे का अन्नप्राशन कराते उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा हैअ देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। भारत में आज वैश्विक स्तर की अवसंरचना, राजमार्ग, रेलवे, हवाई अड्डों का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को गोरखपुर के संझाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 6.47 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। एक सरकारी बयान के मुताबिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार नहीं थी तो लोंगो को शौचालय, आवास, राशन, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली के लिए भटकना पड़ता था, लेकिन 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने पर उन्होंने देश के 140 करोड़ लोगों को परिवार की तरह समझकर प्रतिबद्धता व ईमानदारी के साथ उनकी भलाई के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि देश की (शेष पेज 9)

बाजी पलटने वाली साबित होगी मोदी की त्रिशूर यात्रा

कुमार चेलप्पन। कोच्चि



पीसी जॉर्ज।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 3 जनवरी की त्रिशूर यात्रा केरल की राजनीति में गेम चेंजर साबित हो सकती है। केरल में एक भी सीट न जीतने वाली भाजपा 2024 के चुनाव में अपनी पहली जीत दर्ज कर सकती है। सात बार के विधायक और केरल कांग्रेस (कैथोलिक समुदाय के साथ-साथ चर्च के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी) के अनुभवी नेता पीसी जॉर्ज अगले कुछ दिनों में भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हैं। कल रात एक टीवी पैनल चर्चा में जॉर्ज ने खुद इस कदम के बारे में खुलासा किया कि वह हिंदुत्व पार्टी में शामिल होने से नहीं हिचकिचाएंगे।

जोस के मणि को अध्यक्ष पद पर नियुक्त करने के पार्टी नेतृत्व के फैसले के खिलाफ केरल कांग्रेस छोड़ने वाले जॉर्ज ने कहा, 'आज की तारीख में भाजपा देश की प्रगति में रुचि रखने वाला एकमात्र राजनीतिक संगठन है और मैं इसमें शामिल होने के विचार के खिलाफ नहीं हूं।'

जॉर्ज 2021 का विधानसभा चुनाव हार गए (उनकी अब तक की पहली हार) थे क्योंकि इस्लामी चरमपंथियों ने केरल में बढ़ रही कुख्यात लव जिहाद की घटनाओं के खिलाफ उनके रुख के लिए समुदाय के सदस्यों को उन्हें वोट न देने का फरमान जारी किया था। दिलचस्प बात यह है कि मलंकारा ऑर्थोडॉक्स सीरियन चर्च के पुजारी फादर शिजू कुरियन पिछले हफ्ते भाजपा में शामिल हुए थे। चर्च के इतिहास में यह पहली बार है कि कोई पादरी भाजपा में शामिल हो रहा है। पायनियर से बात करते हुए जॉर्ज ने कहा कि इजरायल के खिलाफ युद्ध में हमास का समर्थन करने वाली सीपीआई (एम) और कांग्रेस का रुख बेहद घृणित और खतरनाक है।

जॉर्ज ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गाजा में बलात्कार, हत्या और तबाही मचाने वाले हमास आतंकवादियों की निंदा करने वाले एकमात्र विश्व नेता हैं। उन्होंने 2000 से अधिक निर्दोष यहूदियों का नरसंहार किया (शेष पेज 9)

टीएमसी नेता गिरफ्तार समर्थकों ने किया ईडी टीम पर हमला

एजेंसी। कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में कथित राशन घोटाले के सिलसिले में बनगांव नगर निकाय के पूर्व अध्यक्ष शंकर आद्या को शनिवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, उत्तर 24-परगना जिले के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शंकर को एजेंसी ने उनके और उनके (शेष पेज 9)

ऐलोपैथी की सिंथेटिक केमिकल बेस्ड दवाओं के साथ पतंजलि ने तुलनात्मक साइंटिफिक रिसर्च कर के ये प्रूव किया है कि पतंजलि की दिव्य आयुर्वेदिक औषधियां अधिक प्रभावशाली हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात है कि पतंजलि की औषधियां, बी. पी., शुगर, थायरॉइड, अस्थमा, आर्थराइटिस, कोलेस्ट्रॉल व फीवर आदि डिजीज को कन्ट्रोल करने के साथ-साथ इन सभी रोगों के कारणों का निवारण भी करती हैं। रोग को ट्रीट करने के साथ पतंजलि की प्रत्येक दिव्य आयुर्वेदिक औषधि इम्यूनिटी बूस्टर, एंटी इंफ्लेमेटरी व एंटी एजिंग भी होती हैं। लीवर व किडनी फंक्शन तथा पाचन को ठीक करने के साथ-साथ बैक्टिरिया, वायरस व फंगस के खिलाफ लड़ने के लिए शरीर को ऊर्जा प्रदान करती हैं। अतः पतंजलि आयुर्वेद की रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड औषधियां अपनाइए रोगों को जड़ से मिटाकर इंटीग्रेटेड हेल्थ पाइए। हेल्थ के बारे में यह सच सभी देशवासियों को पहुंचाकर उपचार के नाम पर हो रहे अत्याचार से देश को बचाकर पुण्य के भागी बनिए। पतंजलि के रिसर्च पेपर सर्च करने के लिए वेबसाइट विज़िट करें https://patanjali.res.in/research-paper.php

हाई बी. पी. को प्राकृतिक रूप से निर्मूल करने के लिए। स्ट्रेस, तनाव, रक्त संचरण एवं पित्त के लिए अचूक औषधि
मुक्ता वटी व बीपीग्रिट

पेनक्रियाज के सेल्स को रीजुविनेट कर के डायबिटीज के पेशेन्ट्स को नॉन-डायबेटिक बनाने के लिए
मधुनाशिनी वटी व मधुग्रिट

श्वसन तन्त्र को मजबूत बनाकर रेस्पिरेटरी सिस्टम के समस्त रोगों की निवृत्ति व कफ़, कोल्ड, अस्थमा के लिए
श्वासारि गोल्ड, श्वासारि वटी, श्वासारि अवलेह, श्वासारि प्रवाही एवं ब्रोंकोम

डैमेज़्ड कार्टिलेज को रिपेयर व सभी पेन मार्कर्स को रेगुलेट कर के आर्थराइटिस और समस्त वात रोगों से मुक्ति दिलाने के लिए
ऑर्थोग्रिट एवं पीड़ानिल

रीनल डिसऑर्डर, क्रॉनिक किडनी डिज़िज को रिवर्स कर के किडनी को पूर्णतः स्वस्थ बनाने के लिए
रीनोग्रिट व ट्रायघन वटी

अनिद्रा, तनाव, डिप्रेशन, माइग्रेन से मुक्ति और स्मरण शक्ति में वृद्धि के लिए
मेमोरीग्रिट, मेधावटी व न्यूरोग्रिट गोल्ड

ज्वर व इम्यूनिटी के लिए अत्यन्त प्रभावशाली है
गिलोय घनवटी व फीवोग्रिट

फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस व पाचन तन्त्र के समस्त रोगों के लिए सर्वश्रेष्ठ
लिवोग्रिट व लिवामृत

एलोपैथी दवाई के सेवन से ब्लड प्रोफाइल अनियंत्रित हो जाती है। प्राकृतिक रूप से कोलेस्ट्रॉल घटाये लिपिडोम

थायरॉइड के लिए
थायरोग्रिट

एक महीने में 10-15 किलो तक वेट कम करने के लिए गोधन अर्क के साथ मेदोहर वटी तथा लौकी के जूस के साथ वेट गो लें व योग और इंटरमिटेंट फ़ास्टिंग करें।

विश्व का श्रेष्ठतम् व शुद्धतम् पतंजलि हनी व च्यवनप्राश। सर्दियों का यह सुपरफूड खायें, इम्यूनिटी बढ़ायें, रोगों से स्वयं को बचायें।

PATANJALI wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy

समस्त असाध्य रोगों से स्थायी मुक्ति पाने के लिए एक बार 7 दिन पतंजलि वेलनेस में रेजिडेंशियल योग, आयुर्वेद एवं पंचकर्म आदि की चिकित्सा के लिए अवश्य आयें।
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 8954666111, 8954666222, 8954666333

पतंजलि गुरूकुलम् में एडमिशन हेतु सम्पर्क करें:
8954555999

हमारी सभी औषधियाँ पतंजलि स्टोर्स, प्रमुख मेडिकल, आयुर्वेदिक और बड़े स्टोर्स पर उपलब्ध हैं। यदि किसी स्टोर पर उपलब्ध न हो, तो दुकानदार से इसकी डिमाण्ड कीजिए। वो हमारे डिस्ट्रीब्यूटर से लेकर आपको अवश्य उपलब्ध कराएंगे।

ऊपर वर्णित दवा का उपयोग मात्र सुझाव है। उपर्युक्त रोगों के प्रबंधन हेतु उपचार में इनका मुख्यतः प्रयोग किया जाता है। स्वविवेक से दवाएं न लें। दवाओं का प्रयोग हमेशा चिकित्सकीय निरीक्षण में करें।

नोएडा फिल्म सिटी के लिए चार कंपनियों ने लगाई बोली

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कार्यालय में खोला गया टेंडर, जल्द होगा कंपनी का चयन

● जेवर एयरपोर्ट के पास सेक्टर-21 में एक हजार एकड़ जमीन पर बनने वाली यह भारत की सबसे बड़ी फिल्म सिटी होगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा शहर के निकट स्थापित होने वाली फिल्म सिटी का टेंडर खुल गया है। जेवर एयरपोर्ट के पास बनने वाली यह भारत की सबसे बड़ी फिल्म सिटी होगी।

शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा शहर में स्थित यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा के कार्यालय में फिल्म सिटी का टेंडर खोला गया। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार जेवर एयरपोर्ट के पास यीडा के सेक्टर-21 में फिल्म सिटी बना रही है। एक हजार एकड़ जमीन पर बनने वाली यह भारत की सबसे बड़ी फिल्म सिटी होगी। जेवर एयरपोर्ट के पास स्थापित होने वाली फिल्म सिटी का विकास करने वाली कंपनी की तलाश में टेंडर निकाला गया था। शुक्रवार को 2:30 बजे तक टेंडर भरा जा सकता था। शुक्रवार को ही तीन बजे टेंडर की टेक्निकल बिड को खोला गया। टेंडर खोलने पर पता चला कि चार प्रसिद्ध कंपनियों ने फिल्म सिटी बनाने के लिए टेंडर भरे हैं।

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के नंदकिशोर ने बताया कि फिल्म सिटी बनाने के लिए चार बड़ी कंपनियों का प्रस्ताव टेंडर आया है। इसमें सुपर सोनिक कंपनी फिल्म स्टार बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्टस फिल्मों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध कंपनी टी.सीरीज तथा प्रसिद्ध फिल्म निर्माता केसी बोकाडिया की कंपनी शामिल हैं। चारों कंपनियों के टेंडर की अब तकनीकी जांच पड़ताल करके जल्दी ही वित्तीय बिड खोली जाएगी।

वित्तीय बिड खुलते ही यह तय हो जाएगा कि जेवर एयरपोर्ट के साथ स्थपित होने वाली सबसे बड़ी फिल्म सिटी के निर्माण का ठेका किस बड़ी कंपनी को मिलेगा। जानकार सूत्रों का दावा है कि फिल्म सिटी के निर्माण का ठेका प्राप्त करने में टी.सीरीज कंपनी सबसे अधिक रूचि दिखा रही है। संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही फिल्म सिटी का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा द्वारा विकसित किए जा रहे यमुना सिटी शहर के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का निर्माण होगा।

यीडा का सेक्टर-21 ग्रेटर नोएडा शहर के पास स्थित है। सेक्टर 21 नवनिर्मित जेवर एयरपोर्ट की बिल्कुल बगल में स्थित है। यीडा के सीईओ डा अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी का निर्माण कार्य मार्च 2024 से पहले ही शुरू हो जाएगा।

निर्माण शुरू होने के तीन साल के अंदर फिल्म सिटी पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगी। यीडा के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने यह भी बताया कि फिल्म सिटी का निर्माण समय से पूरा हो जाए, इसके लिए निर्माणकर्ता कंपनी पर जुर्माना लगाने का प्रावधान भी किया गया है। जो कंपनी फिल्म सिटी का निर्माण करेगी उसे तीन वर्ष का समय दिया जाएगा। तीन वर्ष में काम पूरा ना करने पर कंपनी पर प्रतिदिन 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

सर्दी के कारण कक्षा आठ तक के सभी स्कूल 14 जनवरी तक बंद

● नौवीं से 12 कक्षा का समय सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक रहेगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर प्रशासन ने घने कोहरे व कड़ाके की ठंड के मद्देनजर शनिवार को नोएडा और ग्रेटर नोएडा के सभी विद्यालयों की कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों के लिए 14 जनवरी तक अवकाश घोषित किया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार द्वारा जारी यह आदेश राज्य बोर्ड, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), भारतीय स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षा (आईसीएसई) और अन्य द्वारा मान्यता प्राप्त सभी स्कूलों पर लागू है। आदेश के मुताबिक, घने कोहरे और अत्यधिक ठंड के मद्देनजर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुपालन में गौतमबुद्ध नगर जिले में संचालित सभी बोर्ड (सीबीएसईआईसीएसई आईबी, यूपी बोर्ड एवं अन्य) से संबंधित विद्यालयों (कक्षा नर्सरी से 8 तक) में 14 जनवरी तक अवकाश रहेगा। पंवार ने कहा, आदेश का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

इस बीच, जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) धर्मवीर सिंह ने बताया कि इस अवधि के दौरान नौवीं से 12 कक्षा का समय सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक रहेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई है। गौतम बौद्ध नगर में शनिवार को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और अगले छह दिनों में इसके नौ से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग ने चेताया है कि आगे भी शीत लहर जारी रहेगी।

सांस बंद होने तक ग्रामीण को चाकू मारते रहे हत्यारे, पुलिस ने 7 लोगों को किया गिरफ्तार

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

● मामूली कहासुनी के बाद बढ़ा था विवाद

ग्रेटर नोएडा में एक सनसनीखेज वारदात हो गई। यहां पर एक युवक पर हत्यारें तब तक चाकू से वार पर वार करते रहे, जब तक ग्रामीण की सांसें बंद नहीं हो गई।

हत्याकांड को अंजाम देने के बाद हत्यारें फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सात लोगों को हिरासत में लिया है। ग्रेटर नोएडा में स्थित युवक के गांव में पूरी तरह से मातम पसरा हुआ है। मामला ग्रेटर नोएडा के थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के कोंडली गांव का है। मृतक ग्रामीण के दोस्तों पर ही हत्या का आरोप लगा है। पुलिस ने कुछ ही घंटों में सात लोगों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए लोगों से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि मृतक पर पंद्रह बार से अधिक बार चाकुओं से प्रहार किया गया। नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में तैनात ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार के अनुसार, शुक्रवार की देर शाम कोंडली गांव में 40 वर्षीय विक्रम सिंह चौहान अपने परिवार के साथ रहता था। वह शुक्रवार की शाम को अपने खेत पर गया था, जहां पर विक्रम सिंह ने कुछ लोगों के साथ मिलकर पहले पार्टी की।

बताया जाता है कि किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद और इसके बाद उन्हीं लोगों ने विक्रम को मौत के घाट उतार दिया। विक्रम के छोटे भाई रविंद्र ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। रविन्द्र ने 11 लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तत्काल केस दर्ज कर लिया और 7 लोगों को हिरासत में भी ले लिया है। ग्रामीण की हत्या के बाद गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

गूगल रिव्यू के नाम पर लाखों की ठगी

नोएडा। गूगल रिव्यू देने पर बेहतर रिटर्न का लालच देकर साइबर ठग ने एक व्यक्ति से 8 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित ने थाना सेक्टर-113 में अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-75 स्थित गार्डेनिया गेटवे सोसायटी निवासी अश्वनी कुमार ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते दिनों उसके व्हाट्सएप पर एक व्यक्ति ने मैसेज कर घर बैठे गूगल रिव्यू देने के नाम पर बेहतर कमाई का आश्वासन दिया। इसके बाद उसे उक्त व्यक्ति ने उसे अपने टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ लिया। गूगल रिव्यू तथा मर्चेंट टास्क देने के नाम पर साइबर ठग ने उससे धीरे.धीरे करके आठ लाख रुपए विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर लिए।

गाजियाबाद में एमआरआई तकनीक से बिजली की रीडिंग शुरू

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● मुख्य अभियंता बोले. 5 से 9 किलोवाट के उपभोक्ता का बिल बनेगा, 1.50 लाख को मिलेगा फायदा

गाजियाबाद में विद्युत विभाग ने 5 किलोवाट से लेकर 9 किलोवाट तक के आवासीय मीटरों का एमआरआई मीटर रीडिंग इंस्टूमेंट शुरू कर दिया है एमआरआई एक टेक्नोलॉजी है जिसके माध्यम से विद्युत विभाग मीटर की 6 महीने की रीडिंग को एनालाइज करेंगे और उसके आधार पर बिल जेनरेट करेंगे।

कई बार देखा जाता है कि मीटर चलते चलते अचानक जम्प कर जाता है। जिससे बिल काफी बढ़कर आ जाता है और लोग उस बिल को सही करने के लिए विद्युत विभाग के दफ्तर के चक्कर काटना शुरू कर देते हैं। ऊर्जा निगम गाजियाबाद के मुख्य अभियंता जोन एक नीरज स्वरूप ने बताया कि कई बार उपभोक्ता घर पर नहीं होते तो मीटर रीडर घर खुला न होने की स्थिति में बाहर से ही अपने मन की रीडिंग भर के चला जाता है। जिससे लोगों को खास दिक्कतें होती हैं। इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत विभाग ने एमआरआई टेक्नोलॉजी के तहत बिल निकालने की प्रक्रिया 5 किलोवाट से 9 किलोवाट के उपभोक्ताओं के लिए भी शुरू कर दी है। ऊर्जा निगम अधिकारियों की ओर से एमआरआई ;मीटर रीडिंग इंस्टूमेंटद्ध से बिजली बिल बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। जनवरी माह में 5 से 9 किलोवाट के उपभोक्ता के बिजली बिल बनेंगे। इससे बिजली बिलों में मीटर रीडर खेल नहीं कर सकेंगे।

गलत रीडिंग भरने के मामलों में भी गिरावट आयेगी। इस पहल से 1.50 लाख उपभोक्ता को फायदा होगा। नीरज स्वरूप ने बताया कि मैन्युअल बिल बनने से गलत बिजली बिल बनने की संभावना रहती है। इस कारण हर माह कई उपभोक्ताओं को गलत बिजली बिल मिलते हैं। इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों के पास पहुंचती है। बिलों को ठीक कराने के लिये उपभोक्ता को विभाग के चक्कर काटने पड़ते हैं।

इस समस्या से निपटने के लिये जनवरी 2024 से एमआरआई से बिजली बिल बनाये जाएंगे। इसमें पांच से नौ किलोवाट के उपभोक्ताओं को शामिल किया गया है। कुछ समय बाद 2 किलोवाट से 4 किलो वाट की उपभोक्ताओं को भी इस प्रक्रिया के तहत बिल मिलने शुरू हो जाएंगे।

संक्षिप्त समाचार

41वी वाहिनी पीएसी गाजियाबाद के हॉफ ब्रास बैंड टीम ले अपनी मधुर धुनों से लोगों में देशभक्ति की भावना की अलख जागृत की गई।

समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं समस्याएं

गाजियाबाद। नया साल के पहले शनिवार को मोदीनगर, गाजियाबाद व लोनी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम आरके सिंह ने मोदीनगर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिवस में आई शिकायतों का समय रहते निस्तारण किया जाए। कोई भी शिकायत लंबित न रहने पाएं। लंबित शिकायत रहने पर अधिकारी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। इस दौरान जमीन, नलकूप संयोजन, जमीन कब्जाने, आवारा पशुओं से निजात दिलाने सम्बंधी समस्याएं डीएम के समक्ष आई। साथ ही किसानों ने गन्ना भुगतान की भी मांग उठाई। इस दौरान एसडीएम मोदीनगर संतोष कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे। वहीं तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह व एसडीएम विनय कुमार सिंह ने शिकायतें सुनी।

डॉक्टर का पर्स चोरी, एटीएम से निकाली नगदी

नोएडा। सेक्टर-128 स्थित जेपी अस्पताल की असिस्टेंट डॉक्टर का पर्स अस्पताल से चोरी हो गया। चोर ने पर्स में रखे एटीएम कार्ड से 30 हजार रूपए निकाल लिए। पीड़िता ने थाना सेक्टर-126 में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। ग्रेटर नोएडा के ओमिक्रोन-2 सेक्टर में रहने वाली नीति बत्रा ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह जेपी अस्पताल में असिस्टेंट डॉक्टर के पद पर कार्यरत है। 4 जनवरी को वह अस्पताल गई थी इस दौरान उसने अपना हैंड बैग टेबल की दराज में रख दिया। इस दौरान वह पेशेंट के फॉर्म जमा करने के लिए ग्राउंड फ्लोर पर स्थित टीपीए डेस्क पर गई थी कुछ देर बाद जब वह वापस लौटी तो उसे पर्स खुला हुआ मिला। पर्स में से उसका छोटा पर्स गायब था। पर्स में यस बैंक का एटीएम आधार कार्ड तथा अन्य कागजात रखे हुए थे उसने आसपास अपने पर्स की तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर एटीएम कार्ड से 30 हजार रूपए निकलने का मैसेज आया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

अलग-अलग स्थानों पर दो बच्चों का अपहरण

नोएडा। अलग-अलग स्थानों से एक किशोर व किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजनों ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम बडोली में किराये के मकान में रहने वाले विजय सिंह ने थाना नॉलेज पार्क में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका 15 वर्षीय बेटा 3 जनवरी को घर से बिना बताए चला गया। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा परिजनों ने उसके काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके अलावा नोएडा के थाना सेक्टर 63 में बहलोलपुर गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी 17 वर्षीय बेटी के संदेह परिस्थितियों में लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस तलाश कर रही है।

एलीवेटेड रोड पर पार्टी करने वाले धरे गए

गाजियाबाद। एलीवेटिड रोड पर पार्टी करने वाले रंगबाजों को इंदिरापुरम थाने के एसएचओ जितेंद्र सिंह दिखित की टीम ने दबोचकर जेल भेज दिया। पुलिस ने पार्टी मनानने वाले जिन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है उनके नाम सौरभ राजपूत, संदीप मावीय व वेदपाल निवासीगण कनावनी इंदिरापुरम हैं। उनके पास से वह कार भी बरामद हो गई जो सोशल मीडिया में वायरल हुई वीडियों में दिखाई दे रही थी।

लाखों के माल के साथ दबोचा शातिर बदमाश

गाजियाबाद। एसओ मधुबन बापूधाम अंकित तरार की टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना मिलने के बाद दिल्ली एनसीआर में मोबाइल झपटने व वाहन चुराने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

पकड़े गये बदमाश के पास से चोरी की बाइक, नौ मोबाइल व कैश बरामद हुआ। यह जानकारी देते हुए एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने जिस बदमाश को जेल भेजा है उसका नाम राकेश उर्फ मामा निवासी फफराना बस्ती मोदीनगर है। यह बदमाश दर्जनों वारदातों को अंजाम दे चुका है।

पुलिसकर्मी ने बचाई नाबालिग की जान

● फ्लाईओवर से कूदने का कर रही थी प्रयास

● डीसीपी ने पुलिसकर्मी को सम्मानित किया

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में 14 वर्षीय लड़की ने फ्लाईओवर से कूद कर जान देने का प्रयास किया। बहादुर पुलिसकर्मी ने एन वक्त पर पहुंचकर लड़की का हाथ पकड़ लिया। फिसलने की वजह से लड़की मामूली रूप से चोटिल हो गई, हालांकि जान बच गई।

डीसीपी ने बहादुर पुलिसकर्मी को सम्मानित किया। डीसपी केजी सिंह ने बताया, थाना कविनगर पर तैनात हेड कांस्टेबल फारुख अहमद 5 जनवरी की शाम ड्यूटी के बाद अपने आवास पर जा रहा था। फारुख ने देखा कि डायमंड फ्लाइओवर के ऊपर 14 वर्षीय लड़की दौड़ रही है और उसके पीछे एक मासूम बच्चा रोते हुए भाग रहा है।

शक होने पर फारुख ने फ्लाइओवर पर अपनी बाइक रोकी और लड़की की तरफदौड़ लगानी शुरू कर दी। फारुख जैसे ही एकदम पास पहुंचे, लड़की ने फ्लाईओवर से छलांग लगा दी। हेड कांस्टेबल फारुख ने साहस का परिचय देते हुए लड़की का हाथ पकड़ लिया और उसकी जान बचा ली।

हालांकि लड़की मामूली रूप से घायल हो गई। उसको मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद लड़की के परिजनों को अस्पताल पर बुला लिया गया। पता चला कि वो परिजनों से लड़ाई के बाद खुदकुशी करने के लिए फ्लाईओवर पर आई थी। शनिवार को डीसीपी सिटी केजी सिंह ने अपने कार्यालय में हेड कांस्टेबल फारुख अहमद को 10 हजार रुपए की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया।

हेड कांस्टेबल फारुख को दस हजार का चेक देकर सम्मानित करते डीसीपी।

ईरानी महिला की चाकू घोपकर हत्या

● पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर 116 में शुक्रवार की रात हुए आपसी विवाद में एक व्यक्ति ने अपनी रिश्तेदार महिला की चाकू घोपकर हत्या कर दी।

मृतका और आरोपी मूल रूप से ईरान के रहने वाली हैं और नोएडा में किराये पर रह रहे हैं। इस मामले में नोएडा के थाना सेक्टर 113 पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी सर्वेश कुमार ने बताया कि मूल रूप से ईरान निवासी जीनत तथा उसके रिश्तेदार इमरान हाशमी नोएडा के सेक्टर 116 में एक ही मकान में किराये पर रह रहे हैं। शुक्रवार की रात इमरान हाशमी का किसी बात को लेकर जीनत व उसके परिजनों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि इमरान हाशमी तथा उसके परिजनों ने जीनत तथा उसके परिजनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान इमरान ने चाकू से जीनत पर कई वार किये जिससे वह लहू लुहान होकर गिर गई। परिजन गंभीर स्थिति में जीनत को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। वहीं एक अन्य मामले में गढ़ी चौखंडी गांव में कार सवार युवकों ने साइड न मिलने पर गैस एजेंसी के डिलीवरी ब्वॉय के साथ गाली गलौज कर मारपीट की।

नोएडा के ग्राम गढ़ी चौखंडी निवासी ब्रह्मपाल शर्मा सेक्टर-55 स्थित मिश्रा गैस एजेंसी की गाड़ी से गैस सिलेंडर लेकर गढ़ी चौखंडी गांव में गोदाम पर जा रहे थे। उनका टेंपो कृष्णा इंटर कॉलेज के पास पहुंचा तो सामने से आ रही स्विफ्ट कार के चालकों ने निकलने का प्रयास किया। रास्ता सकरा होने के कारण कार सवारों को कार पीछे करने के लिए कहा और विवाद बढ़ गया।

शारदा विवि में सटरिंग गिरी एक की मौत, कई घायल

नोएडा। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में स्थित शारदा विश्वविद्यालय अस्पताल में निर्माणाधीन एक भवन की सटरिंग आज गिर गई। घटना में सटरिंग के नीचे आधा दर्जन मजदूर दब गए।

एक मजदूर की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि एक की हालत नाजुक बनी हुई है। थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित शारदा विश्वविद्यालय और अस्पताल में एक भवन का निर्माण चल रहा है। आज सुबह को उक्त निर्माणाधीन भवन की सेटरिंग अचानक गिर गई। इस घटना में वहां पर काम कर रहे कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि उन्हें वहां से निकालकर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

नगर आयुक्त करेंगे व्यापारियों के साथ बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

1702 दुकानों के किराए को लेकर विवाद में अब नया मोड़ आ गया। व्यापारियों और अपर नगर आयुक्त अरूण यादव के बीच बैठक हुई है। अपर नगर आयुक्त के साथ कई व्यापारियों के बीच बैठक हुई।

तय किया गया कि इसको लेकर व्यापारियों और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक के बीच बैठक हो सकती है। हालांकि इससे पहले भी नगर आयुक्त को पूर्व में किराए के बढ़ान को लेकर बैठक हुई थी। दो दिन पहले ही व्यापारियों की ओर से नगर निगम पर प्रदर्शन किया गया था। अपर नगर आयुक्त ने ज्ञापन लेने के बाद आवश्वत किया था कि जल्दी ही इसको लेकर कदम उठाया जाएगा। हालांकि इस दौरान नगर आयुक्त कहीं बाहर जा रहे थे। 1702 दुकानों के किराए को लेकर विवाद में अब नया मोड़ आ गया। व्यापारियों और अपर नगर आयुक्त अरूण यादव के बीच बैठक हुई है। अपर नगर आयुक्त के साथ कई व्यापारियों की बैठक हुई।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि **श्री अशोक कंसल** ने मोहल्ला नई बस्ती पुराना वार्ड नं. 15 गढ़मुक्तेश्वर, परगना एवं तहसील गढ़मुक्तेश्वर और जिला हापुड़ उत्तर प्रदेश में स्थित एक फ्रीहोल्ड आवासीय हाउस नगर पालिका नंबर 162, एरिया परिमाप 95.67 वर्ग गज यानी 80 वर्ग मीटर यानी 861.11 वर्ग फुट, पंजीकृत विक्री विलेख दिनांक 30.07.2013 पुस्तक सं. 01, खंड सं. 2369, दस्तावेज सं. 6820 के माध्यम से मालिक हैं **श्री सुन्दरलाल शर्मा पुत्र श्री रामचरण शर्मा** के द्वारा **श्री अशोक कंसल पुत्र श्री देवेन्द्र कंसल के पक्ष में निष्पादित है।** सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि **श्री अशोक कंसल** उक्त संपत्ति को **के.आई.एफ.एस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के पास गिरवी रख रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/स्वामित्व है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें। **दीपांशु शर्मा, अधिवक्ता**
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ18, लोटस प्लाजा वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद यूपी.
ईमेल:sgassociatespl@gmail.com,फोन:7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE

My client Smt. Meenu Gupta W/o Pawan Kumar is the owner of property bearing no. 706, area measuring 95 sq. yds. out of khasra no. 2383/1849/69 and 8760/2383/1849/69/1 situated in the area of Village Karkardooma in the Abadi/ Locality of Block no. 31, Vishwas Nagar, Shahdara Delhi-110032 vide registered sale deed executed by Sh. Pawan Kumar Gupta S/o Sh. O.P Gupta in favour of Smt. Meenu Gupta W/o Pawan Kumar as Doc. no. 1415 dated 22.05.1989, SR Delhi. This above-mentioned property is under mortgage with PNB Bank, Krishna Nagar, Branch. Original Previous Chain Document of this property i.e. GPA executed by Sh. Narender Kumar Jain S/o Sh. Pal Jain in favour of Sh. Pawan Kumar Gupta S/o Sh. O.P Gupta and earlier chain documents have been lost and in this regard NCR no. LR no:1316289/2024 dated 06.01.2024 has been registered. If any person/bank/financial institution having any claim/right, lien, any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/d within 10 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the public at large, on behalf of our client, **Mrs. Sita Devi alias Sita Devi Shukla W/o-Mr. Vinod Kumar Shukla** R/o 3 G-141, NH-3, N.I.T, Faridabad, Tehsil Badkhal, Distt. Faridabad. **(Mortgagor")**, that the Scheduled Property purchase from Tehsildar Faridabad, He/she was the owner vide Sale Certificate dated 13.12.2019 Documents No. 7194, Book No. 1, SRO-Badkhal.

Same property **Mrs. Sita Devi alias Sita Devi Shukla (Mortgagor)** mortgage the schedule property with Cholamandalam Investment & Finance Company Ltd. Karol Bagh Branch, New Delhi. If any person race any objection for mortgaging the schedule property please race your Objection with documentary proof within 7 days of Publication below address:-

Schedule of Property

Freehold Property No. 3G-181, area measuring 141.66 sq. yds., Situated at NH-3, N. I. T. Faridabad, Tehsil Badkhal, Distt. Faridabad, Haryana. hereinafter referred to as "**said property**".

Sachin Maheshwari & Associates (SMA)
Sachin Maheshwari Advocate
District Court Saket & High Court, New Delhi.
011-69653588, Mob.-9911380328

स्वच्छता सर्वेक्षण: नोएडा को मिला वाटर प्लस सर्टिफिकेट

● गार्बेज फ्री सिटी में फाइव स्टॉर रैंकिंग,11 जनवरी को जारी होगा अंतिम परिणाम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

स्वच्छता सर्वेक्षण मामले में पहली बार एक पायदान ऊपर चढ़ते हुए नोएडा ने वाटर प्लस सर्टिफिकेट पाया है। इसके अलावा पिछले साल की तरफ इस बार भी गारबेज फ्री सिटी में फाइव स्टार रैंकिंग पाई है।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की फाइनल रैंकिंग 11 जनवरी को घोषित की जाएगी। उसी समय दोनों सर्टिफिकेट भी नोएडा प्राधिकरण को दिए जाएंगे। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की तरफ से शुक्रवार को अपने पोर्टल पर स्वच्छता को लेकर शहरों को दिए सर्टिफिकेट की जानकारी अपलोड कर दी गई। इसके तहत नोएडा ने ऊंची छलांग लगाई है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक वाटर प्लस सर्टिफिकेट पाने के लिए तीन.चार साल से प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन अब जाकर सफलता हाथ लगी है।

यूपी में इन मानक पर नोएडा नंबर.1 की श्रेणी में शामिल हो गया है। अभी तक ओडीएफ प्लस प्लस का सर्टिफिकेट नोएडा के पास था। वाटर प्लस इससे एक ऊपर पायदान की श्रेणी होती है।

शौचालय और सीवेज लाइन का नेटवर्क जोड़ने की वजह से वाटर प्लस नोएडा को मिला है। गार्बेज फ्री सिटी का पुरस्कार लोगों के घरों से कूड़ा लेना, उसको पृथक.पृथक करना और उसका निपटारा करने की वजह से मिला है। दूसरी ओर नोएडा को राज्य स्तरीय पुरस्कार से नवाजा जाएगा। गारबेज फ्री सिटी की फाइव स्टार रैंकिंग पिछले बार भी नोएडा के पास थी। गौरतलब है कि पिछले साल जारी स्वच्छता रैंकिंग में 10 लाख की आबादी में यूपी में पहला और देश में 11 स्थान मिला था।

अब 11 जनवरी को फाइनल रिजल्ट घोषित किया जाएगा। उम्मीद है कि इस बार देश के टॉप 10 शहर में नोएडा को स्थान मिलेगा।

गैस एजेंसी मालिक की प्रताड़ना के चलते गोदाम इंचार्ज ने की आत्महत्या

नोएडा। नोएडा के पृथला गांव स्थित भारत गैस एजेंसी के गोदाम में फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले गोदाम इंचार्ज के परिजनों ने एजेंसी मालिक सहित पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में नोएडा के थाना सेक्टर 113 में मुकदमा दर्ज कराया है।

परिजनों का आरोप है कि गैस एजेंसी मलिक तथा उसके कर्मचारियों की प्रताड़ना से दुखी होकर युवक ने आत्महत्या की थी। बुलंदशहर के नरसेना निवासी सुखबीर सिंह ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उनका बेटा नरेंद्र अपनी पत्नी व बच्चों के साथ पृथला गांव में किराये पर रह रहा था। नरेंद्र भारत गैस एजेंसी के गोदाम पर इंचार्ज था। वह पिछले 7 वर्षों से गोदाम इंचार्ज की नौकरी कर रहा था।

दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर हुई 4.44 लाख

वित्तमंत्री आतिशी ने जारी किया सांख्यिक हैंडबुक-2023, इनकम में 14 फीसदी की बढ़ोतरी

● राष्ट्रीय औसत से 158 फीसदी अधिक, एक साल पहले थी दिल्ली की 3,89,529 रुपये प्रति व्यक्ति आय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की प्रति व्यक्ति आय चालू वित्त वर्ष में लगभग 14 प्रतिशत बढ़कर 4,44,768 रुपये प्रति वर्ष हो गई है जो राष्ट्रीय औसत से 158 प्रतिशत अधिक है।

ज्ञात रहे कि देश में औसत प्रतिव्यक्ति आय 1,72,276 रूपये है। वित्त मंत्री आतिशी ने सांख्यिकी हैंडबुक-2023 जारी करते हुए यह जानकारी दी। दिल्ली सरकार के आर्थिक और सांख्यिकी विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी के सामाजिक-आर्थिक मापदंडों के आंकड़ों वाली

वित्त मंत्री आतिशी

यह पुस्तिका जारी की है। इसके मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 4,44,768 रुपए हो गई जबकि एक साल पहले यह 3,89,529 रुपए थी।

इस तरह इसमें सालाना आधार पर 14 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। लेकिन राष्ट्रीय औसत की तुलना में यह 158 प्रतिशत अधिक है। योजना विभाग की मंत्री आतिशी ने पुस्तिका के विमोचन पर कहा कि विभिन्न बाधाओं के बावजूद केजरीवाल सरकार ने 2023 में सार्वजनिक सेवा क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने राजधानी में सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार किया और बीते वर्ष प्रतिदिन औसतन 41 लाख यात्रियों ने बसों से यात्रा की। आतिशी ने कहा कि दिल्ली देश में इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति की अगुवाई कर रही है।

शहर की सड़कों पर फिलहाल 7,200 बसें चल रही हैं जिनमें 1,300 इलेक्ट्रिक बसें हैं। दिल्ली सरकार ने नए सांख्यिकीय आंकड़ों के हवाले से कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में वित्त वर्ष 2022-23 में दिल्ली में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 2.8 लाख बढ़ गई और एक लाख से अधिक पानी के कनेक्शन जोड़े गए।केजरीवाल सरकार की मुफ्त बिजली योजना के तहत 2022-23 में शून्य राशि के 3.41 करोड़ से अधिक बिजली बिल बने।

साल 2023 में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 2.8 लाख बढ़ी है। साल साल 2023 में दिल्ली में बिजली की खपत 859 मिलियन यूनिट(85.9 करोड़ बढ़ी है। मुफ्त बिजली योजना में 200 यूनिट तक मासिक बिजली उपयोग मुफ्त है। सरकारी बयान के अनुसार, देश में न्यूनतम मजदूरी का सर्वाधिक स्तर दिल्ली में है। वहीं पानी के क्षेत्र में भी इस साल 1 लाख से अधिक नए उपभोक्ता बढ़े हैं। यहां अकुशल श्रमिकों के लिए 17,494 रुपये, अर्द्ध-कुशल श्रमिकों के लिए 19,279 रुपये और कुशल श्रमिकों के लिए 21,215 रुपये की न्यूनतम मजदूरी मिलती है। सरकार इसमें हर छह महीने पर संशोधन करती है। सरकार का दावा है कि दिल्ली में श्रमिकों का न्यूनतम वेतन भी पूरे देश में सबसे अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार केजरीवाल सरकार बुजुर्गों-बेटियों और विशेष आवश्यकताओं वाले लोगों का ख्याल रखने में भी अव्वल रही है। साल 2023 में बुजुर्ग पेंशन लेने वालों की संख्या 4.07 रही। वहीं 1.70 लाख बच्चियों को लाडली योजना का फायदा मिला। सरकार ने 1,13,039 लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान की है। इस साल 11,570 लोगों को मुख्यमंत्री कोविड-19 परिवार आर्थिक सहायता योजना का लाभ मिला है।

'मेरे प्रभु राम' विषय पर लोधी गार्डन में चित्रकाला का होगा आयोजन

देवी-देवताओं की पोशाकों में नजर आएंगे बच्चे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● अभियान का उद्देश्य 1 करोड़ और 11 हजार दीपों को दिल्ली भर में प्रज्वलित करना है : डॉ. शोभा विजेंद्र

श्री राम मंदिर की प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर एनजीओ सम्पूर्णा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने जा रहा है। इस दौरान रविवार को 11:30 बजे लोधी गार्डन में एक बड़े पेंटिंग इवेंट का आयोजन होगा, जिसमें बच्चे और वयस्क 'मेरे प्रभु राम' विषय पर चित्रकला और अन्य कला साधने का मौका पाएंगे।

सम्पूर्णा एनजीओ की संस्थापिका डॉ. शोभा विजेंद्र ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में संबोधित करते हुए बताया कि इस आयोजन में 100 बच्चे विभिन्न देवी-देवताओं के पोशाकों में सजकर भाग लेंगे, जिसमें एकल का समर्थन और अनाथालय और विशेष घरों के बच्चे भी शामिल होंगे। 22 जनवरी को होने वाले श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर, सम्पूर्णा ने एक विशेष अभियान का आयोजन किया है, जिसमें संगठन ने 22 जनवरी को शाम को 6 बजे हर घर में 11 दीपों को प्रज्वलित करने का कार्यक्रम बनाया है।

यह एकता और सामूहिक भक्ति का प्रतीक है, जो आर्थिक स्थिति, जाति, और धर्म की सीमा को पार करता है। इस अभियान का उद्देश्य 1 करोड़ और 11 हजार दीपों को दिल्ली भर में प्रज्वलित करना है। सम्पूर्णा ने 500 भगवान राम-केंद्रित गतिविधियों के साथ एक बड़ा अभियान आयोजित किया है, जिसमें धनी, गरीब, सरकारी और एनजीओ द्वारा चलाए जाने वाले घरों में रहने वाले लोग, और सड़कों पर रहने वाले भी शामिल हैं।

इसके अलावा, संगठन ने पैंटिंग प्रतियोगिताएं, कवि सम्मलेन, ध्वज प्रस्तुति, दीपों का वितरण, रामपथ, राम यात्रा, और वीडियोज़ अपलोड जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया है। संगठन में 1008 स्वयंसेवक हैं, जो 24/7 संवाद के लिए तत्पर हैं और विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में सहायक हैं। सम्पूर्णा द्वारा अन्य संगठनों को भी राम-केंद्रित गतिविधियों के आयोजन में समर्थन प्रदान किया जा रहा है।

डॉ. शोभा विजेंद्र ने इस मौके पर यह उत्साह साझा किया कि ये गतिविधियां न केवल धार्मिक महत्वपूर्ण हैं, बल्कि इनका उद्देश्य एकता, सामूहिक सद्भाव, और राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करना है।

डीएम आज से करेंगे चयनित गांवों में रात्रि प्रवास

● दो दिवसीय दौरे में ग्रामीणों की सलाह से विकास योजनाओं को तैयार करेंगे अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के गांवों की स्थिति का जायजा लेने और ग्रामीणों की सलाह से विकास योजनाओं को तैयार करने के लिए सभी 11 जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी चयनित गांवों में पहुंचने के साथ रात्रि प्रवास भी करेंगे।

दिल्ली में गांवों को व्यापक रूप से विकसित करने के उद्देश्य से उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सभी विभागों से गांवों में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों और सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का जमीनी आकलन करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को एक रात के प्रवास करने के निर्देश जारी किए थे। एलजी ने इस कवायद की घोषणा 2 जनवरी को 180 गांवों के प्रतिनिधियों के साथ राज निवास पर संवाद के बाद की थी। जिसके तहत संबंधित जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अपने जिलों के गांवों में रात भर रुकेंगे। ये अधिकारी गांवों के सर्वांगीण विकास और मुख्य धारा में लाने का व्यावहारिक तरीकों को बताएंगे। उनकी रिपोर्ट के आधार पर, ग्राम विकास योजना में बुनियादी ढांचे के विकास, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और ग्राम उत्पादों के विपणन के लिए संबंध बनाने के लिए उनकी सभी केंद्रित गतिविधियों को शामिल किया जाना चाहिए।

इस कवायद का उद्देश्य 800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे महत्वाकांक्षी 'दिल्ली ग्रामोदय अभियान' के तहत, ग्रामीणों के परामर्श से दिल्ली के गांवों के लिए बहाली और विकास योजना तैयार करना है। अधिकारियों ने शनिवार को यहां बताया कि राजधानी के 11 जिलों में चयनित गाँव हैं बापरोला, तातेसर ग्रामीण, खेड़ा डाबर, फ़तेहपुर बेरी, पुल प्रह्लादपुर, चिल्ला सरोदा बांगर, बाबरपुर, बाकियाबाद, जगतपुर, समालखा और पल्ला।

अपने दौरे के पहले दिन सुबह, डीएम और वरिष्ठ अधिकारी सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले पहले 03 घंटों में उन गांवों के निवासियों के साथ-साथ पड़ोस के लोगों के साथ 'संवाद' करेंगे।

अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक वे विभिन्न संबंधित विभागों, जिनमें डीडीए, राजस्व, डीजेबी और एमसीडी शामिल हैं, के सभी संबंधित अधिकारियों के साथ पिछले 'संवाद' के दौरान पहचाने गए कार्यों के अनुसार निरीक्षण के लिए महत्वपूर्ण स्थलों का दौरा करेंगे। शाम 6 बजे से 7 बजे तक सभी निवासियों के साथ रात के अलाव पर चर्चा का आयोजन किया गया है जहां वे अपनी शिकायतें और प्रतिक्रिया साझा करेंगे। रात में विश्राम के बाद वे चिन्हित गाँव में विकास के लिए अस्थायी रोडमैप साझा करने के लिए सुबह 7 बजे से 11 बजे के बीच गांव के विभिन्न स्थानों पर संवाद का दूसरा दौर फिर से शुरू होगा।

सीएम ने स्वाति मालीवाल का इस्तीफा किया स्वीकार

नई दिल्ली। 0मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) की उम्मीदवार स्वाति मालीवाल का डीसीडब्ल्यू प्रमुख के पद से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और उपराज्यपाल को भेज दिया है।

मालीवाल सोमवार को यहां राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। आप ने शुक्रवार को दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की प्रमुख मालीवाल को राज्यसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया और साथ ही पार्टी ने मौजूदा सांसदों-संजय सिंह तथा नारायण दास गुप्ता को इस बार फिर उम्मीदवार बनाया है। अधिकारियों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने डीसीडब्ल्यू प्रमुख के पद से मालीवाल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उन्होंने इस्तीफे को मंजूरी के लिए उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना को भेज दिया है। राज्यसभा सीट से सांसद संजय सिंह, सुशील0गुप्ता और नारायण दास गुप्ता का मौजूदा कार्यकाल 27 जनवरी को खत्म होगा।

बृजभूषण पर आरोप तय करने का अनुरोध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में दिल्ली पुलिस ने अदालत से कहा

दिल्ली पुलिस ने शनिवार को यहां की एक अदालत से महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आग्रह किया।

पुलिस ने आरोपी की इस दलील का विरोध किया कि चूंकि कुछ कथित घटनाएं विदेशों में हुईं, इसलिए वे दिल्ली की अदालतों के अधिकार क्षेत्र में नहीं आतीं। पुलिस ने इसी के साथ सिंह के खिलाफ आरोप तय करने पर बहस पूरी कर ली। पुलिस ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत के समक्ष तर्क दिया कि सिंह द्वारा कथित तौर पर विदेशों और दिल्ली सहित भारत के अंदर की गई यौन उत्पीड़न की घटनाएं उसी अपराध का हिस्सा हैं। पुलिस ने न्यायाधीश से कहा, इस मामले की सुनवाई का क्षेत्राधिकार दिल्ली की अदालत को है। अदालत अब इस मामले की अगली सुनवाई 20 जनवरी को करेगी।

दिल्ली पुलिस ने छह बार के सांसद सिंह के खिलाफ मामले में 15 जून, 2023 को भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग), 354-ए (यौन उत्पीड़न), धारा 354-डी (पीछा करना) और धारा 506 (आपराधिक धमकी)के तहत आरोप पत्र दायर किया था।

सांसद संजय सिंह ने जमानत के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का किया रुख

आबकारी नीति घोटाला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने जमानत के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। जमानत याचिका सोमवार को न्यायमूर्ति स्वर्ण कांत शर्मा के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। पिछले साल चार अक्टूबर को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए राज्यसभा सदस्य ने धनशोधन मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के 22 दिसंबर के आदेश को चुनौती दी है। निचली अदालत ने कहा था कि उनके खिलाफ मामला वास्तविक है। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। हालांकि बाद में नीति को रद्द कर दिया गया था। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की सिफारिश के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित भ्रष्टाचार को लेकर प्राथमिकी दर्ज की थी।

एनडीएमसी की निवारण सुविधा शिविर का आयोजन

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं को सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए एनडीसीसी कन्वेन्शन सेंटर, जयसिंह रोड, नई दिल्ली में एक सुविधा शिविर का आयोजन किया।

शिविर में अधिकारियों ने शिविर में जनता से 54 शिकायतें प्राप्त की। निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं। इसके अलावा सैकड़ों स्थानीय निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं ने नागरिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सुविधा शिविर का दौरा किया।

आबकारी नीति : शराब कारोबारी समीर महेंद्रू को अंतरिम जमानत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर अदालत ने दी दो सप्ताह की राहत

दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन मामले में शराब कारोबारी समीर महेंद्रू को दो सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी है।

विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने शराब वितरक इंडोस्पिरिट के प्रबंध निदेशक महेंद्रू को उस अर्जी पर राहत दी, जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के कारण जमानत दिए जाने का अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने कहा कि मामले में पहले दी गई अंतरिम जमानत के दौरान, आरोपी ने मामले में किसी भी गवाह को प्रभावित करने या सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं की।

न्यायाधीश ने पांच जनवरी को पारित एक आदेश में कहा, उनके देश से बाहर जाने का कोई खतरा नहीं है और रिकॉर्ड पर ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे यह पता चले कि उन्होंने कभी किसी गवाह को प्रभावित करने या इस मामले के किसी भी सबूत के साथ छेड़छाड़ करने या उसे नष्ट करने की कोशिश की थी।

लॉरेंस-गोल्डी गिरोह से प्रभावित युवक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● पुलिस ने रोहिणी से दो अवैध हथियारों और कारतूस के साथ दबोचा

दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-23 इलाके में 18 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से दो अवैध आग्नेयास्त्र और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार युवक की पहचान उत्तराखंड के प्रदीप सिंह (18) के रूप में की गई है। उसने आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी, वह गैंगस्टर लॉरेंस-गोल्डी बराड़ गिरोह से प्रेरित था और उनके जैसा बनना चाहता था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदीप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लॉरेंस-गोल्डी बराड़ गिरोह के संपर्क में आया और उन्होंने उसे आग्नेयास्त्र उपलब्ध कराए तथा आगे के निर्देशों का इंतजार करने को कहा।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रदीप को रोहिणी के सेक्टर-23 से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से .32 बोर के दो अवैध आग्नेयास्त्र और नौ जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान प्रदीप ने पुलिस को बताया कि वह बेरोजगार है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड से प्रदीप राजस्थान में अपने रिश्तेदार के यहां गया , जहां उसने आठवीं कक्षा तक पढ़ाई की। फिर, 2022 में वह हरियाणा के गुरुग्राम चला गया और अपने दोस्तों के साथ रहने लगा।

पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने कहा, लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ की कहानियां पढ़कर उसने उन्हें सोशल मीडिया पर तलाश करना शुरू कर दिया। वह उनके गिरोह के एक सदस्य - गैंगस्टर वीरेंद्र प्रताप के संपर्क में आया और उससे कहा कि वह उनके गिरोह में शामिल होना चाहता है।

पुलिस अधिकारी ने कहा, हरियाणा के काला राणा ने उसे इंस्टाग्राम के माध्यम से भर्ती किया और फिर सिग्नल ऐप के जरिए उसे भानु राणा से जोड़ा तथा उसे दिल्ली और एनसीआर में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए तैयार किया।

दयानंद सरस्वती के सपने को साकार कर रहे स्वामी रामदेव : राजनाथ सिंह

पतंजलि गुरुकुलम आधारशिला के अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण व सीएम धामी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/हरिद्वार

● रक्षामंत्री ने हरिद्वार के पतंजलि गुरुकुलम के शिलान्यास समारोह में लिया भाग

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि स्वामी रामदेव गुरुकुलम की स्थापना कर स्वामी दयानंद सरस्वती के सपने को साकार कर रहे हैं। यह बात रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने राजनाथ सिंह ने पतंजलि गुरुकुलम की आधारशिला रखने के अवसर पर कही।

इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा, लॉर्ड मैकाले को देश की पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को खत्म करने और लोगों को मानसिक रूप से गुलाम बनाने के लिए भारत भेजा गया था। उन्होंने कहा कि भारतीय मानस पर मैकाले की शिक्षा प्रणाली के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए गुरुकुल का पुनरुद्धार आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि गुरुकुलों में शिक्षा के साथ-साथ समाज में शुचिता व नैतिकता का पाठ भी पढ़ाया जाता था। रक्षामंत्री ने कहा कि स्वामी रामदेव के दिशानिर्देशन में संचालित पतंजलि गुरुकुलम् भारतीय संस्कृति व सनातन की ध्वजवाहक बनेगा। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि हमने गुरुकुल से शिक्षा प्राप्त कर मानव सेवा के लिए अगले 5 वर्षों में 5 से 10 हजार करोड़ रुपये शिक्षा अनुष्ठान में खर्च करने का लक्ष्य रखा है। पंतजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पूज्य स्वामी दर्शनानंद जी ने अल्प संसाधनों से यह संस्था प्रारंभ कर एक स्वप्न देखा था जिसे स्वामी रामदेव साकार कर रहे हैं।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों में उत्साह : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाएं लोगों के द्वार तक पहुंच रही हैं।

50 दिन की इस यात्रा में अब तक 10 करोड़ लोग इन योजनाओं का लाभ उठा चुके हैं। दिल्ली में यात्रा के प्रति लोगों का भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। बिधूड़ी ने वसुंधरा एंकलेव क्षेत्र में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की अगवानी की और लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

केजरीवाल ने बजट बैठक के लिए गुजरात दौरे में की कटौती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल दिल्ली सरकार के 2024-25 के बजट से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेंगे और इसके लिए उन्होंने अपने तीन-दिवसीय गुजरात दौरे में एक दिन की कटौती की है।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल का गुजरात दौरे के दौरान जनसभाओं को संबोधित करने एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलने का कार्यक्रम है। दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में बंद आप नेता चैतर वसावा से भी मिल सकते हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को गुजरात के लिए रवाना होने वाले थे, लेकिन अब वह रविवार को वहां जाएंगे, क्योंकि उन्हें बजट संबंधी एक महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेना है।

दिल्ली सरकार के वार्षिक बजट बनाने की प्रक्रिया चल रही है। केजरीवाल अपना तीन-दिवसीय गुजरात दौरा अब दो दिन में ही समेटेंगे। केजरीवाल के गुजरात दौरे की घोषणा ऐसे समय की गई जब उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किया जा सकता है।

एम्स में सबसे छोटी मरीज की होश में निकाला ब्रेन ट्यूमर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली एम्स ने एक पांच साल की बच्ची की होश में ही ब्रेन सर्जरी कर नया रिकॉर्ड बनाया है। बच्ची को ब्रेन के बाएं हिस्से में ट्यूमर था, जिसे एम्स ने सर्जरी कर सफलतापूर्वक रिमूव कर दिया। इसके साथ ही बच्ची दुनिया की पहली ऐसी शख्स बन गई है, जिसका होश में रखते हुए सफलतापूर्वक सर्जरी हुआ है।

अस्पताल प्रशासन ने बताया कि बच्ची ने इस पूरी प्रक्रिया में काफी सहयोग किया और अंत में ऑपरेशन के बाद भी वह ठीक रही। एम्स ने बताया कि न्यूरो एनेस्थिसिया और न्यूरोरेडियोलॉजी टीम ने ब्रेन के एमआरआई का बढ़िया तरीके से अध्ययन किया और सभी सदस्यों ने

सर्जरी के दौरान टीम वर्क में अच्छा काम किया। अवेक क्रैनियोटॉमी एक न्यूरोसर्जिकल तकनीक और क्रैनियोटॉमी का प्रकार है, जो एक सर्जन को सर्जरी के दौरान मरीज को होश में ही ब्रेन ट्यूमर हटाने की अनुमति देता है। न्यूरोसर्जन मस्तिष्क के विभिन्न हिस्सों का कॉर्टिकल मैपिंग करता है ताकि ट्यूमर को हटाते समय कोई परेशानी न हो।

दिल्ली दंगा मामले में सरकारी वकील ने इस्तीफा वापस लिया

नई दिल्ली। दिल्ली दंगों के सिलसिले में दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है।

प्रसाद शनिवार को इस सांप्रदायिक दंगे के पीछे की कथित बड़ी साजिश से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेई की अदालत में पेश हुए। प्रसाद पिछले साढ़े तीन सालों में इस दंगे से संबंधित मामलों में अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने 15 दिसंबर, 2023 को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना त्यागपत्र भेजा था। हालांकि उन्होंने श्रद्धा वालकर हत्याकांड में विशेष लोक अभियोजक बने रहने का फैसला किया था।

संक्षिप्त समाचार

शिष्योपनयन संस्कार के दौरान अध्यापकगण व छात्र।

छात्रों के लिए शिष्योपनयन संस्कार

नई दिल्ली। चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान में स्नातकोत्तर स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग में सत्र 2023-24 के नव आगंतुक स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के लिए शिष्योपनयन संस्कार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल प्रोफेसर (डॉ.) एम.बी. गौड़ ने सभी छात्र-छात्राओं को शिष्योपनयन संस्कार के महत्व को बताया और निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। स्वस्थवृत्त विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. उन्नीकृष्णन के बताया कि हर साल विभाग में 8 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं का प्रवेश अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (एआईएपीजीईटी) के माध्यम से होता है। इस अवसर पर एकेडेमिक इंचार्ज एवं ओएसडी डॉ. पूजा सभरवाल, एस्टेट ऑफिसर एवं एकेडेमिक इंचार्ज डॉ. जय सिंह यादव, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नीरज जोशी एवं स्वस्थवृत्त विभाग के सभी स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

पुरानी पेंशन के लिए रेलवे कर्मचारी करेंगे भूख हड़ताल

नई दिल्ली। पुरानी पेंशन की मांग को लेकर 8 से 11 जनवरी तक सरकारी रेल कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राजधानी के जंतर-मंतर के साथ-साथ अपने प्रशासनिक कार्यालयों उत्पादन इकाईयों तथा यूनिटों के समक्ष सुबह 9.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल करेंगे। इसमें रक्षा, शिक्षक एवं अन्य संस्थाओ के कर्मचारी भी शामिल है । यह निर्णय पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच की दिनांक 15 दिसम्बर 2023 को आहूत स्टीरिंग कमेटी की और 2 जनवरी को आल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन की स्टैन्डिंग कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया। जेएफआरओपीएस के संयोजक एवं एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्र ने बताया कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली उन सभी केन्द्र एवं प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों एवं रेल कर्मचारियों का प्रमुख मुद्दा है।

अब नमो भारत ट्रेनों और आरआरटीएस स्टेशनों पर होगी फिल्मों की शूटिंग

एनसीआरटीसी ने इस संबंध में तैयार की व्यापक नीति

नमो भारत ट्रेन में शूटिंग के लिए देने होंगे 2 लाख रुपये प्रति घंटा

ट्रेन और स्टेशन पर शूटिंग के लिए तय किया है 3 लाख रुपये प्रति घंटा का रेट

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम की आकर्षक ट्रेन।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

दिल्ली से एनसीआर क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की ओर से शुरू की गई रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) की ट्रेनों में भी अब फिल्मों व डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग की जा सकेगी। इसके लिए एनसीआरटीसी ने पॉलिसी तैयार की है। एनसीआरटीसी ने आरआरटीएस स्टेशनों और नमो भारत ट्रेनों में फिल्म और डॉक्यूमेंट्री शूटिंग के लिए नीति बनाई है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने हाल ही में फिल्म शूटिंग सहित अन्य कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए आरआरटीएस स्टेशन परिसर और प्रतिष्ठित नमो-भारत ट्रेनों को किराए पर देने के लिए एक व्यापक नीति तैयार की है। इस नीति के तहतआरआरटीएस स्टेशन और नमो-भारत ट्रेनें अब फिल्म शूटिंग, डॉक्यूमेंट्री औरटीवी विज्ञापनों आदि के लिए अल्पकालिक अवधि के लिए किराए पर दिया जा सकेगा। नमो भारत ट्रेन के अंदर 2 लाख रुपये प्रति घंटा, दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ सभी आरआरटीएस स्टेशन में भी 2 लाख रुपये प्रति घंटो, नमो भारत ट्रेन और स्टेशन दोनों जगहों पर शूटिंग के लिए 3 लाख रुपये प्रति घंटा के हिसाब से शुल्क लिया जाएगा। ट्रेन डिपो, साइट्स पर शूटिंग के लिए यह राशि 2.50 लाख रुपये होगी।

ओटीटी प्लेटफार्मों और डिजिटल परिदृश्य के प्रसार के साथ, फीचर फिल्मों, डॉक्यूमेंट्री और वेब सीरीज के फिल्मांकन की पृष्ठभूमि के रूप में सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों, विशेष रूप से मेट्रो रेल प्रणालियों के उपयोग में वृद्धि हुई है। आधुनिक शूटिंग स्थानों की तलाश करने वाले फिल्म निर्माताओं के लिए एनसीआरटीसी का यह निर्णय उन्हें बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा है। आरआरटीएस के बुनियादी ढांचे और नमो भारत ट्रेनें विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ-साथ वास्तुकला और मॉडर्न डिजाइन से परिपूर्ण हैं, जो उन्हें दृशयात्मक रूप से मनोरम और बहुमुखी शूटिंग का लक्ष्य रखने वाले फिल्म निर्माताओं के लिए उनकी सिनेमाई कहानियों को बयां करने के लिए उत्तम विकल्प बनाते हैं।

स्टेशनों के बाद नीले और बेज रंग से की सजावट

आरआरटीएस स्टेशनों को बाहर से मोर पंख के जीवंत रंगों से प्रेरणा लेते हुए आकर्षक नीले और बेज रंग से तैयार किया गया है। ये स्टेशन प्राकृतिक रोशनी से भरपूर, अच्छी तरह से प्रकाशित और हवादार हैं। नमो भारत ट्रेनें विश्व स्तरीय सुविधाओं से साथ ही अपनी अनोखी लुक के लिए भी पहचानी जा रही हैं। जिनका एयरो-डायनामिक प्रोफाइल इनकी लुक को शानदार और मनमोहक बनाता है। एयरो-डायनामिक प्रोफाइल की मदद से ये ट्रेनें उच्च गति पर हवा के खिंचाव को आसानी से कम करने में सक्षम हैं। इन ट्रेनों में विस्तृत गैंगवे औरटिंटेड पैनोरमिक खिड़कियों समेत अन्य विश्व स्तरीय सुविधाएं है। आरआरटीएस परिसर को शूटिंग के अलावा अन्य आयोजन उद्देश्यों के लिए भी किराए पर लिया जा सकता है। यदि रात के समय (गैर-राजस्व घंटे) के दौरान नमो भारत ट्रेनों की आवश्यकता है तो कार्यक्रमों की बुकिंग पर भी विचार किया जा सकता है। वाणिज्यिक प्रायोजनों के लिए एनसीआरटीसी के परिसर एवं ट्रेनें प्रति निर्धारित घंटे के आधार पर किराये पर दिया जाएगा। फिल्म निर्माताओं के पास अब आरआरटीएस स्टेशनों और आकर्षक नमो-भारत ट्रेनों में शूटिंग का लाभ उठाने का एक बेहतर अवसर है।

82 किलोमीटर लंबा प्रथम आरआरटीएस कॉरिडोर

82 किमी लंबा दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर देश में लागू होने वाला भारत का प्रथम आरआरटीएस कॉरिडोर है। इस कॉरिडोर में दो डिपो स्टेशनों सहित 25 स्टेशन शामिल होंगे। इसके अलावा स्थानीय पारगमन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मेरठ में 23 किमी के दायरे में आरआरटीएस के बुनियादी ढांचे पर 13 मेट्रो स्टेशनों का भी निर्माण किया जा रहा है। जून 2025 में दिल्ली के सराय काले खां से लेकर मेरठ के मोदीपुरम तक नमो भारत ट्रेनें संचालित करने का लक्ष्य है।

इस साल देश 22 जनवरी को भी मनाएगा दीवाली : डॉ. गोयल

श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर जागरूक करते डा. डीपी गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

देशभर में अक्षत के माध्यम से राम मंदिर के उद्घाटन का दिया जा रहा न्यौता

एक मुट्ठी अन्न भगवान राम के नाम देकर भी पुण्य के बनें भागीदार

रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य एवं कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. डीपी गोयल ने कहा कि इस साल देश 22 जनवरी को दीवाली मनाएगा। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर का निर्माण कराकर देश की एकता, अखंडता और धार्मिकता को मजबूती दी है।

अयोध्या में बने राम मंदिर में भगवान राम के बाल रूप की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहुंचने वाले लोगों को भोजन, प्रसाद खिलाने के लिए एक मुट्ठी अन्न भगवान राम के नाम मुहिम (राम अन्न कलश) में शामिल होकर डॉ. डीपी गोयल ने लोगों को इस कार्य के लिए प्रेरित किया। इस मुहिम के तहत अयोध्या में लाखों श्रद्धालुओं के भंडारे की भोजन सामग्री की व्यवस्था के लिए सूखा राशन एकत्रित करके वहां भिजवाया जाएगा। इस मुहिम के डा. डीपी गोयल मुख्य संयोजक बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि देश के लिए शुभ घड़ी निकट है। आने वाली 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे भारतवर्ष में दीपावली उत्सव मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कैनविन फाउंडेशन एक सहयोगी संस्था के रूप में इस धर्म के कार्य में गुरुग्राम वासियों के सहयोग से राशन सामग्री एकत्रित कर इसे अयोध्या तक पहुंचाने में अपना पूर्ण सहयोग देगी। उन्होंने सभी समाज सेवियों और गुरुग्राम वासियों से अपील की है कि सेक्टर-17 कार्यालय श्री माधव सेवा केंद्र में 11 जनवरी तक राम अन्न कलश स्थापित हैं। जो भी व्यक्ति या परिवार अन्न दान करने का इच्छुक है वह हमारे कार्यालय पर अन्न पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि धर्मार्थ, सेवार्थ और परमार्थ के इस पुनीत कार्य में धर्म नगरी गुरुग्राम का सहयोग सबसे अधिक होगा, ऐसा उनका विश्वास है। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि अन्न को पैकेट में दें, ताकि इसे अयोध्या तक भेजने में आसानी हो।

डा. डीपी गोयल ने कहा कि जब से भगवान श्री राम 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या पहुंचे थे। उस समय भी पूरे भारतवर्ष में घी के दिए जलाए गए थे। ठीक उसी प्रकार से लगभग 500 वर्ष के लंबे संघर्ष के उपरांत भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को होने जा रहा है।

लोकसभा, विधानसभा व नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा तैयार: कमल यादव

मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करते गुरुग्राम भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव।

गुरुग्राम। भाजपा गुरुग्राम के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा, विधानसभा और नगर निगम के चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार है।

प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद कमल यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री से जिला के विकास कार्यों और चुनाव 2024 तथा गुरुग्राम नगर निगम चुनाव के विषय में चर्चा हुई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने संगठनात्मक विषय और आगामी कार्य योजनाओं पर मार्गदर्शन भी किया। कमल यादव ने जिला अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी दिए जाने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, अध्यक्ष नायब सिंह सैनी सहित तमाम वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया और कहा कि वे संगठन की आशाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा ताकि कोई पात्र व्यक्ति छूटने ना पाए। जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि फिलहाल पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लगी है। लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो जाएगी। ऐसे में वे पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के सहयोग से अपना कार्य बेहतर करने का प्रयास करेंगे। कमल यादव ने कहा कि नगर निगम चुनाव के लिए पार्टी पूरी तरह से तैयार है। गुरुग्राम के सभी वार्डों के ड्रॉ की प्रक्रिया भी की जा रही है।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कमल यादव को गगन गोयल ने दी बधाई

भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव से मुलाकात करते गगन गोयल।

गुरुग्राम। भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल ने भाजपा गुरुग्राम के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कमल यादव से मुलाकात करके उन्हें बधाई दी। उनके नेतृत्व में पार्टी जिले में और अधिक मजबूत होगी, ऐसा विश्वास जताया। इस दौरान समाजसेवी बाली पंडित व सचिन जैन मौजूद रहे।

गगन गोयल ने कमल यादव को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी ने गुरुग्राम जिला में युवा नेतृत्व को कमान सौंपी है। ऐसा करके यह भी साबित कर दिया है कि पार्टी के लिए मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं का सदा मान-सम्मान रखा जाता है। कार्यकर्ताओं की गहन तलाश करके भारतीय जनता पार्टी उन्हें महत्वपूर्ण पदों पर बिठाती है। गगन गोयल ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कमल यादव को विश्वास दिलाया कि उनके नेतृत्व में पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए वे स्वयं और साथियों के साथ कड़ी मेहनत की जाएगी। भाजपा में एकता सबसे महत्वपूर्ण है। यहां हर कार्यकर्ता एक छत्र के नीचे ही काम करता है।

सभी कार्यकर्ता लगातार पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। जितने भी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है, वे सभी लगातार सक्रिय है। बूथ और पन्ना स्तर पर भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को तैनात किया है।

समग्र हिन्दू सेवा संघ ने किया जूतों का वितरण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

ब्रह्मप्रकाश कौशिक ने कहा है कि यह मुहिम रूकने वाली नहीं है

समग्र हिन्दू सेवा संघ ने शनिवार को भयंकर सर्दी में शीतला माता मन्दिर परिसर में जरूरत मंद साधुसंतों, सफाई व्यवस्था और सेवा संस्थानों से जुड़े लोगों को जूतों का वितरण किया।

उल्लेखनीय है कि समग्र हिन्दू सेवा संघ के द्वारा गत बीस दिनो से भयंकर सर्दी के चलते गर्म कंबल बांटने का कार्य जारी है, उसी क्रम में आज माता शीतला मन्दिर परिसर से अभियान की शुरूआत कराते हुए उद्योगपति दिनेश गुप्ता ने दो सौ से अधिक जूतों का वितरण किया। यहां संघ के अध्यक्ष ब्रहमप्रकाश कौशिक, महामंत्री राजीव मित्तल संरक्षक महावीर भारद्वाज, रिटायर्ड शेसन जज अनिल कुमार बिमल, कैनविन फाउंडेशन संस्थापक डॉ डीपी गोयल, चेतन शर्मा, कृष्ण भारद्वाज, मनोज गर्ग, ओमप्रकाश गुप्ता, पूनम गुप्ता, अजय शर्मा और शीतला माता मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित हरिओम, अर्चक पुरोहित सेवा संघ अध्यक्ष पंडित जयभगवान शर्मा, और उपाध्यक्ष आचार्य अशोक कुमार शास्त्री उपस्थित रहे।

समग्र हिन्दू सेवा संघ के अध्यक्ष ब्रह्मप्रकाश कौशिक ने कंहा है कि यह मुहिम रूकने वाली नहीं है, सेवा से जुड़े समस्त कार्यो में समग्र हिन्दू सेवा संघ इसी प्रकार लगातार कार्य करता रहेगा। जरूरतमंद लोगों की मदद हेतु संस्था अनेको माध्यमो से हर वंचित का सहारा बनेगी।

सर्दी के सितम का दौर जारी जनजीवन हो रहा प्रभावित

दुकानदार ठंड के कारण अलाप का सहारा लेते हुए।

सोहना। शनिवार को सुबह छाया कोहरा और पूरे दिन कड़कड़ाती सर्दी ने लोगों को खुलकर काम करने नहीं दिया। दुकानदार आज सर्दी के कारण जल्दी अपनी दुकान और कारोबार बंद करके चले गए। ज्ञात हो कि एक सप्ताह में शनिवार सबसे ठंडा दिन रहा। शनिवार को सुबह हल्की धुंध के साथ दिन की शुरुआत हुई। शनिवार की दोपहर दो से तीन बजे तक सूरज के दर्शन तो दिया। लेकिन उसकी गरमाह नाममात्र रही। सूरज मानो स्वयं सर्दी के बीच में से झांक रहा है। सूरज के फिर से बादलों के पीछे छिप जाने से सर्दी की ठिठरन ने लोगों के दांत बजाने के लिए मजबूर कर दिया।

बाजार हुआ जल्दी बंद : शनिवार को सर्दी का प्रकोप अधिक होने के कारण ग्राहक कम रहे। जिसके चलते दुकानदार भी आज समय से कुछ पहले ही अपने प्रतिष्ठानो को बंद करके चले गए। जिसमें कपड़ा, जूता चप्पल, हार्डवेयर समेत अन्य दुकानदार शामिल रहे।

अलाप का लिया सहारा : मैकेनिक से लेकर पेंचर लगाने वाले दुकानदारों के हाथ सर्दी की ठिठरन के चलते हाथ खुलकर नहीं चल पा रहे थे। जिससे कारोबारी दुकानदार अपने प्रतिष्ठान पर अलाप जला कर बैठे रहे। क्योंकि ठंड के कारण औजारों को पकड़ कर काम करना मुश्किल हो रहा था।

शनिवार को सुबह कोहरे के चलते वाहन चालकों को हुई परेशानी।

हरियाणा के आईएएस अधिकारियों को सशक्त बनाने के लिए गुरुग्राम में सेमिनार आयोजित

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को बेहतर सर्विस डिलीवरी में सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षण के महत्व पर बल दिया

गुरुग्राम के हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) में आयोजित सेमिनार के दौरान प्रदेश के आईएएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा के आईएएस अधिकारियों को करियर में उन्नसति के लिए आवश्यक विविध पहलुओं की व्यापक जानकारी के लिए शनिवार को गुरुग्राम स्थित हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। इस सेमिनार में भारत सरकार/पीएसयू बनाम राज्य सरकार में काम करना, बहुराष्ट्रीय संस्थानों/निजी क्षेत्र व विदेशी अध्ययन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों व वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने अनुभव व विषय से संबंधित आवश्यक जानकारी दी।

मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सेमिनार का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस सेमिनार का उद्देश्य आईएएस अधिकारियों के लिए करियर उन्नति के बहुमुखी आयामों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करना और गहन चर्चा को बढ़ावा देना है। इस सेमिनार में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित वक्ताओं और विशेषज्ञों के साथ भागीदारी करने से प्रतिभागियों को करियर से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों पर व्यापक दृष्टिकोण प्राप्त होगा।

उन्होंने अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह अधिकारियों को उनकी सेवा के दौरान निभाई जाने वाली विविध भूमिकाओं के लिए तैयार करता है। मुख्य सचिव ने कहा कि विभिन्न प्रशासनिक पदों पर प्रभावी ढंग से सेवा करने और राज्य और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और मूल्यों से अवगत कराने में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विशेष योगदान रहता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, अनुराग रस्तोगी, पावर यूटिलिटीज के अध्यक्ष पीके दास, पूर्व राजस्व सचिव तरुण बजाज ने राज्य सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार में विभिन्न क्षमताओं में काम करने के दौरान अपने अनुभव सांझा किए। पूर्व आईएएस एवं बिजली निगमों के अध्यक्ष पीके दास, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष पूर्व आईएएस पी राघवेंद्र राव, पूर्व आईएएस एम रामशेखर और राम कुमार रामकृष्णन ने भी सेमिनार को संबोधित किया।

सभी वक्ताओं ने सेमिनार में पहुंचे अधिकारियों को बताया कि वे अपनी दक्षता में कैसे सुधार ला सकते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और राज्य सरकार के भीतर भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की जटिलताओं पर भी चर्चा की। वक्ताओं ने आईएएस अधिकारियों के लिए प्रत्येक क्षेत्र द्वारा प्रस्तुत अद्वितीय चुनौतियों और अवसरों के बारे में भी बात की।

मोदी ग्रुप 5 वर्षों में करेगा 6 हजार करोड़ रुपए का निवेश

गुरुग्राम। रियल एस्टेट क्षेत्र में कार्यरत मोदी ग्रुप द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के संस्थापक राजर्षि भूपेन्द्र मोदी ने प्रिवेंटिव हेल्थकेयर, वेलनेस और प्रौद्योगिकी-आधारित बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालते हुए घोषणा की कि आगामी 5 वर्षों में 6 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

भूपेंद्र मोदी ने कहा कि यह निवेश पीएम मोदी के 5 ट्रिलियन इकॉनोमी हासिल करने के लक्ष्य पर निर्धारित है। पहले से ही 1000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं शुरू करने के बाद आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। स्थायी रोजगार के माध्यम से जीवन को सशक्त बनाकर देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए संस्थान जुटा हुआ है। उनका कहना है कि मोदीपुर, रामपुर में 2000 करोड़ के महत्वपूर्ण निवेश के साथ, शहर अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ एक वैश्विक स्मार्ट शहर बनने की ओर अग्रसर है, जिसमें मल्टीप्लेक्स, मॉल, लक्जरी होटल, शहरी निवास और एआई तकनीकी पर आधारित भविष्य के विनिर्माण उद्योग शामिल हैं।

नप बनाएगी शहर में दस अस्थाई कूड़ा केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

नगर परिषद प्रशासन ने शहर को जगह-जगह लगने वाले कूड़े के अस्थाई डेढ़ों से मुक्त बनाने के लिए नई योजना बनाई है। शहर के सबसे अधिक गंदगी वाले स्थानों पर अस्थाई कूड़ा केन्द्र बनाएं जाएंगे। जिनसे हर दिन कूड़ा निकालने के बाद मुख्य कूड़ा केंद्र पर डाला जाएगा।

नगर परिषद कार्यालय में आए दिन मिलने खुले में कूड़े के ढ़ेर की शिकायत से निपटने की योजना बनाई है। योजना के तहत परिषद जल्द ही शहर के 10 स्थानों को चिंहित करेगी। जहा पर सबसे अधिक कूड़ा घरों से लेकर डाला जाता है। ताकि ऐसे स्थानों पर अस्थाई पक्के कूड़ें घर बनाएं जा सके। जिनके अंदर सफाई कर्मी से लेकर आम लोग चार दीवारी के अंदर पड़ा कूड़ा दायरे में रहे। उक्त कूड़े को सुबह 10 बजे के बाद और रात 9 बजे के बाद परिषद की सफाई के बाद जेसीबी से निकाल मुख्य कूड़ा घर पर डाला जाएगा। जिससे कूड़ा खुले में पड़ा हुआ नजर नहीं आएगा। इसके साथ आवारा घूमने वाले कुत्ते व मवेशी भी फैला नहीं सकेंगे।

सोहना नगर परिषद के सफाई कर्मी रात में भी सफाई करते हुए।

रात में इक्कठा किया कूड़ा उठेगा : नगर परिषद ने शहर के बाजारों में रात के समय में 8 कर्मचारियों की एक टीम को सफाई के लिए लगाया हुआ है। यह टीम शहर के प्रत्येक बाजार में सफाई करेगी। सफाई करने के दौरान कूड़ा उठाने वाली गाड़ी साथ के साथ चलेगी। जिसमें तुरंत कूड़े को भरकर मुख्य कूड़ा केंद्र पर डाला जाएगा।

दुकानदारों को किया जाएगा जागरूक : नगर परिषद शहर के बाजारों में खड़ी होने वाली खान पान के सामान से सज्जीत रेहड़ी, ठेली, फास्टफूड, ढाबा, होटल, रेस्टोरेंट आदि के मालिकों को खुले में कूड़ा न फेंकने देने को लेकर जागरुक किया जाएगा। दुकानदार अपनी दुकान व कारोबार में कूड़ा के डब्बा रखने की सहला दी जाएगी। ताकि दुकानदार कूड़े को सामान घर जाने से पहले अपने कूड़े को पास बनें अस्थाई कूड़ा केंद्र पर डालकर जाए।

> **शहर** में बनाएं जाने वाले अस्थाई पक्के बनाने के लिए जल्द ही टेंडर छोड़ें जाएंगे। इनका निर्माण जल्द से जल्द कराया जाएगा। ताकि शहर को गंदगी मुक्त बनाया जा सके।
> **(दिगम्बर सिंह-जेई नप)**

पैसे मांगने आए दोस्त व मैकेनिक को होटल में बुलाकर पीटा

फरीदाबाद। गाड़ी ठीक करने के बाद पैसे मांगने आए मैकेनिक व उसके दोस्तों के साथ कुछ युवकों ने सेक्टर-19 स्थित एक होटल में बुलाकर मारपीट कर दी।

ओल्ड फरीदाबाद थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित नदीम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया वह मोटर बाईंडिंग का काम करता है। 29 दिसंबर-2023 को वह अपने दोस्तों के साथ आशीष नाम के युवक से पैसे मांगने फाइव सेंस नाम के ओयो होटल गए थे। आरोप है आशीष ने पैसे देने की बजाय अपने साथियों के साथ बुलाकर नदीम व उसके दोस्त शिवम के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्जकर तलाश शुरू कर दी है।

फरीदाबाद में विटामिन डी, कैल्शियम की कमी का शिकार हो रहे नवजात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

विटामिन डी और कैल्शियम की कमी का शिकार केवल महिलाएं ही नहीं हो रहीं बल्कि नवजात भी हो रहे हैं। जिला नागरिक अस्पताल में हर माह लगभग डेढ़ सौ शारीरिक व मानसिक विकारों से ग्रसित बच्चे इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इन बच्चों में अधिकांश शून्य से दो वर्ष की आयु के बच्चे शामिल हैं।

जिला अस्पताल में चल रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों के शारीरिक व मानसिक रोगों का इलाज किया जाता है। यहां हर माह करीब डेढ़ सौ ऐसे बच्चों को उपचार दिया जाता है, जोकि क्लब फुट और सैरेब्रल प्लासी का शिकार हो चुके हैं। यहां इन बच्चों की फिजियोथेरेपी के अलावा न्यूट्रीशियन व डाइटिशियन द्वारा इलाज किया जा रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक गर्भावस्था के दौरान जिन महिलाओं में कैल्शियम और विटामिन डी की कमी अधिक हो जाती है। उसका सीधा प्रभाव बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर पड़ जाता है। ऐसे में बच्चे के जन्म से क्लब फुट व सैरेब्रल प्लासी के शिकार होने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में जन्म के बाद ही बच्चे की हड्डियों व अन्य जांच करवा लेने चाहिएं। साथ ही समय-समय पर भी बच्चों की शारीरिक व मानसिक जांच करवाते रहना चाहिए।

क्या है क्लबफुट और सैरेब्रल प्लासी: जिन बच्चों के जन्म से ही पैर टेढे-मेढ़े हो जाते है, उन बच्चों को क्लब फुट की श्रेणी में रखा जाता है। जबकि जिन बच्चों का आयु के मुताबिक शारीरिक व मानसिक विकास नहीं हो पाता उन्हें सैरेब्रल प्लासी की श्रेणी में रखा जाता है।

महिलाओं के साथ-साथ ही बच्चों को पर्याप्त पोषक तत्वों, विशेषकर कैल्शियम और विटामिन डी से युक्त संतुलित आहार देना चाहिए। जन्म के बाद से बच्चों को शारीरिक रूप से एक्टिव रहने विशेष ध्यान देना चाहिए। बच्चों को सही मुद्रा में बैठना, खेलना-कूदना सिखाएं। अगर बच्चे में ऐसी किसी स्थिति का पता चलता है तो नियमित रूप से डॉक्टर को दिखाएं। किसी भी समस्या का शीघ्र पता लगाने के लिए विशेषज्ञ से नियमित जांच कराएं।

-डॉ खुशबू कुमारी, फिजियोथेरेपिस्ट

हर माह किया जा रहा 150 बच्चों का इलाज

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल में गत मई माह 2023 में 66 बच्चे क्लब फुट व 102 बच्चे सैरेब्रल प्लासी के इलाज के लिए पहुंचे।

जून माह में 66 क्लब फुट व 110 सैरेबल प्लासी, जुलाई माह में 57 क्लब फुट, 103 बच्चे सैरेब्रल प्लासी के, अगस्त माह में 44 क्लब फुट और 115 सैरेब्रल प्लासी, सितंबर माह में 63 क्लब फुट और 79 सैरेब्रल प्लासी अक्टूबर माह में 57 क्लबफुट और 103 सैरेब्रल प्लासी के जबकि नवंबर माह में 54 बच्चे क्लब फुट के व 186 बच्चे सैरेब्रल प्लासी के इला के लिए पहुंचे।

सैलजा की कांग्रेस संदेश यात्रा हरियाणा में करेगी भाजपा का सूपडा साफ : राकेश तंवर

राकेश तंवर का दावा सैलजा की यात्रा की घोषणा बन रही आमजन की आवाज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश तंवर ने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा द्वारा समूचे हरियाणा में निकाले जाने वाली कांग्रेस संदेश यात्रा निश्चित तौर पर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन करेगी। यात्रा की घोषणा के बाद समूचे प्रदेश में जमीन से जुडे असल कांग्रेसजनों में खुशी का माहौल है और वह दिल खोलकर इस यात्रा का स्वागत करने की तैयारियों में जुटे हैं। राकेश तंवर शनिवार को पृथला में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

कांगेस में गुटबाजी के सवाल पर बोलते हुए राकेश तंवर ने कहा कि दरसल में जब से बहन सैलजा ने कांग्रेस के महासचिव रणदीप सुरजेवाला और विधायक किरण चौधरी के साथ मिलकर हरियाणा में कांग्रेस की मजबूती के लिए आवाज बुलंद की है, तब से सत्तारूढ़ भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है और वह पर्दे के पीछे से यात्रा को लेकर जुमलोबाजी छुड़वा रहे हैं। लेकिन उनके सपने पूरे नहीं होंगे, क्योंकि यह कांग्रेस संदेश यात्र राहुल गांधी का संदेश हरियाणा में घर-घर तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक करना कोई गुटबाजी नहीं है, क्यांकि कुमारी सैलजा के रग-रग में कांग्रेस और इंदिरा-राजीव-नेहरू खानदान की वफादारी बसी हुई है। इसलिए उनका सदा यह प्रयास होता है कि न केवल हरियाणा, बल्कि समूचे देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बने।

उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देय हरियाणा में सत्ता परिवर्तन कर कांग्रेस की सरकार बनाना है और इस यात्रा में शामिल होने के लिए हरियाणा के सभी कांग्रेसजनों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसलिए इसमें किंतु परंतु की कोई गुंजाइश ही नहीं है। उन्होंने कहा कि यात्रा के बाद हरियाणा में परिवर्तन निश्चित है और यह तय है कि प्रदेश में बनने वाली अगली सरकार कांग्रेस की होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज मैं ही नहीं बल्कि हरियाणा का हर शोषित, पीड़ित, कमजोर, कामगार, कर्मचारी, किसान, युवा, महिला, व्यापारी व हर वर्ग के लोग कुमारी सैलजा को प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में देख रहे हैं तो जनता की आवाज को कैसे रोका जा सकता है।

यही कारण है कि प्रदेश की दस की दस लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरने वाली इस यात्रा को लेकर समूचे प्रदेश में जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार हुआ है तथा अब वह नए जोश और उत्साह के साथ जनता की भलाई के लिए फील्ड में उतरेंगे तथा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के समझ उजागर करेंगे।

उन्होंने कहा कि लोगों के बीच भाईचारा बिगाड़ने से लेकर उनके सामने जुमले रखने जैसे काम करने में भाजपा सरकार माहिर रही है। भाजपा ने झूठ की बुनियाद पर सत्ता हासिल की है, जबकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सच के रास्ते पर चलकर मोहब्बत की राजनीति को प्राथमिकता दी है। इसलिए कुमारी सैलजा अब कांग्रेस संदेश यात्रा के माध्यम से लोगों को झूठ व जुमलेबाजों की सच्चाई से अवगत कराएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार से आम जनमानस दुखी है, जनकल्याण की नीतियों को खत्म करके ऐसी नीतियां बनाई जा रही हैं, जो आम जनमानस की पहुंच से बाहर है। आज भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और मनमर्जी चल रही है।

इमरजेंसी में भर्ती बुजुर्ग मरीज को नहीं मिला उपचार

फरीदाबाद। गांव असावटी के रहने वाले 64 साल के वृद्ध की बीके अस्पताल की इमरजेंसी में रात भर उपचार नहीं मिलने की वजह से हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने के बाद डॉक्टर ने आनन फानन में रेफर कर दिया। मरीज को बुधवार की रात को भर्ती करवाया गया था।

गांव असावटी निवासी रोशन ने बताया कि उन्होंने बुधवार की रात को पिता राजवीर ठाकुर को सांस लेने में दिक्कत होने पर बीके अस्पताल की इमरजेंसी में करवाया गया। चिकित्सक ने ऑक्सीजन लेवल कम होने की बात कहकर भर्ती करने को कहा। बृहस्पतिवार की सुबह राउंड पर आए चिकित्सक ने उनकी जांच लिख दी। जिस पर परिजनों ने जांच करवा ली, लेकिन रिपोर्ट न आने पर वह भर्ती रहे। रात को खांसी अधिक होने पर उन्हें सांस लेने में दिक्कत और दर्द होने लगा। तो उन्होंने स्टाफ को इंजेक्शन और ऑक्सीजन के लिए बोल दिया। स्टाफ इंजेक्शन भरकर लेकर आया और साथ ही ग्लूकोज लेकर आए। लेकिन उनको इंजेक्शन व ग्लूकोज लगाने की बजाए टेबल पर रखकर चला गया। रोशन ने बताया कि उन्होंने पूरी रात स्टाफ को ढूंढा लेकिन कोई नहीं आया। पिता की रात में हालत बिगड़ गई।

संक्षिप्त समाचार

सीवर ओवरफ्लो समस्या का समाधान जल्दी कराएं : शर्मा

फरीदाबाद। सेक्टर 21-ए में मदर डेयरी बूथ संख्या 968 के निकटवर्ती प्लॉट के सामने पिछले एक पखवाड़े से सीवर ओवरफ्लो हो रहा है। उसकी दुर्गंध से न केवल का पड़ोस के निवासियों को असुविधा हो रही है, बल्कि दुर्गंधयुक्त गंदे पानी से निकलने में आमजन को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस समस्या को सेक्टरवासियों ने डब्ल्यूसीआरए के मेंटेनेंस ग्रुप में पोस्ट किया था, किंतु समाधान नहीं करवाया गया है। सेक्टर 21-ए के स्थानीय निवासियों युगल किशोर शर्मा, जगन्नाथ गौतम आदि ने बताया कि नगर निगम में प्रभावशाली तरीके से सेक्टर की वेलफेयर कल्चरल एंड रिक्रिएशनल द्वारा जन समस्या को उठाया नहीं जा रहा है। मदर डेयरी बूथ के संचालक ने बताया कि हमारे यहां आने वाले ग्राहकों का बदबू के कारण मूड खराब हो रहा है। सीवर ओवरफ्लो से राहगीरों एवं आम जनता को परेशान होना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि नगर निगम के अधिकारियों जन समस्या को प्राथमिकता से संज्ञान में लेकर सेक्टरवासियों को राहत प्रदान करें।

कंपनी का ताला तोड़कर 125 मोटर चोरी

फरीदाबाद। सरूरपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कंपनी से चोर पानी की 125 मोटर चोरी करके ले गए। सभी मोटर खराब थी कंपनी में उन्हें मरम्मत करने के लिए रखा गया था। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। कंपनी संचालक ऋषिपाल त्यागी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया वह परिवार के साथ सेक्टर-76 में रहते हैं। सरूरपुर औद्योगिक क्षेत्र में उनकी कंपनी में पानी की नई मोटर बनाने और खराब मोटर को ठीक करने का काम होता है। कर्मचारी ने सूचना दी कि कंपनी से काफी मोटर गायब है। जांच करने पर पाया गया 125 मोटर चोरी हो गई हैं।

रतन कॉलेज में वाकथॉन कार्यक्रम का आयोजन हुआ

फरीदाबाद। रतन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट हरफला रोड सीकरी बल्लभगढ़ फरीदाबाद में साइक्लोथॉन और वाकथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरफला गांव के सरपंच को गांव के सदस्यों और स्कूली बच्चों के साथ फिटनेस और स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में रतन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के छात्र भी शामिल थे। कार्यक्रम के समापन पर रतन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने सरपंच को भगवान राम की मूर्ति भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। रतन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरपर्सन यशवीर डागर ने भी लोगों को संबोधित किया और इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

लोटस कंपनी ने कौशल प्रशिक्षण का आयोजन किया

पलवल। गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म कॉलेज में कंप्यूटर विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंप्यूटर विभागाध्यक्ष पवन मुखीजा ने आए अतिथियों का स्वागत किया एवं मंच का संचालन किया। लोटस पेटल कंपनी से आए रविंद्र प्रोग्राम मेनेजर ने बच्चों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोटस पेटल कंपनी बच्चों को रोजगार देने के अवसर प्रदान करती है और वह ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाती है। जिसमे हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग, रिटेल सेल्स कम कैशियर, हॉस्पिटैलिटी, डिजिटल सर्विसेज, बैंकिंग, जैसे कोर्सेज के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। जिसमे विद्यार्थी ट्रेनिंग लेकर भविष्य में अपने रोजगार को प्राप्त कर सकें। कॉलेज प्राचार्या प्रतिभा सिंगला ने बच्चों को इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत भी इसी प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने और स्वयं रोजगार पैदा करने की बात कही गई है। अंत में कंप्यूटर विभागाध्यक्ष पवन मुखीजा ने विद्यार्थियों को सूचना दी कि जो यह ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाया जाएगा, वह सभी विद्यार्थियों के लिए बिल्कुल निशुल्क होगा। इस कार्यक्रम में डॉ. कुसुम, कनिका, डॉ. भावना, कंचन, पूजा उपस्थित रहे।

चोरी के वाहन सहित एक गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश की टीम ने चोरी के वाहन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव मुझेडी निवासी आकाश उर्फ मोटे के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को तीन जनवरी की रात चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने बीपीटीपी इलाके से एक और बाइक चोरी की थी। इसके अलावा सेक्टर 76 वर्ल्ड स्ट्रीट के पास से 25 दिसंबर 2023 को एक बाइक चुराई थी। आरोपी के कब्जे से चोरी की दूसरी बाइक को बरामद कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी के 5 केस दर्ज हैं। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच-48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पर्वतीय कालोनी निवासी उत्तम तथा अमन उर्फ बबलू के रूप में हुई है। आरोपी उत्तम ओल्ड प्रेस कॉलोनी में देसी कट्टे के साथ वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। इसी बीच क्राइम ब्रांच ने आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने तमंचा अपने साथी अमन से खरीदा था। टीम ने अमन को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-8 तथा एसजीएम नगर थाने में चोरी के दो केस दर्ज हैं। आरोपियों के कब्जे से चोरी के मामले में आठ हजार रुपये बरामद किए गए हैं। आरोपी नशे की पूर्ति के लिए वारदात को अंजाम देते हैं। आरोपी उत्तम पहले भी कई बार चोरी व अवैध हथियार के केस में जेल जा चुका है। पूछताछ के बाद आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

राजकीय महाविद्यालय पलवल में योग कार्यशाला शुरू

पलवल। डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल में प्राचार्या अर्चना वर्मा के निर्देशन में महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा साप्ताहिक योगा कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस योगा कार्यशाला का आरंभ गायत्री मंत्र से किया गया तथा छात्राओं को विभिन्न प्रकार के योगासन सिखाए गए। कार्यशाला में प्रशिक्षण देने के लिए युद्धवीर डागर आए। प्रशिक्षण के आयोजन में महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा बंदना भारद्वाज तथा अन्य स्टाफ सदस्य डॉ. अनिता मिश्रा, निशा रानी, पिंकी एवं सोनी उपस्थित रहे।

150 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर स्टील कारोबारी से 1.21 करोड़ ठगे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

स्टील कारोबारी को 150 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर साइबर ठगों ने 1.21 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। आरोपियों ने एक विदेशी ट्रेडिंग कंपनी में निवेश के नाम पर पैसे निवेश करवाए थे। पैसा वापस नहीं मिलने पर कारोबारी को ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-21सी निवासी अमित गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया उनका स्टील का कारोबार है। एक दिसंबर-2023 को उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम अविनाश बताया और फोरेक्स वर्ल्ड कंपनी के बारे में जानकारी दी। मामला समझ आता देख आरोपी ने अपने एक वरिष्ठ अधिकारी से फोन पर ही बात कराई। दूसरे आरोपी ने भी अपना नाम अविनाश कुमार बताया। अविनाश कुमार ने बताया वह एल्गो ट्रेडिंग और यूके के अनुभवी विश्लेषक हैं और पांच से 10 फीसदी कमीशन पर ट्रेडिंग का काम करते हैं। कारोबारी आरोपियों की बातों में आ गए। शुरूआत में उन्होंने 500 डॉलर निवेश करने को कहा। इसके लिए उन्होंने 42000 रुपये अविनाश कुमार के बताए बैंक खाते में जमा करा दिए। आरोपियों ने अगले ही दिन दिखाया कि ट्रेड बढ़िया हो रहा है। कमाई आती देख कारोबारी ने मुनाफे के 100 डॉलर निकाल लिए। पैसा वापस मिलता देख कारोबारी को आरोपियों पर विश्वास हो गया।

आरोपियों ने निवेश के नाम पर मंगाए थे पैसे

आरोपियों ने और फंड निवेश करने पर 100 से 150 फीसदी तक मुनाफा कमाने का ऑफर दिया। पीड़ित ने दो बार में करीब 69 लाख रुपये आरोपियों के खाते में भेज दिए। इसके बाद आरोपियों ने ईवेंट में भाग लेने की बात कहकर और पैसे मांगे। आरोपियों के पास फंसे लाखों रुपये को वापस पाने के लिए पीड़ित ने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों से उधार लेकर आरोपियों के खाते में 51 लाख रुपये और जमा करा दिए। इस तरह आरोपियों के पास 1.21 करोड़ चले गए। इसके बाद भी आरोपियों ने पैसों की मांग बंद नहीं की। पैसे निकालने की बात पर आरोपी कोई न कोई बहाना बनाकर और पैसों की मांग करने लगते। कारोबारी ने एनआईटी साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी।

सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आतुर दिखाई दिए ग्रामीण

ड्रोन बन रहा कृषकों के आकर्षण का केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

विकसित भारत संकल्प यात्रा ने देश के हर पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और यह रथ यात्रा इस कार्य को भली भांति पूर्ण करती हुई आगे बढ़ रही है। संकल्प यात्रा जिला के गांव में पहुंचने के पश्चात वहां के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और पात्रता पूर्ण पाए जाने पर लाभ प्रदान कर लोगों की प्रशंसा की पात्र बन रही है। समाज का वह अंतिम व्यक्ति जो किसी कारणवश अभी तक सरकार की योजनाओं से अनभिज्ञ था, वह रथ यात्रा के माध्यम से सरकार की स्कीमों की जानकारी प्राप्त कर, उसका लाभ लेने के लिए आतुर दिखाई दे रहा है। यह रथ यात्रा जिला पलवल के बडौली खंड के गांव भोलडा, राजूपुर खादर तथा होडल खंड के गांव गुदराना व तूमसरा और हथीन खंड के गांव मढनाका, खोकियाका, कोट मीठाका व जरारी में पहुंची, जहां लोगों ने उत्साहपूर्वक इसका स्वागत किया।

बडौली खंड के गांव भोलडा व राजूपुर खादर में विधायक दीपक मंगला, होडल खंड के गांव गुदराना में विधायक होडल की प्रतिनिधि कमला नायर व तूमसरा में जिला पार्षद उमेश गुदराना और हथीन खंड के गांव मढनाका में विधायक प्रवीण डागर, खोकियाका, जरारी व कोट मीठाका में विधायक हथीन के प्रतिनिधि सतीश डागर ने बतौर मुख्य अतिथि विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया। मुख्य अतिथियों ने संकल्प यात्राओं में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की पात्र महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन भेंट किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को चूल्हे के धूएं से मुक्त करने के लिए यह योजना चलाई थी, जो आज कारगर साबित हुई है। गैस कनेक्शन प्राप्त करने पर ग्रामीण महिलाओं ने सरकार का धन्यवाद किया।

शीत लहर से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

डीसी नेहा सिंह ने लोगों से अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

सरकार के निर्देशानुसार अत्याधिक सर्दी के चलते शीत-घात से बचाव को लेकर जिला प्रशासन ने विशेष एडवाइजरी जारी की है। जिला प्रशासन की ओर से जारी एडवाइजरी के मद्देनजर डीसी नेहा सिंह ने नागरिकों को सर्दी से बचाव के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि जरूरतमंद व्यक्ति शीत लहर व ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरों में आश्रय ले सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों शीत लहर का भारी प्रकोप चल रहा है। न केवल अत्यधिक ठंड, बल्कि पूरा-पूरा दिन धुंध रहती है, ऐसे में लोगों को सर्दी की जकड़न में आना स्वाभाविक है, लेकिन जरा सी सावधानी बरतकर शीत घात से बचा जा सकता है।

शीत घात के दौरान करें यह कार्य :

उन्होंने कहा कि जितना हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा, बारिश, बर्फ के संपर्क को रोकने के लिए कम यात्रा करें। ऐसे गर्म कपड़े पहनें, ताकि ठंड बिल्कुल न लगे। तंग कपडे खून के बहाव को रोकते हैं, इनसे बचें। खुद को सूखा रखें और पानी में भीगने से बचें। शरीर की गरमाहट बनाए रखने के लिए अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढकें। गीले कपड़े तुरंत बदलें। हाथों में दस्ताने पहनें। फेफड़ों को बचाने के लिए मास्क का प्रयोग करें। सिर पर टोपी या मफलर रखें। शराब का सेवन न करें और स्वास्थ्यवर्धक भोजन का प्रयोग करें।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। गर्म तरल पदार्थ नियमित रूप से पीएं। इससे ठंड से लड़ने के लिए शरीर की गर्मी बनी रहेगी। बुजुर्ग लोगों, नवजात शिशुओं तथा बच्चों का ध्यान रखें एवं ऐसे पड़ोसी जो अकेले रहते हैं, विशेषकर बुजुर्ग लोगो का हाल-चाल पूछते रहें। जरूरत के अनुसार ही रूम हीटर का प्रयोग करें, लेकिन रूम हीटर के प्रयोग के दौरान पर्याप्त हवा निकासी का प्रबंध रखें। बंद कमरों में कोयले को जलाना खतरनाक हो सकता है, क्योंकि यह कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैस पैदा करती है, जोकि जानलेवा हो सकती है। शराब का सेवन न करें, यह शरीर की गर्माहट को कम कर खून की नसों को पतला कर देता है। विशेषकर हाथों से जिसमें हाईपोथर्मिया का खतरा बढ़ जाता है।

शीत लहर के अत्यधिक प्रभाव से त्वचा पीली, सख्त एवं संवेदन शून्य तथा लाल फफोले पड़ सकते हैं। यह एक गंभीर स्थिति होती है, जिसे गैंगरीन भी कहा जाता है। शीत लहर के पहले लक्षण पर ही चिकित्सक की सलाह लें, तब तक अंगों को तत्काल गर्म करने का प्रयास करें। ज्यादा गर्मी से इन अंगों के जलने की संभावना होती है। शीत से प्रभावित अंगों का गुनगुने पानी से इलाज करें। जो शरीर के लिए आरामदायक हो।

क्या करें और क्या नहीं

डीसी नेहा सिंह ने कहा कि शीत-घात से पूर्व मौसम की जानकारी के लिए रेडियो/टीवी/समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें, ताकि यह पता चल सके कि आगामी दिनों में शीत लहर की संभावना है अथवा नहीं। सर्दियों लिए पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें। घर मे ठंडी हवा के प्रवेश रोकने हेतु दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। फ्लू, नाक बहना/भरी नाक या नाक बंद जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं। इस तरह के लक्षणों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी बरतें तथा स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों या डॉक्टर से परामर्श करें।

गाली का विरोध करने पर मां-बेटों पर पथराव

फरीदाबाद। पल्ला थाना इलाके के सूर्या विहार पार्ट दो में गाली का विरोध करने पर सात-आठ बदमाशों ने मां-बेटों पर ईंट-पत्थर बरसा दिए। घटना में महिला व उसके दो बेटे घायल हैं। उन्हें इलाज के लिए बीके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

सूर्या विहार निवासी राजवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया एक जनवरी को बड़ा बेटा रोहित किसी काम से गली से गुजर रहा था। इस दौरान गली में बैठे सूरज, कृष्णा, प्रवीण, सुमित, रिंकी, गौरी व अन्य ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी उसे ईंट से मारने लगे। भाई के साथ मारपीट होती देख छोटा बेटा बीच-बचाव करने आ गया। आरोप है हमलावरों ने उसे एक दुकान में बंद कर दिया और इतना मारा कि वह बेहोश हो गया।

सूर्य के उत्तरायण में आते ही इंडिया गठबंधन के सभी फैसले हो जाएंगे

भाषा। बलिया

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर कहा कि सूर्य के उत्तरायण में आते ही सभी फैसले हो जाएंगे। सपा प्रमुख शनिवार को जिले के बिसुकिया गांव में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) में सीट बंटवारे सहित अन्य फैसलों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सपा अन्य दलों को साथ लेकर बहुत जल्द फैसला ले लेगी। सूर्य को उत्तरायण में आने दो। सूर्य के उत्तरायण में आते ही सभी फैसले हो जाएंगे। गौरतलब है कि मकर संक्रांति (14 जनवरी) से सूर्य उत्तरायण होते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इंडिया गठबंधन में सपा पूरी जिम्मेदारी के साथ है। गठबंधन में किसको क्या जिम्मेदारी दी जाएगी, बहुत जल्द जानकारी दे दी जाएगी। यादव ने दावा किया, एक बात तो साफ है कि उत्तर प्रदेश ही नहीं, देश की जनता भाजपा(भारतीय जनता पार्टी) को हटाना चाहती है। उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, प्रधानों के बजट का पैसा काटकर विकसित भारत का सपना पूरा नहीं कर सकते हैं। राम मंदिर को लेकर चुनावी लाभ उठाने की चर्चा पर उन्होंने कहा, धर्म, राजनीति का हिस्सा नहीं हो सकता। भाजपा को (किसानों की) आय दोगुनी हुई कि नहीं, युवाओं को रोजगार मिला कि नहीं, इन सवालों का जवाब देना पड़ेगा।

सपा प्रमुख ने कहा, चूंकि भाजपा के पास इन सवालों का जवाब नहीं है, इसलिए वह धर्म के पीछे छिप जाती है। राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा, भाजपा के लोग कह रहे हैं कि जिसके पास निमंत्रण पत्र होगा, वही जाएगा। हमारा पक्ष ए है कि भगवान जब बुलाएंगे तो भाजपा भी नहीं रोक पाएगी। उन्होंने कहा, हमारा मन करे देखने (दर्शन करने) को तो क्या हमें कोई रोक पाएगा। भाजपा कैसे तय कर सकती है कि किसको बुलाना है और किसको नहीं बुलाना है। इसका मतलब भगवान श्री राम की तरफ से नहीं बुलावा है, यह भाजपा की तरफ से बुलावा है। प्रधानमंत्री पद की दावेदारी के सवाल के जवाब में यादव ने कहा कि कभी कभी कम (सीटों) वाले भी प्रधानमंत्री बनते हैं। पर, हमारे लिए मुख्य यह है कि भाजपा हारे। उन्होंने कहा, सवाल यह नहीं है कि कौन किस पद पर बैठेगा। आप बलिया के हैं, यहां के (चंद्रशेखर) प्रधानमंत्री रहे हैं। आप इन बातों को समझते हो और परिस्थितियों को भी सब समझते हो। कभी कभी कम वाले भी प्रधानमंत्री बनते हैं। चंद्रशेखर 1990 में अपनी पार्टी के कम सांसदों के बावजूद कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे।

अमित शाह पर राहुल गांधी की अभद्र टिप्पणी के मामले की सुनवाई टली

सुलतानपुर। सुल्तानपुर की सांसद-विधायक अदालत ने शनिवार को अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार के कारण गृह मंत्री अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में अगली सुनवाई 18 जनवरी के लिए निर्धारित कर दी।सुलतानपुर की सांसद-विधायक अदालत ने शाह पर पांच वर्ष पूर्व अभद्र टिप्पणी करने के मामले में राहुल को छह जनवरी को तलब होने का समन जारी किया था। आज (शनिवार) इस मामले में सुनवाई होनी थी लेकिन अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार करने के कारण अब अगली सुनवाई 18 जनवरी को होगी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि अदालत में जूनियर अधिवक्ताओं की विधिक कार्यशाला होने के कारण अधिवक्ता कार्य बहिष्कार कर रहे थे, जिसके कारण अब अगली सुनवाई 18 जनवरी को होगी। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का मुकदमा दायर किया था। मिश्र ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी।

नगर निगमों व निकायों के सफाई इंस्पेक्टरों से खाद्य निरीक्षक का काम लेने पर लगाई रोक

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट की विशेष अपील बेंच ने एकल जज के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसके द्वारा एकल जज ने प्रदेश के नगर निगमों एवं अन्य स्थानीय निकायों में कार्यरत सफाई निरीक्षकों को ट्रेनिंग कराकर सफाई इंस्पेक्टर के साथ साथ फूड इंस्पेक्टर का भी काम करने का निर्देश दिया था।

हाईकोर्ट की डबल बेंच ने सिंगल जज के आदेश पर रोक लगाते हुए नगर विकास विभाग के सचिव तथा फूड सेफ्टी एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के सचिवों से दो सप्ताह में इस मामले में उनका व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा एवं न्यायमूर्ति एस क्यू एच रिजवी की खंडपीठ ने प्रदेश सरकार द्वारा दाखिल विशेष अपील पर पारित किया है। प्रदेश के स्थानीय निकाय की तरफ से दाखिल विशेष अपील में एकल जज के 21 मार्च 2023 के आदेश को चुनौती दी गई थी। जिसमें एकल जज ने सरकार को निर्देश दिया था कि वह नगर निगमों के सेनेटरी इंस्पेक्टर्स को इस काम के साथ साथ फूड इंस्पेक्टर का भी काम देने को लेकर ट्रेनिंग कराएं एवं अधिसूचना जारी करें।प्रदेश सरकार की तरफसे दाखिल विशेष अपील पर अपर महाधिवक्ता एम सी चतुर्वेदी एवं अपर मुख्य अस्थाई अधिवक्ता रामानंद पांडेय ने पक्ष रखते हुए कहा कि प्रदेश के नगर निगमों एवं अन्य स्थानीय निकायों में कार्यरत सफाई इंस्पेक्टरों से फूड इंस्पेक्टर का काम नहीं लिया जा सकता क्योंकि इनकी नियुक्ति सेनेटरी इंस्पेक्टर का काम करने को लेकर हुई है न कि फूड इंस्पेक्टर का काम करने के लिए है। कहा गया कि फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट 2006 तथा फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड रूल्स 2011 के अमल में आने के बाद फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर का नया पद हो गया है और इसके लिए फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग बन गया है। इसी विभाग द्वारा फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर की नियुक्ति की जाती है और यह नियुक्ति अधिसूचना जारी होने के बाद किए जाने का प्रावधान है। बहस की गई की सेनेटरी इंस्पेक्टर्स जो नगर निगमों एवं अन्य स्थानीय निकायों में कार्यरत हैं। वह नगर विकास के कर्मचारी हैं ऐसे उनसे फूड इंस्पेक्टर्स का काम नहीं लिया जा सकता। याची फूड इंस्पेक्टर्स की तरफ से अधिवक्ता अशोक खरे का कहना था कि सेनेटरी इंस्पेक्टर्स की शैक्षिक योग्यता फूड सेफ्टी ऑफिसर्स की शैक्षिक योग्यता के बराबर है। सेनेटरी इंस्पेक्टर की योग्यता फूड सेफ्टी ऑफिसर्स की योग्यता के समान कर दी गई है। इस कारण याची भी फूड इंस्पेक्टर का काम करने के लिए अर्ह हैं। कोर्ट ने इस मामले में सरकार की दी हुई दलीलों से प्रथम दृश्य सहमति जताते हुए एकल जज के आदेश के अमल पर रोक लगा दी है। कोर्ट इस विशेष अपील पर 23 जनवरी 2024 को सरकार का जवाब आने के बाद दोबारा सुनवाई करेगी।

हाईकोर्ट ने लिस्टिंग संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए बनाई हेल्प डेस्क

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में दो जनवरी से वादों की लिस्टिंग सूचीबद्धता की आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए सीआईटी भवन में एक हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। अब अधिवक्ता अपनी लिस्टिंग से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्प डेस्क का सहारा ले सकते हैं। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव नितिन शर्मा ने कहा कि हेल्प डेस्क का प्रभारी संयुक्त निबंधक न्यायिक योगेश दुबे को बनाया गया है। वह कम्प्यूटर सेंटर स्टाम्प रिपोर्टिंग सेंटर प्रेस फाइलिंग सेक्शन लिस्टिंग सेक्शन सहित अन्य न्यायिक और गैर न्यायिक सेक्शन के अधिकारियों से सीधा समन्वय स्थापित करेंगे और लिस्टिंग की समस्याओं का निराकरण करेंगे। नोडल अफसर की सहायता के लिए अभिषेक शर्मा दुर्गा प्रसाद जायसवाल अभिषेक सिंह को सहायक नोडल ऑफिसर बनाया गया है। जिससे समस्याओं के निस्तारण में कोई दिक्कत न आए। लिस्टिंग की व्यवस्था अभी तक एनआईसी देख रही थी लेकिन कई शिकायतों को देखते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासन ने साल के पहले दिन ही लिस्टिंग की व्यवस्था को एनआईसी से वापस लेते हुए अपने अधीन कर लिया है। अब वह इस व्यवस्था को हाईकोर्ट प्रशासन खुद देख रहा है। इसके लिए उसने एक साफ्टवेयर भी डेवलप कराया है। हाईकोर्ट के कर्मचारी उस साफ्टवेयर पर काम कर रहे हैं और लिस्टिंग की नई व्यवस्था को चालू कर रहे हैं। हालांकि काम की शुरूआत होने से वादों की सुनवाई सामान्य तौर पर नहीं हो पा रही है। अधिवक्ताओं को सूचीबद्ध होने वाले वादों की जानकारी नहीं हो पा रही है। इस वजह से दिक्कत हो रही है। कहा जा रहा है कि व्यवस्था सामान्य होने में अभी कुछ दिन और लग जाएंगे। इस वजह से हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से यह हेल्प डेस्क शुरू किया गया है।

गेटमैन की सतर्कता से संभावित रेल हादसा टला, मामले में दो गिरफ्तार

अलीगढ़। हावड़ा-दिल्ली रेलमार्ग पर बरहन रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलवे फाटक पर तैनात एक गेटमैन की सतर्कता से ट्रेन के डिब्बे में आग लगने से होने वाली संभावित दुर्घटना टल गई।आरपीएफ के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टूंडला जंक्शन के नजदीक हुई इस घटना में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। अलीगढ़ में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक अधिकारी ने बताया कि घटना तीन जनवरी की रात को हुई, जब गेटमैन ने देखा कि असम से नई दिल्ली आ रही संपर्क क्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस के एक डिब्बे से धुआं निकल रहा है। उन्होंने बताया कि गेटमैन ने तुरंत बरहन रेलवे स्टेशन पर अपने वरिष्ठों को सूचना दी, जिन्होंने ट्रेन में यात्रा कर रहे आरपीएफ टीम को फोन द्वारा इसकी सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि आरपीएफ टीम ने तुरंत ट्रेन को अगले स्टेशन चमरौला पर रोकने की व्यवस्था की, साथ ही चलती ट्रेन में तलाशी ली और पाया कि कुछ लोगों ने गोबर के उपलों की मदद से सामान्य श्रेणी के डिब्बे में अलाव जलाया था। उन्होंने बताया कि इससे पहले कि कोई बड़ा नुकसान होता, आग तुरंत बुझा दी गई और ट्रेन फिर अलीगढ़ जंक्शन के लिए रवाना हुई, जहां 16 लोगों को हिरासत में लिया गया। अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ कमांडेंट राजीव वर्मा ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि फरीदाबाद के रहने वाले चंदन (23) और देवेंद्र (25) नामक दो युवकों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ठंड से राहत पाने के लिए अलाव जलाया था। अन्य 14 सह-यात्री बाद में उनके साथ शामिल हो गए। उन्होंने बताया कि अलीगढ़ में पूछताछ के बाद हिरासत में लिए गए 14 सह-यात्रियों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया, जबकि चंदन और देवेंद्र पर भारतीय दंड संहिता और भारतीय रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया।

डीएम ने निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का लिया जायजा

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने डाला ओबरा सम्पर्क मार्ग पर निर्माणाधीन रेवले रोड ओवरब्रिज का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन ओवरब्रिज में कार्य कर रहे मैन पावर की संख्या कम पायी गयी और ओवरब्रिज के निर्माण कार्य की प्रगति भी धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए रेलवे रोड ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में लगे अभियन्ता व कान्ट्रैक्टर को निर्देशित करते हुए ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य मैन पावर की क्षमता वृद्धि करते हुए अतिशीघ्र पूर्ण किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, मेरे द्वारा पुन: एक सप्ताह के बाद ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का जायजा लिया जायेगा निर्माण कार्य हेतु जो भी निर्देश दिये गये है उसका अनुपालन एक सप्ताह के भीतर करना सुनिश्चित करे, ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य में शिथिलता होने के कारण सड़क मार्ग से आवागमन में बड़े वाहनों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य में जिन भी एजेन्सियों को जो भी जिम्मेदारी दी गयी है, वह निर्धारित समय में उसे पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान रेलवे रोड़ ओवर ब्रिज के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 15 फरवरी तक में जन मानस के प्रयोग हेतु ओवर ब्रिज को प्रारम्भ कर दिया जायेगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि ओवर ब्रिज पुल में क्रेक रिपेरिंग का कार्य भी शीघ्र प्रारम्भ कर पूर्ण किया जाये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह उप जिलाधिकारी ओबरा प्यारेलाल मौर्य, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह जिलाधिकारी ओ0एस0डी0 राम आधार सहित अन्य सम्मानितगण उपस्थित रहें।

शीतकालीन शैक्षिक शिविर का हुआ भव्य शुभारंभ

बीजपुर/सोनभद्र। विकास खण्ड म्योरपुर में स्थित कम्पोजिट विद्यालय बीजपुर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में तथा ए आर पी रजनीश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रधानाध्यापिका आशा रानी सोनवान व समस्त शिक्षक के तत्वावधान में छ: दिवसीय शीतकालीन शैक्षिक शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्राचार्य मां मैत्रियोगिनी इंटर कॉलेज शेषनाथ तिवारी एवं ए आर पी रजनीश श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं उन्हें नमन करके किया गया। विद्यालय के अध्यापक मनोज कुमार दूबे एवं शिक्षक संकुल अजय कुमार गुप्ता द्वारा प्रथम दिवस के पाठ्यक्रम नाटक नृत्य एवं संगीत पर प्रकाश डालते हुए छ: दिवसीय शैक्षिक शिविर की रूपरेखा पर चर्चा परिचर्चा किया गया। अगली कड़ी में बच्चों के द्वारा कृष्ण एवं राधा की एकांकी नृत्य की प्रस्तुति की गई। विद्यालय के अध्यापक नारायण दास गुप्ता के दिशा निर्देशन में कक्षा 6,7,8 के विद्यार्थियों की टीम द्वारा आदिवासी लोक नृत्य की प्रस्तुति का अभ्यास कराया गया। कक्षा 2 व 3 के छात्राओं द्वारा एकल मनमोहक नृत्य पेश किया गया। इसके उपरान्त प्राथमिक बालक वर्ग को मनोज दुबे द्वारा नृत्य के विभिन्न स्टेप सिखलाने का कार्य किया गया। ए आर पी श्री श्रीवास्तव द्वारा बच्चों से कविता चित्र कहानी इत्यदि पर चर्चा कराते हुए निपुण लक्ष्य एप्प द्वारा बच्चों के भाषा व गणित का आकलन किया गया। कार्यक्रम के अंत मे श्री तिवारी द्वारा शैक्षिक शिविर के महत्व पर चर्चा करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के खेल शिक्षक विमलेश यादव द्वारा द्वितीय दिवस को होने वाले विषयवस्तु खेल आत्मरक्षा एवं ट्रैफिक नियम के पाठ्यक्रम की सूचना सभी बच्चों को दी गई। ए आर पी श्री श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

अर्दली बाजार स्थित भवन ध्वस्तीकरण पर लगी रोक

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चमरौटिया मोहाल अर्दली बाजार वाराणसी स्थित याची के आवास के ध्वस्तीकरण व बेदखली पर रोक लगा दी है और कहा है कि राज्य प्राधिकारी नियमानुसार जमीन अधिग्रहण कर सकते हैं या भू स्वामी से करार की दशा में याची की आपत्ति का निस्तारण कर कार्रवाई कर सकते हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति एस डी सिंह तथा न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल की खंडपीठ ने फखरूद्दीन कुरैशी की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याची अधिवक्ता मनीष सिंह का कहना था कि याची के पिता निजामुद्दीन के नाम भवन के एक हिस्से का 13 दिसंबर 1995 का बैनामा है। जिसे किसी अदालत में चुनौती नहीं दी गई है। वह भवन स्वामी होने के नाते कब्जे में है। विकास प्राधिकरण जिला अदालत से सन्दहा रोड वाया आशापुर का चौड़ीकरण कर रहा है। याची की जमीन का न तो अधिग्रहण किया गया है और न ही अधिकारियों के साथ उसका कोई करार हुआ है। जबरन उसके मकान को ध्वस्त करने की कोशिश की जा रही है। राज्य सरकार के अधिवक्ता बीरेंद्र प्रसाद शुक्ल का कहना था कि राजस्व अभिलेखों में भवन व जमीन महाराजा बनारस के नाम जाम्मन भूमि के रूप में दर्ज है। बैनामा करने वाले का जमीन पर स्वामित्व नहीं था इसलिए याची को जमीन का स्वामित्व प्राप्त नहीं है।अन्य भवन स्वामियों से सड़क चौड़ीकरण के हक में करार हो चुका है।याची से करार की जरूरत नहीं है।

किसानों की समस्याओं का हो त्वरित निस्तारण: एसडीएम

सकलडीहाध्चन्दौली । उपजिलाधिकारी अनुपम मिश्रा के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 90 प्रार्थना पत्र में 9 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष संबधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिये निर्देशित किया।एसडीएम अनुपम मिश्रा अधिकारियों के साथ सुबह दस बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्या सुन रहे थे। किसानों ने नहरों की साफसफाई व धान की खरीदारी सहित अन्य समस्याओं का निस्तारण के लिये आग्रह किया। एसडीएम ने किसानों की समस्या को त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया। किसानों ने सकलडीहा अमावल राजवाहा की पूर्ण रूप से सफाई की मांग किया। इसके अलावा दरियापुर माइनर की सफाई का मांग उठाया। इसके पूर्व बिजली संबधित समस्या के साथ् पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से समस्याओं को अवगत कराया। इस मौके पर सीओ रधुराज राजए तहसीलदार अखिलेश कुमार गुप्ताए नायब तहसीलदार अमित सिंहएप्रभुनाथ यादवएबीडीओ केके सिंहएपूर्ति निरीक्षक अमित द्विवेदीएबीईओ अवधेश रायएसीडीपीओ अवधेश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

आत्मदाह का प्रयास करने वाले किसान की मौत

मेरठ। जिले में कथित तौर पर एक किसान ने उसकी भूमि को सरकारी बताकर उस पर वन विभाग द्वारा कब्जा करने के विरोध में आत्मदाह का प्रयास किया, जिसकी शनिवार अपराह्न को मौत हो गई। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि किसान की पहचान अलीपुर मोरना निवासी जगबीर (53) के तौर पर की गई है, जिसने मवाना के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) कार्यालय के सामने शुक्रवार को आग लगा कर आत्मदाह करने का प्रयास किया था। उन्होंने बताया कि आग में बुरी तरह झुलसे किसान को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था और बेहतर उपचार के लिए मेरठ भेजा गया था, जहां उपचार के दौरान आज उसकी मौत हो गई। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया, मृतक किसान के परिजनों को शासन से हर संभव मदद दिलाने के लिए हम बात कर रहे हैं।

हिस्ट्रीशीटर और ईनामिया के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

सकलडीहाध्चन्दौली । शासन की मंशा के अनुरूप क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना और अपराधियों पर सख्ती से नकेल कसा जायेगा। किसी प्रकार की व्यवधान उत्पन्न करने वाले बख्से नही जायेगे। शनिवार को नवागत सीओ रघु राज कार्यालय में अधिनस्थों को निर्देशित करते हुए बताया। इस मौके पर मुकदमों का निस्तारण सहित अन्य विभिन्न विंदूओं पर चर्चा किया।

कौशाम्बी जनपद के निवासी रघुराज पूर्व में चकिया और सीओ लाइन में तैनात रहे। पुलिस अधीक्षक डाण् अनिल कुमार के निर्देश पर सकलडीहा सीओ राजेश कुमार राय सदर के सीओ नियुक्त हुए। वही सीओ लाइन से रघुराज को सकलडीहा सीओ नियुक्त किया गया है। नवागत सीओ रघुराज ने अधिनस्थों को मुकदमों में निस्तारण में तेजी लाने का निर्देश दिया। चेताया कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति के खिलाफकोई कार्रवाई नही होनी चाहिये। दोषीयों को बख्सा नही जायेगा। इसके पूर्व उन्होंने थानावार मुकदमा और हिस्ट्रीशीटर सहित ईनामिया और गैंगेस्टर के बारे में जानकारी लिया। हर हाल में हिस्ट्रीशीटर और ईनामिया के खिलाफकार्रवाई का निर्देश दिया। इस मौके पर कोतवाल राजीव कुमार सिंहए धर्मदेव सिंहए संजय पाल सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

लाभार्थियों को मिल रहा है सरकार की योजनाओं का लाभ-रूबी प्रसाद

सोनभद्र। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को जनपद मुख्यालय स्थित रामलीला मैदान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद पकौड़ी लाल कोल नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष चन्द्र यादव व परियोजना अधिकारी डूडा राजेश उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया गया। उक्त अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद नें कहाकि विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत सरकार एवं प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अन्तर्गत है, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं कें प्रचार-प्रसार के साथ ही ऐसे पात्र व्यक्ति जो अभी तक किन्ही कारणों से योजनाओं के लाभ लेने से वंचित रह गये हैं उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान योजनाओं के लाभ से जोड़ा जाये। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना उज्जवला योजना जिलापूर्ति कार्यालय राशन कार्ड आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड स्वास्थ्य कैंम्प प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना बैंको के माध्यम से बीमा योजना आदि का स्टाल लगाकर अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभ दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात कवि जगदीश पंथी नें किया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद सभी सदस्य जिला कार्यक्रम प्रबन्धक स्वच्छ भारत कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात कवि जगदीश पंथी नें किया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद सभी सदस्य जिला कार्यक्रम प्रबन्धक स्वच्छ भारत मिशन सत्यम पाण्डेय अध्यक्ष उद्योग व्यापर मंडल कौशल शर्मा पूर्व न0पा0प0 अध्यक्ष कृष्णमुरारी गुप्ता पुष्पा सिंह मनोज सोनकर रतनलाल गर्ग संजय जायसवाल संत कुमार सोनी सुजीत कुमार उपस्थित रहे।

फर्जी पासपोर्ट से नेपाल भागने की कोशिश में उज्बेक महिला को दो साल की सजा

महराजगंज। जिले की एक स्थानीय अदालत ने उज्बेकिस्तान की एक महिला को फर्जी पासपोर्ट और वीजा दस्तावेजों के सहारे नेपाल भागने की कोशिश करने के मामले में दो साल कैद की सजा सुनाई। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।अदालत ने महिला पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।विशेष न्यायाधीश फूल चंद कुशवाहा ने शुक्रवार को सजा सुनाई और 32 वर्षीय शोखसनम सपाखोनोवा को दोषी ठहराया। साथ ही जुर्माना न करने पर उसे दो माह की अतिरिक्त कैद का आदेश दिया।अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि चंडीगढ़ से नेपाल जा रही एक उज्बेक महिला को आव्रजन विभाग ने भारत-नेपाल सीमा के सोनौली क्षेत्र से 22 अगस्त, 2022 को गिरफ्तार किया था।

दिल्ली दरबार में टेकना पड़ेगा माथा

वैसे देखा जाए तो कारागार में रहना किसी को पसंद नहीं है। हर व्यक्ति कारागार से खौफ खाता है और प्रयास करता है कि कहीं कोई ऐसा काम ना हो जाए, जिससे कारागार की सैर करनी पड़ जाए लेकिन एक धर्म के वीर हैं, जिन्हें कारागार बहुत पसंद आया है। आलम यह है कि वह मन लगाकर कारागार में काम भी कर रहे हैं। भगवा सरकार के बड़े महाराज ने जब से उन्हें कारागार का दायित्व दिया है, तब से लगातार वे कारागार में सक्रिय रहते हैं। कारागार से उनका इतना लगाव हो गया है कि वह हर समय कारागार के बारे में ही सोचते रहते हैं। अब उन्हें कहीं से उड़ती हुई सूचना मिली कि उनका यह विभाग (कारागार) उनके पास जाने वाला है। तब से महोदय की नींद ही उड़ गई है। अब वे न चैन से सो पा रहे हैं और ना बैठ पा रहे हैं। स्थित यह बन पड़ी है कि अब बस उन्हें कारागार महकमे के बरकरार रहने की ही चाहिए। इसके लिए वह दिल्ली तक की सैर करने को तैयार हैं क्योंकि उन्हें पता है कि राहत वहीं से मिलेगी। कारागार में बने रहना है तो दिल्ली दरबार में माथा टेकना पड़ेगा।

कुलपति का 'कैलकुलेशन'

अपने टेक्निकल यूनिवर्सिटी के वीसी साहब के क्या कहने। मैकेनिकल फील्ड में विशेषज्ञता रखने वाले कुलपति का आंकलन इतना जबरदस्त है कि सुनने वाले के तो ठीक पर गड़बड़ करने वालों के पैर के नीचे से जमीन खिसक जाए। परिसर में एक दिन कुलपति सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले तो देखा कि परिसर की बाउंड्री में जगह-जगह होल है। तो कहीं पर यह होल बंद कराया गया है। परिसर की बाउंड्री को कुत्ते न पार कर सके इसलिए पुराने कुलपति ने अपने आवास के समीप चाहरदीवारी के होल को बंद करा दिया था जबकि दूसरी तरफ होल खुले हैं। नए कुलपति का ब्रेन किसी कम्प्यूटर से कम नही हैं तो उन्होंने खड़े-खड़े एक स्थान पर होल में लगी सारी ईंट गिन डाली। जिस पर उन्होंने बाकी के भरे होल का कैलकुलेशन लगाया तो कुल 44 हजार की संख्या में ईंट सामने आई। ऐसे में जब कुलपति ने बजट के बारे में पता कराया तो पता चला कि ईंट लगाने के एवज में 1.67 लाख रुपए का भुगतान हुआ है। यह जानने के बाद कुलपति अभी कार्रवाई का मन ही बना रहे थे और रास्ता खोज रहे थे कि दो दिन बाद उन्हें जानकारी मिली की बाकी बचे सारे होल भी बंद करा दिए गए हैं। तारीफ की बात यह कि बाकी बचे होल के लिए न तो कोई एस्टीमेट बना और न ही कोई बजट की मांग हुई। अब इतने से समझा जा सकता है कि यहां कितनी बंदरबांट होती थी। न कोई पूछने वाला न कोई बताने वाला। सब, भगवान की माया है।



बढ़ गई 'माननीयों' की पूछ

देश में आम चुनाव की आहट होते ही सूबे में 'माननीयों' की पूछ यकायक बढ़ गई है। अभी तक आलम यह था कि सत्तारूढ़ दल हो अथवा विपक्ष, सभी के माननीयों को ब्यूरोक्रेसी के व्यवहार को लेकर बड़ी पीड़ा थी। ग्राम पंचायत से लेकर विधानसभा तक के जनप्रतिनिधियों का यही दुखड़ा रहता था कि अधिकारी उनका फोन नहीं उठाते। कोई सिफारिश करो तो तवज्जो नहीं देते। विकास संबंधी विभिन्न बैठकों में नहीं बुलाया जाता। बुलाया भी जाता है तो सही सम्मान नहीं मिलता। विधानमंडल के प्रत्येक सत्र में माननीय अपनी इस पीड़ा को सदन में उठाते नजर आते थे। इन पीड़ित माननीयों को अब परेशान होने की जरूरत नहीं क्योंकि ब्यूरोक्रेसी के चीफ ने अभी कल ही इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया है। जिसमें प्रदेश मुख्यालय और जिला स्तर पर अयोजित बैठकों, आयोजनों में जनप्रतिनिधियों (सांसद एवं विधान मण्डल के सदस्यों) के बैठने के स्थान, सरकारी कार्यक्रमों में उन्हें आमंत्रित किए जाने तथा विज्ञापनों एवं शिलापट्टों पर उनका नाम अंकित किए जाने के संबंध में प्रोटोकॉल निर्धारित कर दिया गया है। इसका उल्लंघन करने वाले अफसरों को कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है।

बड़े साहब के आगे बाहुबल फीका

बड़े साहब का भौकाल देखकर अच्छे-अच्छे बाहुबली भी कहने लगे वाह क्या बात है बड़ी कार्रवाई कर डाली। एलडीए में बीते दो वर्षों में बड़े- बड़े माफियाओं के साम्राज्य को ध्वस्त कर दिया गया। कई सांसद, विधायक और बाहुबलियों के फोन घनघनाए लेकिन साहब नहीं डिगे। भले ही साहब के पीछे सरकार की ताकत काम कर रही हो लेकिन वाहवाही तो साहब को ही मिल रही है। दो दिन पूर्व एफआई टावर पर कार्रवाई यही बताती है कि एलडीए के बड़े साहब पूरी धमक के साथ अवैध इमारत ढहा रहे हैं। इससे पूर्व दो बड़ी इमारतें और कई सौ करोड़ की जमीन खाली कराने में एलडीए की अहम भूमिका रही। यह देखकर कई दबदबे वाले नेताओं की सफारी भी एलडीए की पार्किंग में दिखाई पड़ती है। यह देखने वाले एलडीए के बड़े-बड़े बाबुओं की तबीयत भी ठीक हो गयी है, क्योंकि साहब के राडार पर जो भी आया उसकी छुट्टी होनी तय है। खैर कुछ भी हो अभी तो सिर्फ साहब ही साहब हैं।

पूर्व की सरकारें अराजकता और गुंडागर्दी को देती थीं प्रश्रयः सीएम

● सूरजकुंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास एवं सुरक्षा व्यवस्था के मामले में पूर्व की सरकारों को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था और विकास मानसिकता पर निर्भर करता है। पहले की सरकारें जहां कब्जा करती-कराती थीं, वहीं हमारी सरकार कब्जों को मुक्त कराती है। पूर्व की सरकारें अराजकता और गुंडागर्दी को प्रश्रय देती थीं, हमारी सरकार ऐसे तत्त्वों पर सख्ती कर प्रदेश को अराजकता और गुंडागर्दी से मुक्त कराती है।

सीएम योगी शनिवार दोपहर बाद गोरखपुर के सूरजकुंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 16.15 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। लोकार्पण व शिलान्यास के कार्यों में जरूरतमंद लोगों के लिए कल्याण मंडपम का शिलान्यास भी शामिल है, जिसका भूमि पूजन भी मुख्यमंत्री ने किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह से मुखातिब सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार की मंशा विकास के साथ लोक कल्याण करने की है। बिना भेदभाव सबको योजनाओं का लाभ मिलेए विकास और सुरक्षा का बेहतर माहौल होए सरकार इसके लिए कार्य कर रही है। विकास से ही सशक्त पहचान मिलती हैए प्रदेश और देश के प्रति धारणा बदलती है। इसके लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता होती है। सीएम योगी ने कहा कि जब केंद्र व राज्य में एक पार्टी की सरकार होती है तब विकास और रोजगार सृजन के साथ योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव हर जरूरतमंद तक पहुंचता है। सीएम योगी ने कहा कि छह वर्ष पूर्व मुफ्त आवासए शौचालय, बिजली, गैस कनेक्शन गरीबों के लिए सपना था लेकिन आज डबल इंजन सरकार में हकीकत है। छह वर्ष पहले गोरखपुर से एक फ्लाइट की सुविधा थीए आज प्रतिदिन 14 फ्लाइट की सुविधा है। दशकों से बंद खाद कारखाना फिर से चल पड़ा है। खुद बीमार रहा बीआरडी मेडिकल कॉलेज चिकित्सा का उत्कृष्ट केंद्र बन गया है। यही नहीं, एम्स भी सेवा दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा समाज को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। इसी के दृष्टिगत श्रमिकों के पाल्यों को सभी व्यवस्था के साथ मुफ्त शिक्षा देने के लिए 18 अटल आवासीय विद्यालय खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही 57 नए अटल आवासीय विद्यालयों का भी शिलान्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में शुरू किए जा रहे 928 पीएमश्री विद्यालयों और गोरखपुर के सैनिक स्कूल का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कॉन्वेंट स्कूलों से बढ़कर उत्कृष्ट शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है। सीएम योगी ने सभी लोगों को आगामी खिचड़ी मेले और प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व सभी नागरिक स्वच्छता अभियान चलाकर सभी धर्म स्थलों और उसके आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाएं। जरूरतमंद लोगों के मांगलिक व अन्य कार्यों के लिए कल्याण मंडपम का भूमि पूजन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह 1.90 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। इसमें हाल तथा ऊपर-नीचे चार-चार कमरे होंगे। कार्यक्रम से पूर्व योगी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन तथा नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की।

प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने सभी अवैध कट होंगे बंद

● अवैध कट के चलते होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध रूप से बने कटों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर गंभीर है। सरकार ने सख्ती से इन अवैध कटों को तत्काल बंद किए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अधिकारियों को समय-समय पर राष्ट्रीय राजमार्गों पर ऐसे अवैध कटों की निगरानी भी करने के लिए कहा गया है, ताकि दोबारा अवैध कटों का निर्माण न किया जा सके। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर इन अवैध कटों के कारण बड़े हादसों का जोखिम रहता है। कई बार स्कूली वाहन भी दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं और बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसे में योगी सरकार ने इसका संज्ञान लेते हुए आदेश जारी किया है। इस पहल के माध्यम से योगी सरकार का उद्देश्य सड़क हादसों और उनमें होने वाली मौतों में कमी लाने के अपने संकल्प को पूरा करना है। प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर लू ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने अवैध कटों को बंद किए जाने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किया है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि 20 नवंबर 2023 को प्रदेश विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (इंल्पीसिट लेजिस्लेशन कमेटी) की बैठक में प्रदेश के स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूली वाहनों के संचालन हेतु उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली को संशोधित करने पर विचार विमर्श हुआ था। इसी क्रम में समिति द्वारा प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध रूप से निर्मित कटों के कारण होने वाली अत्यधिक सड़क दुर्घटनाओं पर गंभीर चिंता प्रकट की गई। और इन्हें तत्काल बंद कराने के लिए संबंधित विभाग और अधिकारियों को निर्देशित किए जाने की अपेक्षा की गई है।

भूजल योजना की रैंकिंग में यूपी अव्वल

● 7 राज्यों में चल रही योजना में यूपी ने जिले, ब्लाक और ग्राम पंचायत स्तर पर कायम किए रिकार्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश को भूजल योजना की रैंकिंग में अव्वल नंबर मिला है। जिला, ब्लाक और ग्राम पंचायत स्तर पर तेजी से चल रहे भूगर्भ जल को बचाने के अभियानों की वजह से गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, एमपी, महाराष्ट्र, राजस्थान जैसे राज्यों को उत्तर प्रदेश ने पीछे छोड़ दिया है। भूजल स्तर को बेहतर करने और किसानों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से योजना यूपी में काफी कारगर साबित हुई है। भूजल संसाधनों की सुरक्षा, संरक्षण, प्रबंधन और नियमन को यूपी के 10 जिलों चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, झांसी, मुज्जफरनगर, शामली, ललितपुर, महोबा, बागपत और मेरठद्ध में तेजी से पूरा किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में जरूरत भर के पानी के लिए भी लोगों को तरसना पड़ता था। ग्रामीणों ने पानी की किल्लत को अपनी नियति मान लिया था। ऐसा अब बिल्कुल नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार ने पिछले साढ़े छह साल में उत्तर प्रदेश की इस नियति को बदलकर रख दिया है। हर घर नल से जल योजना के माध्यम से पानी तो गांव-गांव पहुंच ही रहा है साथ ही जल संरक्षण में भी उत्तर प्रदेश पूरे देश में अव्वल हो चुका हैण् भू जल स्तर में गिरावट को रोकने में देश के छह राज्यो से यूपी कहीं आगे निकल गया है। ताजा आंकड़े दिसम्बर 2023 में जारी किए गए हैं। इस रैंकिंग में यूपी ने अटल भूजल योजना में राज्य स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है। यूपी के बाद महाराष्ट्र, तीसरे पर मध्य प्रदेश है, जबकि हरियाणा, कर्नाटक, गुजरात और राजस्थान इन तीनों राज्यों से पीछे हैं। जिला रैंकिंग में सभी सात राज्यों के 78 जिलों में यूपी के पांच जिले शामली, झांसी, ललितपुर, मुज्फरनगर, हमीरपुर टॉप 10 में शामिल हुए हैं। इसी तरह से ब्लाक स्तर पर जारी रैंकिंग में देश के 193 ब्लाकों में यूपी के पांच ब्लाक झांसी का बबीना, शामली का कंधला, हमीरपुर का मुस्करा, ललितपुर का तालबेहट, झांसी का मऊरानीपुर टॉप 10 में हैं।

अभियोजन विभाग होगा और ताकतवर 9 जिलों में होगा खुद का अपना कार्यालय

● नहीं होगी संसाधनों की कमी, विभिन्न मामलों में प्रभावी पैरवी के लिए मिलेगी सहूलियत

● मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभाग कर रहा भूमि चिन्हिकरण की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश सरकार कोर्ट में प्रभावी पैरवी के माध्यम से अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने में अहम भूमिका निभाने वाले अभियोजन विभाग को और ताकतवर करने जा रही है। इसके लिए योगी सरकार ने प्रदेश के नौ जिलों में अभियोजन विभाग को खुद के कार्यालयों में शिफ्ट किए जाने का निर्णय लिया है। अभी तक विभाग के कार्यालय किराये या कलेक्ट्रेट के परिसर से संचालित हो रहे हैं। अपने स्वयं का कार्यालय होने से विभाग ज्यादा स्वतंत्रता और सुविधाओं के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन करने में सक्षम हो सकेगा। मालूम हो कि योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जहां एक ओर यूपी पुलिस अपराधियों पर नकेल कस रही है तो वहीं कोर्ट में प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियोजन विभाग अपराधियों को सजा दिलाने में महती भूमिका अदा कर रहा है। इससे प्रदेश में अपराधी बेदम हो रहे हैं। अभियोजन विभाग की सक्रियता का ही नतीजा है कि प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में प्रभावी पैरवी से पिछले तीन साल के अंदर तकरीबन 30 हजार से अधिक मामलों में अपराधियों को उनके गुनाहों की सजा दिलाने में सफलता मिल चुकी है। अपराधियों को न्यायालय में पैरवी के जरिये सजा दिलाने के लिए अभियोजन निदेशालय के तहत प्रदेश के सभी जिलों में अभियोजन कार्यालय संचालित किये जा रहे हैं, लेकिन ये कार्यालय ज्यादात्तर किराये की बिल्डिंग या कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित हो रहे हैं। इसकी वजह से कभी-कभी विभाग को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विभाग का अपना कार्यालय न होने से कभी-कभी केस के विटनेस को ठहराने में काफी समस्या होती है। यह समस्या तब और बढ़ जाती है जब किसी गंभीर मामले के विटनेस को ठहराने के साथ-साथ सुरक्षा भी मुहैया कराना होता है।

इसको लेकर विभाग के अधिकारियों ने एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी समस्या से अवगत कराया था। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राथमिकता के आधार पर विभाग के अपने कार्यालय के लिए जिले चिन्हित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद विभाग की ओर से प्राथमिकता के आधार पर प्रदेश के नौ जिलों (चंदौली, चित्रकूट, संतकबीर नगर, महाराजगंज, ललितपुर, फिरोजाबाद, मुरादाबाद, सोनभद्र और बांदा) में विभाग के अपने कार्यालय संचालित करने का प्रस्ताव दिया था। इस पर सीएम ने हरी झंडी देते हुए भूमि चिन्हिकरण के निर्देश दिए। वर्तमान में विभाग की ओर से नौ जिलों में भूमि चिन्हिकरण की कार्रवाई की जा रही है। भूमि चिन्हित होने के बाद सरकार की ओर से मंजूरी मिलते ही कार्यालय खोलने की शुरुआत होगी। इसके बाद न सिर्फ प्रभावी पैरवी के लिए रणनीति बनाने में आसानी होगी, बल्कि कन्विक्शन रेट भी बढ़ने की संभावना है।

स्पेस एक्सप्लोरेशन में ग्लोबल स्टेज पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है भारतः मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● आदित्य-एल-1 स्पेसक्राफ्ट के डेस्टिनेशन तक पहुंचने की उपलब्धि पर योगी ने दी टीम इसरो को बधाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदित्य-एल-1 स्पेसक्राफ्ट के सन-अर्थ लैग्रेंज पॉइंट 1 (एल 1) पर पहुंचने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन (इसरो) को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल से किए गए पोस्ट में कहा, भारत की पहली सोलर ऑब्जरवेटरी ंआदित्य-एल-1 के अपने गंतव्य पर पहुंचने की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए टीम इसरो को बधाई। उनका डेडीकेशन और एक्सपर्टीज निस्संदेह महत्वपूर्ण सोलर इनसाइट्स को उजागर करेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैज्ञानिक प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता ने भारत के स्पेस एक्सप्लोरेशन के प्रयासों को प्रेरित किया है और हमारा देश ग्लोबल स्टेज पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उल्लेखनीय है कि इसरो का आदित्य-एल-1 स्पेसक्राफ्ट 126 दिनों में 15 लाख किमी की दूरी तय करने के बाद शनिवार को सन-अर्थ लैग्रेंज पॉइंट 1 (एल-1) पर पहुंच गया है। एल-1 अंतरिक्ष में ऐसा स्थान है, जहां पृथ्वी और सूर्य की गुरुत्वाकर्षण शक्तियां संतुलित होती हैं। आदित्य एल-1 को 2 सितंबर को सुबह 11.50 बजे पीएसएलवी-सी57 के एक्सएल वर्जन रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था।

हर साल रामनवमी पर भगवान सूर्य करेंगे श्रीराम का अभिषेक

रामोत्सव 2024

● दोपहर 12 बजे दमकेगा प्रभु का ललाट, श्रीराम की मूर्ति भी होगी अलौकिक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या को जिस दिव्यता, भव्यता और नव्यता की ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार लेकर जा रही है, उसकी झलक दिखने लगी है। ना केवल नगर में हो रहे विकास कार्यों में बल्कि भगवान राम के भव्य मंदिर और यहां तक कि उनकी मूर्ति में भी अलौकिकता के दर्शन होंगे। मंदिर ट्रस्ट की ओर से भी इसपर अपनी मुहर लगा दी गई है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि प्रभु श्रीराम की मूर्ति को इस प्रकार से बनाया गया है कि प्रत्येक वर्ष रामनवमी को भगवान सूर्य स्वयं श्रीराम का अभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत के प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की सलाह पर मूर्ति की लंबाई और उसे स्थापित करने की ऊंचाई को इस प्रकार से रखा गया है कि हर साल चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें प्रभु श्रीराम के ललाट पर पड़ेंगी।

ट्रस्ट की ओर से बताया गया है कि तीन शिल्पकारों ने प्रभु श्रीराम की मूर्ति का निर्माण अलग अलग किया, जिसमें से एक मूर्ति को प्रभु प्रेरणा से चुना गया है। चुनी गई मूर्ति की पैर से लेकर ललाट तक की लंबाई 51 इंच है और इसका वजन डेढ़ टन है। मूर्ति की सौम्यता का बखान करते हुए कहा गया कि श्यामल रंग के पत्थर से निर्मित मूर्ति में ना केवल भगवान विष्ण की दिव्यता और एक राजपुत्र की कांति है बल्कि उसमें 5 साल के बच्चे की मासूमियत भी है। चेहरे की कोमलता, आंखों की दृष्टि, मुस्कान, शरीर आदि को ध्यान में रखते हुए मूर्ति का चयन किया गया है।

22 जनवरी को घर-घर जलेगी राम ज्योति

● प्रदेश के सभी पौराणिक स्थलों पर प्रज्वलित किए जाएंगे दीप, हर प्रदेशवासी को घर में दीप प्रज्वलित करने के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

22 जनवरी को अयोध्या में नव निर्मित भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बनकर सामने आएगा। देश भर में इस दिन को लेकर लोग अपने-अपने तरीके से तैयारी कर रहे हैं। वहींए योगी सरकार ने पूरे प्रदेश में इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए कमर कस ली है। अयोध्या समेत पूरे प्रदेश में 14 जनवरी से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ होने जा रहा है, जिनमें रामकथा, रामलीला, शास्त्रीय संगीत की पूरी श्रृंखला शामिल है। इन कार्यक्रमों के साथ ही 22 जनवरी को पूरे देश में दीपोत्सव मनाए जाने की भी योजना है, जिसमें प्रदेशवासी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और इसे एक पर्व की तरह मनाएं इसके प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि यह दीपोत्सव दीपावली के पर्व पर अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव से बिल्कुल अलग होगा। इसमें सरयू के तट पर दीप नहीं जलाए जाएंगे, बल्कि प्रदेश के सभी पौराणिक स्थलों के साथ हर घर में दीप जलाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसमें दीया और तेल सब कुछ प्रदेशवासियों का होगा जो भगवान राम के प्रति उनकी अगाध आस्था को प्रदर्शित करेगा। पीएम मोदी ने इस दीपोत्सव की लौ को राम ज्योति का नाम दिया था और अब इसी राम ज्योति को प्रदेश के हर घर में प्रज्वलित करने के लिए योगी सरकार ने संकल्प लिया है।

शनिवार को लखनऊ के पर्यटन भवन में आयोजित वार्ता में प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि 22 जनवरी को पूरे देश में दीपोत्सव मनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश में भी लोगों को दीपोत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। हमारा प्रयास है कि प्रदेश के सभी पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों पर दीपोत्सव का आयोजन हो। लोगों को भी अपने घर पर दीप जलाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम दीपावली से पहले होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम जैसा नहीं होगाए बल्कि उससे भी वृहद होगा। इसको पर्व की तरह हर घर में मनाया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग सभी प्रदेशवासियों से अपने घरों में दीप के माध्यम से श्राम ज्योतिश् प्रज्वलित करने की अपील कर रहा है। यह ऐतिहासिक अवसर है और हमें उम्मीद है कि हमारी उम्मीद से भी ज्यादा लोग इसमें बढ़.चढ़कर हिस्सा लेंगे। प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि अयोध्या में 14 जनवरी से शुरू हो रहे तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूरे देश से कलाकारों को बुलाया गया है। शास्त्रीय संगीत, गायन, वादन समेत अन्य विधाओं से जुड़े कलाकार लगातार 70 दिनों तक अयोध्या में विभिन्न स्थानों पर अपनी प्रस्तुतियां देंगें। इस दौरान कम से कम 4 हजार से 5 हजार कलाकार अयोध्या में रहेंगे, जिनके रहने के लिए कला ग्राम की स्थापना की जा रही है। पूरे प्रदेश में इन कार्यक्रमों के लिए सरकार की ओर से अनुपूरक बजट में 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

जनकपुर से अयोध्या पहुंची विहिप की यात्रा

● जनकपुरी से 500 से ज्यादा श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के लिए लेकर आए 3000 से ज्यादा विशिष्ट उपहार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

22 जनवरी को भव्य जन्मभूमि मंदिर में होने वाले रामलला के श्रीविग्रह प्राण-प्रतिष्ठा व लोकार्पण कार्यक्रम के आयोजन की घड़ियां जैसे-जैसे समीप आ रही हैं, वैसे-वैसे देश-दुनिया के रामभक्तों का उत्साह, उमंग व तरंग नए हिलोरें ले रहा है। ऐसे में माता सीता के मायके और प्रभु श्रीराम के ससुराल के तौर पर विख्यात जनकपुरी भला कहां पीछे रहने वाली है। यहां एक ओर सीता-राम को परमसत्ता स्वरूप मानकर आराधना व वंदन किया जाता है तो वहीं दूसरी ओर श्रद्धालु माता सीता से बेटी व प्रभु श्रीराम से जमाता वाले संबंध का मान रखते हुए उसे पूरी श्रद्धा से निभाते हैं। यही कारण है कि भव्य मंदिर में जब ब्रह्मांड नायक प्रभु श्रीराम को राजाधिराज और ब्रह्मांड नायिका माता सीता को साम्राज्ञी के तौर पर अलंकृत करके विद्यमान किया जाएगा तो सबसे पहला नेग भी नेपाल स्थित जनकपुरी से ही आना चाहिए। इसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद द्वारा नेपाल की जनकपुरी से अयोध्या नगरी के बीच 3000 श्रद्धालुओं द्वारा भार (सनेश) यात्रा का आयोजन किया गया, जिसके जरिए श्रीराम-जानकी के लिए तमाम तरह के विशिष्ट उपहार जनकपुर से अयोध्या लाए गए हैं। इसमें नेग के तौर पर दी जाने वाली सामग्रियां शामिल हैं। वीएचपी द्वारा आयोजित इस यात्रा का अयोध्या के कारसेवकपुरम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने स्वागत किया। इस यात्रा का आयोजन नेपाल स्थित जनकपुर धाम रामजानकी मंदिर से किया गया था, जो शनिवार को लगभग तीन दर्जन वाहनों से कारसेवकपुरम् पहुंची। इसमें पांच सौ से ऊपर रामलला के ससुराल पक्ष के भक्त गण सम्मिलित हैं, जो अपने साथ तीन हजार से ऊपर उपहार भी लेकर आए हैं, जिसमें फल मिष्ठान, सोना, चांदी आदि हैं। नेपाल से आए इन श्रद्धालुओं का कहना है यह हमारा सौभाग्य है कि आज हमारे दामाद राजा की जन्मभूमि का निर्माण हो रहा है और 22 जनवरी को वह अपने सिंहासन पर विराजमान होंगे।

समाधान दिवस पर डीएम ने फरियादें सुनकर निस्तारण को भेजीं पुलिस व राजस्व की टीमें

● डीएम की अध्यक्षता में सदर में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील सदर के लोकसभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम श्रद्धा सिंह, सीओ सुबोध जायसवाल व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।

डीएम ने समाधान दिवस में आए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे। डीएम ने कहा कि आज प्रदान की जा रही सुपोषण किट सामग्री का नियमित सेवन कराए, यह किट बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए वरदान साबित होगी।

हत्या की घटना में वांछित दो इनामिया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर द्वारा मय पुलिस फोर्स के थाना कोतवाली सदर पर पंजीकृत के अंतर्गत घटना में वांछित दो नफर शातिर 25-25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्तों कुलदीप बाजपेई पुत्र राकेश बाजपेई व विकास दीक्षित उर्फ विक्कू पुत्र रमाशंकर दीक्षित को लालपुर बैरियर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त कुलदीप बाजपेई के कब्जे से आलाकत्ल 1 अदद अवैध तमंचा, 1 अदद जिन्दा कारतूस व 1 अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया व अभियुक्त विकास दीक्षित उर्फ विक्कू के कब्जे से 1 अदद अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।

दस मोटर साइकिलों समेत पांच नफर अभियुक्त हुए गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना भीरा पुलिस टीम द्वारा आज शनिवार को मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं मे संलिप्त पांच अभियुक्तों अर्पित गुप्ता पुत्र अजय कुमार गुप्ता निवासी ग्राम कस्बा पलिया थाना पलिया जनपद खीरी, अभिषेक तिवारी पुत्र मनोज तिवारी नि0मो0 सुभाष नगर पलिया थाना पलिया जनपद खीरी, गुरबाज उर्फ बाज पुत्र जोगिंदर सिंह नि0ग्राम चनैनी फार्म सिन्हौना थाना सिंगाही जनपद खीरी, पूरन सिंह पुत्र गुरदीप सिंह निवासी ग्राम सिन्हौना थाना सिंगाही जनपद खीरी व रवि ठाकुर उर्फ पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह निमो सुभाषनगर कस्बा पलिया थाना पलिया जनपद खीरी को अलगङ्गअलग थाना क्षेत्रों से चोरी किये गये 10 अदद मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त गण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

बीसीपीएम और एएनएम को दिया गया प्रशिक्षण, बांटे गए प्रमाण पत्र

लखीमपुर खीरी। किशोरावस्था में किशोर और किशोरियों को उनके अंदर हो रहे शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक बदलाव और स्वास्थ संबंधी सभी परामर्श एवं उपचार के लिए पर पीयर एजुकेट कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ब्लॉकों के चयनित बीसीपीएम और एएनएम को पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। शुक्रवार की देर शाम प्रशिक्षण समापन पर सभी को प्रमाण भी वितरित किए गए। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सचिन गुप्ता ने बताया कि यह यह कार्यक्रम अभी चयनित सात ब्लॉकों में चलाया जा रहा है जिन में बेहजम, बिजुआ, ईसानगर, कुंभी, फरधान, फूलबेहड़ और रमियाबेहड़ शामिल है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा भी प्रशिक्षकों को कार्यक्रम से संबंधित विषयों पर विस्तार से बताया गया है। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में शरीर में होने वाले बदलाव मानसिक एवं भावनात्मक बदलावों के दौरान किस तरह से किशोर और किशोरियों को तैयार करना है साथ ही किशोरावस्था में नशा वृद्धि हिंसा पीयर प्रेशर नेतृत्व कौशल शिक्षा का महत्व विवाह की सही उम्र लिंग आधारित हिंसा जैसे अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से बताया गया।

रोजगार मेले में 352 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग, 143 का हुआ चयन

कानपुर देहात। मिशन निदेशक, कौशल विकास मिशन के निर्देशानुसार कौशल विकास मिशन, आईटीआई एवं सेवायोजन द्वारा सयुक्त रूप से विकासखण्ड स्तरीय वृहद रोजगार मेला विकास खण्ड परिसर, अमरौधा कानपुर देहात में आयोजित किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने किया। उक्त रोजगार मेले में कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई उत्तीर्ण व गैर तकनीकी प्रशिक्षार्थियों, अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में सत्यम इलेक्ट्रोनिक, आरएममैन पावर सर्विस स्मार्ट केयर हॉस्पिटल, लाइफलाइन हॉस्टिपटल, एस वर्ल्ड ग्रुप, नमस्ते इडिया प्राइवेट लिमिटेड, इंडस्ट्रियल एरिया जैनपुर कानपुर देहात, निमसोन हर्वल प्राइवेट लिमिटेड आदि कुल 10 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले में कुल 352 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसने से उपरोक्त कम्पनियों द्वारा 352 अभ्यार्थियों का साक्षात्कार किया गया, उपरोक्त अभ्यर्थियों में से 143 का चयन किया गया, जिसमें से राकेश सचान कैबिनेट मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग रेशम उद्योग हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग उत्तर प्रदेश के करकमलों से 25 अभ्यर्थियों को चयन पत्र बांटे गए।

सांस्कृतिक उत्सव के जरिए एक भारत की बढ़ी पहचान

● चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल के बच्चो ने पेश किये रंगारंग कार्यक्रम

संवाददाता। फतेहपुर

हमारी संस्कृति हमारी पहचान संस्कृति उत्सव के तहत चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चो ने प्रतिभाग करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिये देश एव प्रदेश की संस्क्रति से लोगो को रूबरू कराया। शनिवार को शहर के चित्रांश नगर स्थित चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश संस्कृति मंत्रालय की ओर से जनपद के संस्कृति उत्सव संयोजक शैलेंद्र मधुर, जिला विद्यालय निरीक्षक शिव पूजन द्विवेदी, एवं विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज रमा कांत सिंह रहे।

महोत्सव का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती प्रतिमा का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चो के द्वारा देश के गौरव से सम्बंधित विभिन्न संस्क्रति से परिचय कराया एवं लोक कलाकारों द्वारा लोकगायन, वाद्य यन्त्र, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य की विभिन्न विधाओ की मनमोहक प्रस्तुति की गयी।

जिला विद्यालय निरीक्षक शिव पूजन द्विवेदी ने कहा कि सरकार ने कार्यक्रम के ज़रिये भारतीय संस्कृति को जीवंत करने का काम किया है। संस्कृति महोत्सव संयोजक शैलेंद्र मधुर ने कहा कि लोक संस्कृति लोक गायन तथा लोक कला को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार का यह कदम लोक संस्कृति लोक कलाकारों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

प्रधानाचार्य जीआईसी रमाकांत सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान संस्कृति उत्सव के अंतर्गत लोक संस्कृति, लोक गायन, लोक परंपरा के संवर्धन के लिए संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय की ओर से तहसील स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था।

सपा की मासिक बैठक में लोस चुनाव को लेकर भरा दम

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक शनिवार हुई। जिसमें मौजूदा सरकार को भ्रष्ट करार रहते हुए लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ से सेक्टर तक मजबूती से लड़ने का दम भरा गया। कहा कि जनपद की सीट की जीत का तोहफा देने को फतेहपुर का सपाई तैयार है। पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक हुई। जिस पर 24 लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के सभी नेताओं ने अपनी अपनी राय और विचार रखे। कहा गया कि 24 का चुनाव भ्रष्ट सरकार के खिलाफ है जो पीडीए के माध्यम से लड़ा जा रहा है। सभी को अपने अपने बूथ और सेक्टर की ईमानदारी से जिम्मेदारी निभानी है। बैठक में कहा गया की सारे लोग अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पार्टी को जिताने का काम करेंगे। बैठक का संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजरयार ने किया। बैठक में नगर अध्यक्ष तनवीर हैदर दलजीत निषाद, जगदीश सिंह चौहान, बीरेन्द्र तिवारी, बीरेन्द्र यादव, राजकुमार मौर्य, ने पीडीए के आन्दोलन को बढ़ाने के लिए जोर दिया।

क्विक न्यूज

डॉ भीमराव अंबेडकर की क्षतिग्रस्त प्रतिमा पर तनातनी

फर्रुखाबाद। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में आज भारतीय संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को आशिक रूप से क्षतिग्रस्त किए जाने से सनसनी फैल गई। मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिहार में आज तड़के कोहरा कड़ी ठंड में किन्ही अज्ञात शरारती तत्वों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की स्थापित प्रतिमा को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त किया गया। पुलिस ने आगे बताया कि पखना चौकी इंचार्ज अजय सिंह मध्य रात्रि के बाद आज करीब 1.00 बजे तक गांव में गश्त पर रहे, इसके बाद आज तड़के करीब 7.00 बजे जब कुछ ग्रामीण शौच के लिए इस प्रतिमा के समीप से गुजरे तो उन्होंने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को आशिक रूप से क्षतिग्रस्त देखा। इसके साथ ही प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की फैली सनसनी पर ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए। इधर ग्राम प्रधान श्रीमती सरोजनी देवी शर्मा ने घटना की सूचना पुलिस को दी । उप जिला अधिकारी गजराज सिंह, पुलिस क्षेत्र अधिकारी अरुण कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। यहां पहुंची पुलिस ने करीब 3 फीट ऊंची डॉ भीमराव अंबेडकर की आशिक क्षतिग्रस्त प्रतिमा की मरम्मत कराई गई।

मानसिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास और मिलेगी रफ्तार

फतेहपुर। नवनिर्मित लर्निंग लब आंगनबाड़ी केंद्र हसवा का शनिवार को लोकार्पण किया गया। आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में इजाद किए गए इस ठिकाने में बच्चों के मानसिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास की झलक देखने को मिल रही है। ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान ने कहा कि इस केंद्र के जरिए बच्चों को बेहतर माहौल मिलेगा। विभिन्न तरह की चित्रकारी से नन्हे मुन्नों की समझ में इजाफा होगा। इस मॉडल आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र से विकासखंड हसवा के समस्त आंगनबाड़ी केंद्र में ज्ञानपरक सामग्री हो सके। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र साफसुथरा सुसज्जित एवं बच्चों की पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण देने वाले तैयार किए जायेंगे। इस मौके पर सीडीपीओ अरविंद कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी जय सिंह, कौशलेंद्र सिंह एडीओ पंचायत, धर्मपाल सैनी एडीओ आईएसबी, मुख्य सेविका अनिता कुमारी, फूल कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री नितिन सिंह, गीता देवी, सुखद मिश्रा, पिंकी, सुमेर कली, सहायिका पूनम देवी मौजूद रहीं।

मार्ग अवरुद्ध होने की आशंका से ग्रामीणों ने की नारेबाजी

मौदहा, हमीरपुर। रेल यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे दोहरीकरण के कार्य में कस्बे के तेंदुही गांव के पास अंडर ब्रिज बनाने के बाद मार्ग अवरुद्ध होने के कारण ग्रामीणों ने कार्य का विरोध कर रुकवा दिया है। रेलवे विभाग के दोहरीकरण का कार्य भीमसेन रेलवे स्टेशन से खैराडा रेलवे स्टेशन के बीच चल रहा है जिसको गति देते हुए नगर के निकट तेंदूही गांव में बने अंडरपास को ध्वस्त करने के बाद नया बनाया जाना प्रस्तावित है जिसकी सूचना ग्रामीणों को मिलती ही शनिवार को सुबह से ही रेलवे ट्रैक पर दर्जनों की संख्या में पहुंचकर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और रेलवे ट्रैक पर कार्य कर रहे ठेकेदार की जेसीबी मशीन को कार्य करने से रोक दिया गया इतना ही नहीं जोरदार नारेबाजी के साथ उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत कराया इस संबंध में अवर अभियंता जय कुमार ने बताया कि यह गांव का मुख्य मार्ग है लेकिन ग्रामीणों के निकलने के लिए एक रास्ता और है जो कस्बे की ओर जाती है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वह कच्चा रास्ता है जरा सी बारिश हो जाने पर यहां से निकलना चलना दुश्वार हो जाता है।

सर्दी में वृद्धों, गरीबों, दिव्यांगों तथा विधवाओं का सम्मान

फतेहपुर। संस्था श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मंदिर द्वारा सह संस्थापक राम गोपाल जी की नवी पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। साथ ही हॉट कपाऊ जानलेवा सर्दी में पात्र वृद्धों, गरीबों, दिव्यांगों तथा विधवाओं का सम्मान कर कम्बलों का वितरण व भंडारे का आयोजन बालाजी के मंदिर ढकोली फतेहपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामगोपाल के चित्र में माल्यार्पण से किया गया। साथ ही बालाजी के मंदिर ढकोली फतेहपुर में ब्रह्मलीन पुजारी के चित्र में माल्यार्पण किया गया। हाड कपाऊ सर्दी में बचाव हेतु वृद्धों, गरीबों, दिव्यांगों तथा विधवाओं को कंबल वितरण किया गया। तत्पश्चात भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक सीताराम यादव ने कहा कि परमात्मा सब को सब कुछ नहीं देता है कुछ लोगों को देता है तो वह यह सोच कर देता है कि अगर इनके हाथों को मजबूत करूंगा तो यह गरीब असहाय और मजबूर लोगों की मदद करेगा।

सर्राफा व्यवसाई से लूट एवं हत्या की घटना से व्यापारियों में फैला रोष, दर्ज हुआ मुकदमा

संवाददाता। गुरसहायगंज, कन्नौज

बीती शाम क्षेत्र के कस्बा समधन में सर्राफा व्यवसाई से हुई लूट की घटना एवं इलाज दौरान मृत्यु हो जाने पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने मृतक सर्राफा व्यवसाई के आवास पर पहुंचकर परिजनों से शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और प्रशासनिक अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर जल्द से जल्द मामले के खुलासे की मांग की है।

शनिवार को क्षेत्र के कस्बा समधन में बाईक सवा दो लुटेरों द्वारा सर्राफा व्यवसाई अय्याज के गोली मारकर आभूषण भरे बैग को लूट ले जाने की घटना की जानकारी मिलते ही अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने मृतक व्यापारी अय्याज के आवास पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया व हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने दूरभाष पर पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर जल्द से जल्द हत्यारोपियों की गिरफ्तारी करने सहित सर्राफा व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान किये जानें की बात कही। नगर अध्यक्ष शिवम राज वर्मा ने कहा कि घटना का जल्द से जल्द खुलासा कर कड़ी कार्यवाही की जाए। इस दौरान जिला महामंत्री राजीव दुबे, जिला उपाध्यक्ष विजय दुबे, नगर महामंत्री आयुष पंडित, कुलदीप गुप्ता सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला दारासराय निवासी बासिद पुत्र नायाब खान द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शुक्रवार की शाम उसका भाई अय्याज मलिकपुर स्थित सर्राफा की दुकान को बंद करके जेवरात भरा बैग लेकर घर की ओर जा रहा था जैसे ही सिद्दीकी फिलिंग स्टेशन के निकट पहुंचा तभी पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने उसके भाई के गोली मार कर घायल कर दिया जिससे जेवरात भरा बैग रोड पर गिर गया। जिसे बाईक सवार एक व्यक्ति उठाकर फरार हो गया।

नगर के तीन वार्डों में बांटे गए अक्षत तथा निमंत्रण

गुरसहायगंज, कन्नौज। विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में भाजपा क्षेत्रीय मंत्री, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि, क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष एवं विहिप जिला कार्याध्यक्ष के नेतृत्व में नगर के तीन वार्डों में पवित्र कलश अक्षत व निमंत्रण पत्र घर-घर पहुंच कर वितरित किये और आगामी 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचने का आग्रह किया गया। शनिवार को विश्व हिंदू परिषद जिला कार्याध्यक्ष नीरज मिश्रा, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी ने सभासदों के साथ अलग-अलग टोलियों में घर-घर पहुंच कर पवित्र कलश अक्षत व निमंत्रण पत्र देकर आगामी 22 जनवरी को राममंदिर के उद्घाटन समारोह में भाग लेने का अनुरोध किया।

ब्लाक न मिलने से दो दिन से ओआरबी का निर्माण हुआ ठप्प

कानपुर देहात। जनपद सहित अन्य जनपदों को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर रूरा कस्बे में बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण रेलवे की हठधर्मिता के चलते ब्लाक न मिलने से ठप्प हो गया है। निर्माण कार्य बन्द होने से निर्माण श्रमिक बीते दो दिन से हाथ पर हाथ रखने को मजबूर है। निर्माण कार्य ठप्प होने से क्षेत्रीय व कस्बाई लोगों में रोष व्याप्त है। जनपद के प्रमुख कस्बे रूरा में ओवरब्रिज के निर्माण की आधारशिला से तीन वर्ष पूर्व रक्खी गयी थी, निर्माण के शुभारम्भ के समय एक वर्ष के भीतर ओरआरबी निर्माण का आश्वासन दिया गया था, परन्तु तीन वर्ष से अधिक बीतने के बाद भी मात्र 70प्रतिशत ही कार्य हो पाया।

जिसके चलते रूरा कस्बे से होकर शिवली, झींझक, रसूलाबाद, अकबरपुर, पुखरॉया, कानपुर नगर सहित अन्य स्थानों को जाने वाले लोगों को घोर परेशानियों का सामना करना पड रहा है, लोगों की जीविका व व्यापार पर भी बहुत बुरा असर हुआ है। रूरा कस्बे के दक्षिणी हिस्से में तो लगभग पूरा निर्माण हो चुका है, परन्तु उत्तरी दिशा में निर्माण कार्य बाकी है। रेलवे लाइन के ऊपर निर्माण के लिये पश्चिमी केबिन को छह महीने के लिये बन्द किया गया है, जिससे समस्या और ज्यादा बढ़ गयी है। मिनी अण्डरपास पर लगने वाले जाम से लोगों को दो चार होना पड रहा है।

बीते दो दिनों से रेलवे लाइन के ऊपर के हिस्से में पुल का निर्माण कार्य पूर्णतय: ठप्प हो गया है। इसके लिये रेलवे की हठधर्मिता को जिम्मेदार माना जा रहा है। रेलवे ने ब्लाक न लेकर निर्माण सामग्री को रेलवे लाइन पर पहुँचाने के लिये पश्चिमी केबिन के फाटक नहीं खोले हैं जिससे निर्माण सामग्री निर्माण स्थल पर नहीं पहुंच पा रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में महिलाओं की गोदभराई व नवजात का कराया गया अन्नप्राशन

संवाददाता। फर्रुखाबाद

भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कमालगंज ब्लाक के ग्राम अहिमलापुर एवं चौसेपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने संबोधित किया एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व नवजात शिशु का अन्नप्राशन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर हर शहर व गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का है जब गांव गरीब किसान और नौजवान का विकास होगा तभी भारत विकसित होगा। भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा लंबे समय तक जिस पार्टी ने इस देश का नेतृत्व किया उसने गरीबों की सुध नहीं ली। पिछली सपा और बसपा की सरकारों में कानून व्यवस्था बदहाल थी। केंद्र व प्रदेश में बीजेपी सरकार बनने के बाद भाजपा सरकार ने हर मोर्चे पर कार्य किया प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त हुई आज किसी भी गरीब को सताने वाला गुंडा और माफिया खुलेआम सड़कों पर घूमता दिखाई नहीं देगा।

बहन- बेटियों की आबरू को बचाने के लिए उत्तर प्रदेश की पुलिस व्यवस्था 24 घंटे मोर्चे पर रहती है। अपराध करने वाले गुरो और माफिआओं पर बुलडोजर की धमक सुनाई देती है केंद्र सरकार की सैकड़ो योजनाएं हर वर्ग के लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को सभी मिलकर पूर्ण करेंगे।

भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का संचालन जहानगंज मंडल अध्यक्ष अरविंद कटियार ने किया इस दौरान उपस्थित ग्रामीण जनों को कंबल वितरित किए गए।

सपा की मासिक बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर की गई चर्चा

फर्रुखाबाद। आज समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन हुआ। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि किस प्रकार भाजपा ने आम आदमी की कमर तोड़ दी, सिर्फ प्रचार प्रसार हो रहा लेकिन जमीन पर आम आदमी के जीवन पर पिछले दस वर्षों में कोई परिवर्तन नहीं आया।

भाजपा सरकार शासन व प्रशासन का दुरुपयोग कर लोगों को बरगला रही है। बैठक में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा बूथ स्तर पर पहुंचने और गांव-गांव पर जनसंवाद करने पर चर्चा हुई । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी में पुराने लोगों ने बहुत संघर्ष किया है हमें आने वाले लोकसभा चुनाव में पुराने नेताओं से मिलकर उनके संघर्षों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना है। उन्होंने साथ ही कहा की जो लोग संघर्ष करते हैं उनका हमेशा सम्मान होना चाहिए।

कहा कि जिस तरह शाक्य समाज सपा के साथ जुड़ रहा है वह शाक्य समाज से अपील करते हैं कि सपा के साथ आएं और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए की भविष्य की संभावनाओं को समझें।

खुले आसमान के नीचे ठंड गुजारने को मजबूर गौवंश

मौदहा, हमीरपुर। गौशालाओं में सर्दियों में गौवंशों के आश्रय स्थलो में तिरपाल डालकर ठंड से बचाने के आदेश दिये गये थे मगर ज्यादातर गौ आश्रय स्थलों में तिरपाल न डालकर गौ बंशों को खुले आसमान के नीचे रात गुजार करना पड़ रही है जिससे गौबंशो की अकाल मृत्यु हो रही है। इस मामले की जानकारी बीडीओ के अलावा सभी उच्चाधिकारियों को है।जानकारी के अनुसार विकासखंड के रीवन ग्राम पंचायत में गौ आश्रय केंद्र में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है जिसमें साफ तौर पर देखा जा रहा है कि लगातार गौबंशों की मृत्यु हो रही है। मगर गौ भक्तों की टीम को अन्दर चौकीदार घुसने नही देता है। चौकीदार ने गौ आश्रय स्थल के गेट पर ताला बंद कर चारों तरफ से अंदर जाने की व्यवस्था पर पूर्ण रोक लगा दी है।

तबादला होने के छह माह बाद भी नहीं दिया चार्ज, वाराणसी से चला रहे जिला

विनोद शुक्ला। हमीरपुर

जिले में छह माह पहले कृषि विभाग के भूमि सरंक्षण अधिकारी(बीएसए) का तवादला बाराणसी हो गया था,मगर उन्होने हमीरपुर का चार्ज अभी तक नही छोड़ा है। जबकि हमीरपुर प्रथम व द्वितीय बीएसए जिले में पहले से ही कार्यरत है। कृषि विभाग के चित्रकूटधाम मंडल के संयुक्त निदेशक(जेडी) ने कृषि विभाग को निदेशक को कड़ा पत्र लिखा है।

भूमि संरक्षण अधिकारी अशोक यादव राठ इकाई का कार्यभार देख रहे थे,छह माह पहले उनका तवादला वाराणसी के लिये हो गया था उन्होने विना चार्ज दिये ही बाराणसी में कार्यभार संभाल लिया, तब से वह राठ इकाई का वित्तीय व प्रशासनिक कार्य भी देख रहे है। जब कि उनके समकक्ष भूमि संरक्षण अथिकारी प्रथम व द्वितीय जिले में नियुक्त है मगर उनको कार्यभार नही दिया गया है। जब भी कोई विभागीय कार्य होता है तो विभागीय कर्मी साढ़े तीन सौ किलोमीटर बाराणसी जाकर बीएसए के हस्ताक्षर कराता है जिससे सभी कर्मी परेशान है वही विभाग का समस्त कार्य प्रभावित हो रहा है। विभागीय अधिकारियों का तर्क है कि मामला गंभीर है इस मामले में शासन व प्रशासन को सोचना चाहिये कि जब जिले में दो बीएसए कार्यरत है तो किसी को भी चार्ज दे सकते थे। यह मामला छह महीने से चल रहा है मगर किसी भी उच्चाधिकारी के कानों में जू नही रेंग रही है। कृषि विभाग के उपकृषि निदेशक (डीडी) हरीशंकर भार्गव ने बताया कि जब जिले में इस कैडर का कोई अधिकारी न हो तब भी आसपास के जिलों में कार्यभार देने का नियम है जब कि हमीरपुर में पहले से विभाग में दो बीएसए कार्य कर रहे हैं।

इस मामले में चित्रकूटधाम मंडल के संयुक्त निदेशक (जेडी) आरके झा का कहना है कि इस मामले में उन्होने कृषि विभाग के निदेशक को पत्र लिख दिया कि श्री यादव से कार्य भार हटाकर जिले में किसी भी बीएसए को दे दिया जाये।

हिंदू कार्यकर्ता श्रीकांत को राम मंदिर आंदोलन मामले में जमानत मिली

हुबली (कर्नाटक), छह जनवरी (भाषा) तीन दशक पहले राम मंदिर आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए गिरफ्तार किए गए हिंदू कार्यकर्ता श्रीकांत पुजारी को शनिवार को यहां जमानत पर रिहा कर दिया गया। पुजारी ने जेल से बाहर आने के बाद कहा कि उसने अयोध्या में राम मंदिर के लिए लड़ाई लड़ी है और फिर वहां जाएगा। पुलिस ने कहा कि उसने पुजारी को लंबित मामलों के निपटारे के सिलसिले में दिसंबर, 2023 में पकड़ा था। पुलिस ने कहा कि पता चला कि आरोपी ने 1992 में राम मंदिर आंदोलन में हिस्सा लिया था। हालांकि, पुलिस ने कहा कि उसके खिलाफ अवैध शराब बिक्री सहित 16 मामले लंबित थे और उसे दो पुलिस थानों में उपद्रवी निर्दिष्ट किया गया था।जेल से रिहा होने के तुरंत बाद, पुजारी ने हिंदू संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उसकी रिहाई के लिए लड़ाई लड़ी। पुजारी ने संवाददाताओं से कहा, इकतीस साल पहले मैंने अयोध्या में राम मंदिर के लिए लड़ाई लड़ी थी। मैं फिर वहां जाऊंगा। पुजारी ने कहा कि उसे गिरफ्तार करने आए पुलिसकर्मियों ने कहा कि वे उसे बाजार ले जाना चाहते हैं। पुजारी ने कहा, पुलिसकर्मियों ने मुझे कोई वारंट या समन नहीं दिया। उन्होंने बस मुझे पकड़ा और हवालात में डाल दिया। यह पूछे जाने पर कि क्या उसे 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले कांग्रेस सरकार द्वारा जानबूझकर गिरफ्तार किया गया था, पुजारी ने कहा, मुझे यह सब नहीं पता। उन्होंने (पुलिस ने) मुझे बस बाजार में बुलाया और गिरफ्तार कर लिया। पुजारी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया कि उसके खिलाफ कई मामले लंबित हैं। पुजारी ने कहा, मेरे खिलाफ कोई मामला नहीं था। एक-एक करके सभी का निस्तारण हो गया था। इसलिए मैं बेलगावी से लौट आया। एक सवाल के जवाब में हिंदू कार्यकर्ता पुजारी ने कहा कि वह 1992 में आठ महीने के लिए जेल में था।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनकी गिरफ्तारी को मुद्दा बनाया था और पूरे राज्य में प्रदर्शन किया था। उसने मैं एक कार सेवक हूं, मुझे भी गिरफ्तार करो नाम से एक अभियान भी चलाया था। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल के नेताओं को यह समझने की जरूरत है कि अपराधियों को जाति और धार्मिक ठप्पा लगाना बेहद खतरनाक है।सिद्धरमैया ने सवाल किया, भाजपा के किसी नेता में यदि थोड़ा भी विवेक है, तो उन्हें हुबली के इस व्यक्ति के खिलाफ आरोपों की सूची पढ़नी चाहिए और फिर तय करना चाहिए कि उसके लिए लड़ना है या नहीं। चूंकि आबादी में हिंदू बहुसंख्यक हैं, इसलिए जेलों में भी वे बहुसंख्यक हैं। क्या इसका मतलब यह है कि भाजपा को उन सभी के लिए लड़ना चाहिए क्योंकि वे हिंदू धर्म से हैं।

फर्जी पासपोर्ट से नेपाल भागने की कोशिश में उज्बेक महिला को दो साल की सजा

महराजगंज (भाषा)। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले की एक स्थानीय अदालत ने उज्बेकिस्तान की एक महिला को फर्जी पासपोर्ट और वीजा दस्तावेजों के सहारे नेपाल भागने की कोशिश करने के मामले में दो साल कैद की सजा सुनाई। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अदालत ने महिला पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। विशेष न्यायाधीश फूल चंद कुशवाहा ने शुक्रवार को सजा सुनाई और 32 वर्षीय शोखसनम सपाखोनोवा को दोषी ठहराया। साथ ही जुर्माना न करने पर उसे दो माह की अतिरिक्त कैद का आदेश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि चंडीगढ़ से नेपाल जा रही एक उज्बेक महिला को आव्रजन विभाग ने भारत-नेपाल सीमा के सोनौली क्षेत्र से 22 अगस्त, 2022 को गिरफ्तार किया था। तलाशी लेने पर उसके पास से वीजा के नकली कागजात और पासपोर्ट बरामद हुए। सहायक जिला सरकारी वकील पूर्णेंदु राम त्रिपाठी ने संभावित अपराधियों को ऐसे अपराध करने से रोकने के लिए सजा की प्रार्थना की। त्रिपाठी ने शनिवार को कहा कि अदालत ने उज्बेक महिला को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का दोषी पाया और उसे दो साल कैद की सजा सुनाई।

गुजरात में कच्छ की खाड़ी के दक्षिण में देवभूमि द्वारका जिले के द्वारकाधीश मंदिर में देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सपरिवार जाकर पूजा अर्चना की

सरकार अधिक उत्पादों को लाएगी अनिवार्य गुणवत्ता मानकों के तहत

भाषा। नई दिल्ली

उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के क्रम में सरकार अन्य उत्पादों को भी अनिवार्य गुणवत्ता मानकों के दायरे में लेकर आएगी।गोयल ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 77वें स्थापना दिवस को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि उत्पादों और सेवाओं में उच्च गुणवत्ता मानकों का अनुपालन करने से भारत को ऊंचा लक्ष्य पाने और एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, इस दिशा में बीआईएस को गुणवत्ता मानकों का दूत बनना चाहिए। इसे केवल मानकों को अपनाने वाला नहीं बनना चाहिए, बल्कि मानकों का अगुवा भी बनना चाहिए। देश को गुणवत्ता के प्रति संवेदनशील बनाने में बीआईएस के प्रयासों को रेखांकित करते हुए गोयल ने कहा कि गुणवत्ता मानदंडों के अनिवार्य अनुपालन के तहत और अधिक उत्पादों को लाने से उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों एवं सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि अभी तक 672 उत्पादों को दायरे में लाने वाले 156 गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी किए जा चुके हैं। वहीं 2014 से पहले सिर्फ 106 उत्पादों को दायरे में लाने वाले 14 क्यूसीओ ही मौजूद थे।गोयल ने कहा, भविष्य में और अधिक उत्पाद क्यूसीओ के दायरे में लाए जाएंगे। मेरा मानना है कि हम 2,000-2,500 उत्पादों को इस दायरे में लाएंगे। गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता इतनी मजबूत होगी कि भारत में उपलब्ध प्रत्एक उत्पादा सेवा उच्च गुणवत्ता वाली

नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में बोलेते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

होगी। गोयल ने कहा कि बीआईएस को हरसंभव स्तर पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के समान गुणवत्ता मानक तैयार करने चाहिए। उन्होंने लिफ्ट, एयर फिल्टर और चिकित्सा उपकरणों जैसे उत्पादों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत इनमें अग्रणी हो सकता है और अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित कर सकता है। उन्होंने गुणवत्ता मानक बनाने के लिए अधिक से अधिक हितधारकों की भागीदारी का भी आग्रह किया और उद्योग जगत से गुणवत्ता के परीक्षण के लिए प्रयोगशालाएं स्थापित करने की अधिक मांग करने को कहा।

दो लाख करोड़ डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल करने को लेकर आशान्वित

कोलकाता। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को उम्मीद जताई कि भू-राजनीतिक बाधाओं और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के बावजूद देश वर्ष 2030 तक दो लाख करोड़ डॉलर निर्यात का अपना महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल कर लेगा।गोयल यहां भारतीय जूट निगम के मुख्यालय पटसन भवन के उद्घाटन अवसप पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। कोलकाता के न्यू टाउन में स्थित इस इमारत में जूट आयुक्त का कार्यालय और राष्ट्रीय जूट बोर्ड का मुख्यालय भी स्थित है। गोयल ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों को स्वीकार करते हुए कहा कि यूक्रेन-रूस युद्ध, इजराइल-हमास संघर्ष और लाल सागर में संकट की वजह से व्यापार पर असर पड़ रहा है।गोयल ने कहा, कम खाद्यान्न उत्पादन की समस्या से निपटने और घरेलू मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए हमने कुछ प्रतिबंध लगाए हैं। हालांकि, इन सभी चुनौतियों के बावजूद भारत का निर्यात बढ़ता रहेगा। वर्ष 2030 तक इसे मौजूदा 770-775 अरब डॉलर से बढ़ाकर दो लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इस दौरान गोयल ने जूट उद्योग की क्षमता को रेखांकित करते हुए कहा कि जूट क्षेत्र के योगदान और केंद्र एवं राज्य सरकारों के ठोस प्रयासों से देश नई ऊंचाइयां हासिल कर सकता है।

मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल डाला है

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की उस राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है, जो जाति, धर्म और वोट बैंक की राजनीति के इर्द-गिर्द घूमती थी। नड्डा ने हरियाणा के पंचकूला में एक रोड शो किया और विश्वास जताया कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 10 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी। नड्डा ने दावा किया, प्रधानमंत्री मोदी ने देश में राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है, जो पहले जाति और पंथ पर आधारित थी... प्रधानमंत्री मोदी के एक नया संदेश देने तक विभाजनकारी और वोट बैंक की राजनीति लंबे समय तक की जाती रही। रोड शो के रास्ते में पार्टी के झंडे लगाए गए थे और बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने नड्डा के वाहन पर फूल बरसाए। भाजपा अध्यक्ष ने भीड़ से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि पार्टी 2019 के संसदीय चुनावों के प्रदर्शन को दोहराए और आगामी आम चुनाव में राज्य की सभी 10 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करे।

राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद हरियाणा में रोड शो कर रहे नड्डा ने कहा कि लोगों का उत्साह यह दर्शाता है कि वे देश और राज्य को आगे ले जाना चाहते हैं और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। जब उन्होंने पूछा कि हरियाणा की 10 लोकसभा सीट में से भाजपा कितनी सीट जीतेगी, तो भीड़ ने जवाब दिया, दस की दस (सभी 10)। नड्डा ने विशेष रूप से वंचित वर्गों के लिए मोदी सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं और पहल का भी उल्लेख किया और कहा कि जनता को केंद्र की नीतियों और कार्यक्रमों से लाभ हुआ है। गेंदा फूल की मालाओं से सजे वाहन पर नड्डा के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी भी थे। भाजपा के हरियाणा मामलों के प्रभारी बिप्लब कुमार देव, पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश धनखड़ और राज्य विधानसभा अध्यक्ष एवं पंचकूला के विधायक ज्ञान चंद गुप्ता भी रोड शो में शामिल हुए। गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा, रोड शो में जुटी भीड़ और भारी जन समर्थन दर्शाता है कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और हम 400 (लोकसभा) सीट जीतेंगे। उन्होंने कहा, हरियाणा में भी पार्टी इस साल के विधानसभा चुनाव में तीसरी बार सरकार बनाएगी।

महादेव ऐप मामले के पूरक आरोप पत्र में मेरे नाम का उल्लेख राजनीतिक साजिश : बघेल



रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल पूरक आरोप पत्र में उनके नाम के उल्लेख को राजनीतिक साजिश करार दिया। उन्होंने साथ ही जांच एजेंसी पर अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर कार्य करने का आरोप लगाया। ईडी ने एक जनवरी को रायपुर में धन शोधन मामले की विशेष अदालत में दायर अपनी दूसरी अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) में कहा कि महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में एक कथित कूरियर असीम दास को गिरफ्तार किया गया था, जिसने दावा किया था कि उसे बघेल को नकदी डिलीवर करने के लिए भेजा गया था। आरोप पत्र के मुताबिक दास ने कहा है कि वह अपने बयान पर कायम है। बघेल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर शनिवार को जारी पोस्ट में कहा, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपने सप्लीमेंट्री चार्जशीट में जिस तरह से मेरा नाम लिखा है, वह पूरी तरह से राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है। ईडी अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर कूटरचना कर लोगों को गिरफ्तार कर रही है और उनसे दबाव पूर्वक मेरे और मेरे सहयोगियों के खिलाफ बयान दिलवा रही है। इन बयानों में जो पैसों के लेनदेन के आरोप लगाए गए हैं उनका कोई आधार नहीं है। बघेल ने कहा, जिस असीम दास के पास से रुपए बरामद हुए थे उसने जेल से अपने हस्तलिखित बयान में कह दिया है कि उन्हें भी धोखे में रखकर फंसाया गया है और उन्होंने कभी किसी राजनेता व उनसे जुड़े लोगों को पैसा नहीं पहुंचाया। अब ईडी दावा कर रही है कि उसने यह बयान भी वापस ले लिया है। यह किस दबाव में हो रहा है, उसे सब जानते हैं।

पेज 1 का शेष ...

अंतरिक्ष में ...

मुर्मू ने यह भी कहा कि इसरो मिशनों में महिला वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भागीदारी 'महिला सशक्तिकरण को भी उच्च स्तर पर ले जाती है।' इसरो ने शनिवार को अदियता-एल1 को उसकी गंतव्य कक्षा लैग्रेंज प्वाइंट 1 में स्थापित कर दिया। सूर्य-पृथ्वी प्रणाली का लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल1) पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। लैग्रेंज बिंदुओं का नाम फ्रांसीसी गणितज्ञ और खगोलशास्त्री जोसेफ-लुई लैग्रेंज के नाम पर रखा गया है। 125 दिनों की यात्रा, 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय करने और बाद में एक सटीक कक्षा में प्रवेश के बाद आदित्य-एल1 मिशन को अंतरिक्ष की विशालता में एक इच्छित स्थान पर सफलता पूर्व स्थापित किया गया है। यहां से उसे सूर्य का अबाधित दृश्य दिखाई देगा। लैग्रेंजियन प्वाइंट 1 (एल1) अंतरिक्ष में एक स्थिर बिंदु है जहां पृथ्वी और सूर्य जैसे दो बड़े पिंडों का गुरुत्वाकर्षण बल एक उपग्रह जैसी छोटी वस्तु द्वारा महसूस किए गए सेंट्रिपेटल बल को संतुलित करता है। यह दो बड़े पिंडों को जोड़ने वाली रेखा के साथ स्थित है और उपग्रहों को अपेक्षाकृत स्थिर स्थिति बनाए रखने की अनुमति देता है। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी-सी57) ने पिछले साल 2 सितंबर को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के दूसरे लॉन्च पैड से आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान लॉन्च किया था। 63 मिनट और 20 सेकंड की उड़ान अवधि के बाद, इसे सफलतापूर्वक पृथ्वी के चारों ओर 235×19500 किमी की अण्डाकार कक्षा में स्थापित किया गया। इसके बाद अंतरिक्ष यान पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से बचकर, सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल 1) की ओर बढ़ गया। अंतरिक्ष यान विद्युत चुम्बकीय और कण और चुंबकीय क्षेत्र डिटेक्टरों का उपयोग करके प्रकाशमंडल, क्रोमोस्फीयर और सूर्य की सबसे बाहरी परतों (कोरोना) का निरीक्षण करने के लिए सात पेलोड लेकर गया है। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, 'विशेष सुविधाजनक बिंदु एल 1 का उपयोग करते हुए, चार पेलोड सीधे सूर्य को देखते हैं और शेष तीन पेलोड लैग्रेंज बिंदु एल1 पर कणों और क्षेत्रों का इन-सीटू अध्ययन करते हैं। इस प्रकार अंतरग्रहीय माध्यम में सौर गतिशीलता के प्रसार प्रभाव का महत्वपूर्ण वैज्ञानिक अध्ययन प्रदान करते हैं।' इसरो के अनुसार, मिशन के प्रमुख उद्देश्य कोरोनल हीटिंग और सौर पवन त्वरण को समझना है; कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई), फ्लेयर्स और निकट-पृथ्वी अंतरिक्ष मौसम की शुरुआत को समझना; सौर वातावरण के युग्मन और गतिशीलता का ज्ञान प्राप्त करना; और सौर पवन वितरण और तापमान अनिसोट्रॉपी (विभिन्न दिशाओं में गैर-एकरूपता) की गहरी जानकारी प्राप्त करना। सौर पवन सूर्य के कोरोना या सबसे बाहरी वातावरण से प्रोटॉन और इलेक्ट्रॉनों की एक सतत धारा को संदर्भित करता है, जबकि कोरोनल द्रव्यमान इजेक्शन सूर्य से उत्सर्जित कोरोनल प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं का विशाल निष्कासन है। इसरो के मुताबिक इस मिशन का मुख्य उद्देश्य सौर वातावरण में गतिशीलता, सूर्य के परिमंडल की गर्मी, सूर्य की सतह पर सौर भूकंप या कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई), सूर्य के धधकने संबंधी गतिविधियों और उनकी विशेषताओं तथा पृथ्वी के करीब अंतरिक्ष में मौसम संबंधी समस्याओं को समझना है।

एक देश...

विभिन्न जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एक व्यावहारिक दृष्टिकोण है। अगस्त 2018 में पिछले विधि आयोग ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के नरेंद्र मोदी सरकार के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा था कि यह देश को लगातार चुनाव मोड में रहने से रोकेगा। हालाँकि, उसने अंतिम निर्णय पर पहुंचने से पहले इस मुद्दे पर और सार्वजनिक बातचीत की मांग की थी। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतु राज अवस्थी के तहत वर्तमान कानून पैनल विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ कराने पर अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दे रहा है। लेकिन पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर उच्च स्तरीय समिति को यह सिफारिश करने का काम सौंपा गया है कि लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव (पंचायत, नगर पालिका, जिला परिषद) एक साथ कैसे आयोजित किए जा सकते हैं। कोविंद के नेतृत्व वाले पैनल के संदर्भ की शर्तों को ध्यान में रखते हुए विधि आयोग ने राष्ट्रीय और राज्य चुनावों के साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने को शामिल करने के लिए अपने अध्ययन का दायरा बढ़ाया है।

प्रधानमंत्री ने...

जनता उनके आह्वान पर लगातार भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बिना भेदभाव सभी गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा, पहले गरीबों के राशन पर राशन माफिया डकैती डालते थेअ भ्रष्टाचार के कारण गरीब को राशन नहीं मिलता था, वहीं आज देश में 80 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले गरीब स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में दम तोड़ देता था। आज देश में 50 करोड़ व प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत प्रति वर्ष पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कवर मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गरीबों के पास आवास नहीं थे, वे झोपड़ी में जैसे तैसे गुजर बसर करते थे जबकि आज देश में चार करोड़ व प्रदेश में 55 लाख गरीब परिवारों को आवास का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गरीबों के पास शौचालय नहीं था तथा खुले में शौच से नारी गरिमा को हानि होती थीअ आज देश में 12 करोड़ व प्रदेश में तीन करोड़ गरीबों के शौचालय बनवाएं गए। उन्होंने कहा कि पहले गरीब के घर में भोजन पकाने के लिए ईधन, गैस सिलेंडर,केरोसिन आदि की व्यवस्था नहीं थी जबकि आज देश में 10 करोड़ व प्रदेश में 1.75 करोड़ गरीबों को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं गरीबों के जीवन में परिवर्तन का कारक बन रही हैं। इस तरह के परिणाम के साथ हम एक संकल्प के साथ आगे बढ़ते रहे तो वर्ष 2047 में भारत जब अपनी आजादी का शताब्दी महोत्सव मनाएगा तो हम एक विकसित राष्ट्र के रूप में भारत को देख पाएंगे। उन्होंने कहा कि उस विकसित भारत में गरीबी, अशिक्षा, अव्यवस्था, असुरक्षा नहीं होगी बल्कि उसमें दुनिया को नेतृत्व देने का सामर्थ्य होगा। हर नागरिक के चेहरे पर खुशहाली होगी, विकास की प्रक्रिया पूरी संतृप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ऐसा भारत होगा जिस पर हर भारतीय गौरव की अनुभूति करेगा और दुनिया उसका अनुसरण करेगी। उन्होंने कहा कि इन्ही संकल्पों को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत 15 नवंबर 2023 को की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिनको पात्रता के बावजूद योजनाओं का लाभ नहीं मिला है उन्हें हर हाल में इससे लाभान्वित किया जाएगा। यदि हम इन योजनाओं में सौ प्रतिशत संतृप्त की प्राप्ति के दिशा में कार्य करेंगे तो जनता का आशीर्वाद सदा प्राप्त होगा और लोगों की विकास की गति में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वैन इस संकल्प को आगे बढ़ाने हेतु आई है। इस अवसर पर उन्होंने डबल इंजन सरकार में संझाई और आसपास के विकास के साथ गोरखपुर में हुए विकास का भी जिक्र किया। कार्यक्रम में गोरखपुर के सांसद रविकिशन शुक्ल महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक महेंद्रपाल सिंह, विपिन सिंह, श्रीराम चौहान, प्रदीप शुक्ल, विधान पार्षद डॉ. धर्मेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

बाजी पलटने...

और प्रधानमंत्री मोदी ने हमले की निंदा की। कांग्रेस और सीपीआई (एम) जिनमें इस्लामिक आतंकवादी घुसपैठ कर चुके हैं, हमास आतंकवादियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए बैठकें आयोजित करने में व्यस्त हैं। कांग्रेस और सीपीआई (एम) दोनों देश के लिए खतरा बन गए हैं क्योंकि वे इस्लामी आतंकवादियों की आवाज दोहरा रहे हैं।' जॉर्ज सभी मुद्दों के गहन विश्लेषण के बाद ही बयान देने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी का यह रुख कि भारत एक स्वतंत्र फलस्तीन चाहता है, ने पश्चिम एशियाई देशों को प्रेरित किया है, लेकिन भारत में विपक्षी दलों को नहीं।' विपक्षी दल के नेता कदाचार, भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितता के लिए गिरफ्तार किए जाने की संभावना से चिंतित हैं। पिछले दस वर्ष देश के इतिहास में अभूतपूर्व प्रगति और घोटाला-मुक्त चरण रहे हैं। हमें केरल में बदलाव लाना होगा।'हालाँकि जॉर्ज ने अभी तक आधिकारिक तौर पर अपना रुख घोषित नहीं किया है, लेकिन ईसाई समुदाय इस संभावना को लेकर उत्साहित है। क्रिश्चियन अलायंस फॉर सोशल एक्शन के अध्यक्ष केविन पीटर ने कहा, 'भाजपा में शामिल होने का उनका कदम राज्य में जमीनी हकीकत को दर्शाता है। जॉर्ज द्वारा अपना रुख जाहिर करने के बाद समुदाय के कई नेता भाजपा में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईमानदार काम और उत्कृष्ट नेतृत्व के कारण ईसाई भाजपा का समर्थन कर रहे हैं। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि यदि ईसाई समुदाय का एक वर्ग भाजपा के साथ जुड़ जाता है, तो वह राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में बड़े बदलाव करने की क्षमता रखता है।

टीएमसी नेता...

परिवार के सदस्यों से जुड़ी संपत्तियों पर छापेमारी के बाद बनगांव के सिमुलटोला में उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के बाद अधिकारी जब शंकर को ले जाने लगे तो उनके (शंकर के) समर्थकों ने अधिकारियों का रास्ता रोकने की कथित तौर पर कोशिश की और उनके वाहनों पर पथराव भी किया। अधिकारियों ने बताया कि ईडी टीम के साथ मौजूद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को हालात पर काबू पाने के लिए भीड़ पर लाठीचार्ज करना पड़ा। उन्होंने कहा, गिरफ्तारी के बाद महिलाओं के नेतृत्व में शंकर-समर्थकों ने अधिकारियों को उन्हें अपने साथ ले जाने से रोकने की कोशिश की। साथ आए सीआरपीएफ के जवानों ने स्थिति को नियंत्रित किया। पड़ोसी दक्षिण 24-परगना जिले के संदेशखाली में शुक्रवार को हुए हमले के बाद एजेंसी पर यह दूसरा हमला था। अधिकारी ने बताया कि दस्तावेजों के अलावा ईडी ने शंकर के ससुराल वालों के घर से लगभग आठ लाख रुपए नकद जब्त किए। अपनी गिरफ्तारी के तुरंत बाद आद्या ने संवाददाताओं से कहा, मैं ईडी के साथ सहयोग करूंगा और हरसंभव तरीके से उनकी मदद करूंगा। उन्हें तड़के ही सॉल्ट लेक स्थित ईडी कार्यालय लाया गया और बाद में कोलकाता की एक अदालत में पेश किया जाएगा। इस बीच ईडी ने टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ शनिवार को लुकआउट नोटिस जारी किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेता शेख के आवास पर छापेमारी के दौरान भीड़ द्वारा ईडी के अधिकारियों पर हमला करने के एक दिन बाद केंद्रीय एजेंसी ने यह नोटिस जारी किया।

कानून का सम्मान न करने वाले लोग जांच एजेंसियों पर हमला कर रहे हैं : प्रधान

आणंद (गुजरात)। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर भीड़ द्वारा हमले किए जाने की शनिवार को निंदा की और कहा कि जो लोग कानून का सम्मान नहीं करते हैं और अपने गलत कृत्यों के लिए जेल जाने से डरते हैं, वे ही जांच एजेंसियों पर ऐसे हमले करते हैं। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में ईडी के कुछ अधिकारियों से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां के कथित समर्थकों ने उस समय मारपीट की और उनके वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए जब वे राशन वितरण घोटाले की जांच के सिलसिले में टीएमसी नेता के आवास की तलाशी लेने जा रहे थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन घोटाले के सिलसिले में बनगांव नगर निकाय के पूर्व अध्यक्ष शंकर आद्या को शनिवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अधिकारी जब शंकर को ले जाने लगे तो शंकर के समर्थकों ने उनका रास्ता रोकने की कथित तौर पर कोशिश की और अधिकारियों के वाहनों पर पथराव भी किया। ईडी टीम के साथ मौजूद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को हालात पर काबू पाने के लिए भीड़ पर लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रधान ने कहा, किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारी एजेंसियां अपने नियमों के अनुसार काम करती है। उन्हें बिना किसी बाधा के काम करने की अनुमति होनी चाहिए। दुर्भाग्य से कुछ इलाकों में भ्रष्टाचार में डूबे लोगों के मन में कानून के प्रति कोई सम्मान नहीं है और वे जेल जाने से डरते हैं। वे एजेंसियों के खिलाफ बोलते हैं, उन पर हमला करते हैं। मैं उनकी कड़ी निंदा करता हूं। केंद्रीय मंत्री चरोतर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह के इतर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्हें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया था।

भारत को शीर्ष पर पहुंचाने का साधन बने युवा : धनखड़

भाषा। हमीरपुर (भाषा)

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर के दौरे के दौरान एक से श्रेष्ठ पहल के तहत 500वें शिक्षा केंद्र का उद्घाटन किया और युवाओं से 2047 तक भारत को शीर्ष पर ले जाने के लिए बदलाव का साधन बनने का आह्वान किया। धनखड़ ने कहा, वर्तमान सरकार के तहत देश में रॉकेट की गति से विकास हुआ है और अब भारत को शीर्ष पर लाने की जिम्मेदारी युवाओं, विशेषकर महिलाओं पर है, जिन्हें विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृत काल में एक मजबूत नींव रखी है और मुझे हमारे युवाओं पर पूरा भरोसा है। उनकी ऊर्जा अभूतपूर्व है और (वे) 2047 तक भारत को सबसे मजबूत देशों में से एक बनाने के सपने को साकार करेंगे। धनखड़ ने कहा कि भारत कोई कमजोर देश नहीं है, बल्कि एक बहुत मजबूत, विकसित देश है जिसकी आवाज सुनी जाती है। उपराष्ट्रपति ने कहा, हम जिन देशों की ओर देखा करते थे, वे अब हमारी ओर आदर की दृष्टि से देख रहे हैं। धनखड़ ने दावा किया कि भारत ने आधुनिक प्रौद्योगिकी में ब्रिटेन, फ्रांस और अन्य यूरोपीय देशों को पीछे छोड़ दिया है और यह जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर पांच से छह वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बन जाएगा। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और कानून के समक्ष असमानता जैसी विकृतियां - जो विकास में रुकावट डालती हैं - दूर कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि आज पारदर्शिता, जिम्मेदारी और समान अवसर हैं और इसका उद्देश्य प्रत्एक व्यक्ति को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका प्रदान करना है। महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए धनखड़ ने कहा कि महिलाएं सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और संसद एवं राज्य विधानसभाओं में उनके लिए आरक्षण इस दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति के रूप में चुना जाना और चंद्रयान मिशन में महिलाओं की भूमिका महिला शक्ति की बात करती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं की छवि केवल गृहिणी से परिवर्तन की अग्रदूत के रूप में बदल रही है। कार्यक्रम में धनखड़ के साथ केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला भी मौजूद थे। उन्होंने संसद खेल महाकुंभ और संसद मोबाइल सेवा योजना जैसी ठाकुर की पहल की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब से उन्होंने पदभार संभाला है, तब से कोई भी वर्ष ऐसा नहीं बीता जब हमीरपुर के छात्र और शिक्षक उनके आधिकारिक आवास पर उनसे मिलने न आए हों और इसका श्रेय अनुराग (ठाकुर) को जाता है। धनखड़ ने एक से श्रेष्ठ पहल पर कहा कि इन केंद्रों पर लगभग 10,000 लड़कियों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों में 95 प्रतिशत शिक्षक महिलाएं हैं, जो युवाओं को सशक्त बना रही हैं। एक से श्रेष्ठ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने और जीवन के सभी क्षेत्रों के छात्रों को समग्र विकास प्रदान करने की एक पहल है। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि 'श्रेष्ठ' का अर्थ पूर्णता और प्रेरणा है और कार्यक्रम के माध्यम से बड़ी संख्या में बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक नेक पहल है जिसका उद्देश्य पंचायत स्तर पर आसपास के शिक्षकों के माध्यम से स्कूल के बाद की मुफ्त में कक्षाएं सुनिश्चित करके बच्चों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि को देखे बिना उनका समग्र विकास करना है।

नासिक में 22 जनवरी को कालाराम मंदिर के दर्शन करेंगे : उद्धव

मुंबई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि वह और उनकी पार्टी के नेता 22 जनवरी को नासिक के कालाराम मंदिर के दर्शन करेंगे और गोदावरी नदी के किनारे महा आरती करेंगे। ठाकरे को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अभी तक कोई निमंत्रण नहीं मिला है। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी मां दिवंगत मीना ठाकरे को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद यहां पत्रकारों से कहा कि जब भी उनका मन करेगा तो वह अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा, अयोध्या के राम मंदिर का अभिषेक गौरव और आत्म-सम्मान का विषय है। उस दिन (22 जनवरी), हम शाम साढ़े छह बजे कालाराम मंदिर के दर्शन करेंगे जहां डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर और समाज सुधारक साने गुरुजी को विरोध प्रदर्शन करना पड़ा था।

आज की विश्व व्यवस्था में भारत को बड़ी भूमिका की तैयारी करनी चाहिए : जयशंकर

तिरुवनंतपुरम। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि आज की विश्व व्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाने के लिए भारत को तैयारी करनी चाहिए और उसे यह काम ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत उत्तरदायित्व के बोध के साथ करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि वर्तमान विश्व में परंपरा के पास लोगों को सिखाने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण के इस दौर में इतिहास, परंपरा एवं संस्कृति के कोण से देखने पर विश्व से संपर्क साधने का एक ठोस आधार प्राप्त होता है। जयशंकर संघ परिवार की एक प्रमुख संस्था भारतीय विचार केंद्रम (बीवीके) द्वारा आयोजित परमेश्वरनजी स्मृति व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैं आपको बता सकता हूं कि विश्व आज हमारे के लिए तैयार हो रहा है। हम को ही बड़ी भूमिका निभाने के लिए प्रयास करने चाहिए और इस काम को ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत उत्तरदायित्व बोध के साथ करना चाहिए।

विदेश मंत्री जयशंकर केरल में महिलाओं गैस स्टोव प्रदान करते

कांग्रेस के लिए दिल खुला है, जरूरत पड़ी तो अकेले भी उतर सकते हैं चुनाव मैदान में: तृणमूल कांग्रेस

भाषा। कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के लिए उसका दिल खुला है लेकिन अगर बातचीत विफल रहती है तो वह अकेले चुनाव लड़ने के लिए भी तैयार है। लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने पीटीआई-भाषा से कहा कि सीट बंटवारे के बारे में कांग्रेस के स्थानीय नेता क्या सोच रहे हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि अंतिम निर्णय दोनों दलों के शीर्ष नेताओं द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारी नेता ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि कांग्रेस के लिए हमारा दिल खुला है। अब, वे क्या करेंगे यह उन पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल में गठबंधन होगा या नहीं, इसका फैसला सोनिया गांधी और ममता बनर्जी करेंगी। स्थानीय कांग्रेस नेता क्या सोचते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता की यह टिप्पणी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के उस बयान के दो दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी से सीट की भीख नहीं मांगेगी। तृणमूल कांग्रेस के एक अन्य वरिष्ठ नेता ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि पार्टी पश्चिम बंगाल में गठबंधन के लिए तैयार है लेकिन जरूरत पड़ने पर वह अकेले भी चुनाव मैदान में उतरने को तैयार है। पार्टी के कई नेताओं ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य की 42 लोकसभा सीट में से चार सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने पर विचार कर रही है। साल 2019 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 22 सीट, कांग्रेस ने दो सीट और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में 18 सीट हासिल की थी। लोकसभा में कांग्रेस के नेता चौधरी ने मुर्शिदाबाद जिले की बहरामपुर सीट से जीत दर्ज की थी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अबू हासिम खान चौधरी ने पड़ोसी मालदा जिले की मालदा दक्षिण सीट से लगातार तीसरी जीत हासिल की थी। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष बनर्जी ने इससे पहले पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और वाम दलों के बीच गठबंधन का भरोसा जताया था। इस प्रस्ताव को उनकी धुर विरोधी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने तत्काल खारिज कर दिया था और कांग्रेस के कुछ नेताओं ने इसकी आलोचना की थी। कुछ दिन बाद, उन्होंने दोनों दलों पर भाजपा के साथ हाथ मिलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह तृणमूल कांग्रेस ही है जो पश्चिम बंगाल में भगवा खेमे का मुकाबला करेगी। तृणमूल कांग्रेस ने इससे पहले 2001 के विधानसभा चुनाव, 2009 के लोकसभा चुनाव और 2011 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था।

सबरीमला आने वाले श्रद्धालुओं को बिस्कुट के 10 लाख पैकेट बांटेगी

पथनमथिट्टा। केरल के पथनमथिट्टा में सबरीमला मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के बीच तमिलनाडु सरकार बिस्कुट के 10 लाख पैकेट वितरित करेगी। त्रावणकोर देवास्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। टीडीबी ने बताया कि तमिलनाडु सरकार का मंत्रालय पंबा में चार कंटेनर में बिस्कुट के 10 लाख पैकेट पहुंचाएगा। हिंदू धार्मिक एवं परमार्थ बंदोबस्त विभाग के मंत्री पी. के शेखर बाबू ने शनिवार को पहले कंटनेर को हरी झंडी दिखाई। पंबा से सन्निधानम तक विभिन्न स्थानों पर बिस्कुट वितरित किए जाएंगे। टीडीबी ने तीर्थयात्रियों के लिए बिस्कुट के साथ-साथ औषधीय गुणों वाले जल की भी व्यवस्था की है। टीडीबी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि बिस्कुट बांटने का कार्य सबरी समूह और मंत्रालय में केरल के संपर्क अधिकारी उन्नीकृष्णन आपसी तालमेल से करेंगे।

पेटीएम अयोध्या में डिजिटल भुगतान की सुविधा देगा

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी और क्यू आर और मोबाइल भुगतान की अग्रणी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ;ने पेटीएम ऐप के माध्यम से नगर निगम सुविधाओं को सक्षम करने के लिए अयोध्या नगर निगम के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य शहर में बहुप्रतीक्षित राम मंदिर के उद्घाटन के दौरान निर्बाध मोबाइल भुगतान सेवाएं प्रदान करना है। इसके साथ ही कंपनी अयोध्या नगर निगम के सहयोग से विभिन्न विभागों में मोबाइल भुगतान सक्षम करेगी। इस एमओयू के माध्यम सेए कंपनी राज्य नगर निगम विभागों के तहत नकदी संग्रह केंद्रों पर पेटीएम कार्ड मशीनें भी तैनात करेगी। यह समझौता ज्ञापन गिरीश पति त्रिपाठी, महापौर अयोध्या नगर निगम की उपस्थिति में हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर अभय शर्मा मुख्य व्यवसाय अधिकारी भुगतान पेटीएम भी मौजूद रहे।

मुंबई में नौ करोड़ रुपए की कोकीन के साथ नाइजीरिया के दो नागरिक गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने शनिवार को पश्चिमी उपनगर साकी नाका में नाइजीरिया के दो नागरिकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नौ करोड़ रुपए की कोकीन (मादक पदार्थ) जब्त की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गश्त कर रहे अधिकारियों ने डेनियल नेमैक (38) को रोका। वह हंसा इंडस्ट्रियल एस्टेट के पास संदिग्ध रूप से घूम रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी को पुलिस थाने लाया गया जहां उसके पास से कोकीन के 88 कैप्सूल बरामद किए गए।

भारत में कोविड-19 के 774 नए मामले

नई दिल्ली। देश में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 774 नए मामले सामने आए और दो संक्रमितों की मौत हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4,187 हो गई है। मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे के दौरान तमिलनाडु और गुजरात में कोविड-19 के एक-एक मरीज की मौत हुई। पिछले साल पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक तक पहुंच गई थी, लेकिन ठंड और वायरस के नए उपस्वरूप जेएन.1 के कारण मामलों में तेजी आई है। पांच दिसंबर के बाद एक दिन में कोविड-19 के सर्वाधिक नए मामलों की संख्या 31 दिसंबर 2023 को 841 दर्ज की गई, जोकि मई 2021 में दर्ज सर्वाधिक मामलों का 0.2 प्रतिशत था।

कांग्रेस ने प्रचार समिति का गठन किया

भाषा। नई दिल्ली

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी तैयारी तेज करते हुए शनिवार को एक प्रचार समिति का गठन किया। पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन इस समिति के संयोजक होंगे और महासचिव जयराम रमेश तथा के. सी. वेणुगोपाल इसके सदस्य बनाए गए हैं। एक बयान में यह जानकारी दी गई है।बयान में कहा गया है कि पार्टी ने आम चुनावों के लिए एक सेंट्रल वार रूम भी बनाया है, जिसके संचार वार रूम का नेतृत्व वैभव वालिया करेंगे, जबकि संगठनात्मक वार रूम की अध्यक्षता शशिकांत सेंथिल एस करेंगे। कांग्रेस के बयान के मुताबिक, वरुण संतोष, गोकुल बुटेल, नवीन शर्मा और कैप्टन अरविंद कुमार संगठनात्मक वार रूम में उपाध्यक्ष होंगे। बयान के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आगामी लोकसभा आम चुनाव के लिए प्रचार समिति का गठन किया है, जिसके संयोजक पार्टी कोषाध्यक्ष होंगे। इसके अनुसार, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव (संगठन), पार्टी महासचिव (संचार), प्रशासनिक विभाग के प्रभारी, मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख और सोशल मीडिया विभाग के प्रमुख इसके सदस्य होंगे। बयान के अनुसार, एआईसीसी महासचिव (संगठन) वेणुगोपाल, संचार विभाग के प्रभारी पार्टी महासचिव रमेश, प्रशासनिक विभाग के प्रभारी गुरदीप सिंह सप्पल , मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा और सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत हैं। इसमें कहा गया है कि समिति के लिए विशेष आमंत्रित सदस्यों के नाम की घोषणा उनकी सहमति के आधार पर की जाएगी।

राजस्थान: विभागों के बंटवारे के बाद कई मंत्रियों ने कार्यभार संभाला

जयपुर। राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)की सरकार में नवनियुक्त मंत्रियों ने विभागों के बंटवारे के बाद शनिवार को कार्यभार संभाल लिया। नवनियुक्त विद्यालई शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हित वाली योजनाएं चलती रहेंगी। शिक्षकों के तबादलों पर दिलावर ने कहा कि परीक्षाएं चल रही है, परीक्षाओं के चलते हुए हम कोशिश करेंगे की शिक्षकों के तबादले नहीं हो लेकिन वैसे तबादलों पर कोई रोक नहीं होता। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि यदि कोई मौजूदा कानून उपयोगी नहीं है या उसमें संशोधन की जरूरत है।

द्वारिकाधीश मंदिर में परिवार के साथ मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने दर्शन किए

भाजपा की मांग : तृणमूल के गिरफ्तार नेताओं को बंगाल के बाहर की जेलों में रखा जाए

भाषा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले को लेकर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने की मांग के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कहा कि विभिन्न घोटालों के सिलसिले में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं को दूसरे राज्यों की जेलों में रखा जाना चाहिए। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन किया। सत्तारूढ़ टीएमसी के खिलाफ नारे लगाते हुए भाजपा के कम से कम 100 समर्थकों ने हावड़ा ब्रिज पर 15 मिनट तक विरोध प्रदर्शन किया, जिससे वाहनों की आवाजाही अवरुद्ध हो गई। इन प्रदर्शनकारियों में महिलाएं भी शामिल थीं। भाजपा के एक प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि इसी तरह के प्रदर्शन मालदा, जलपाईगुड़ी, हुगली और राज्य के अन्य हिस्सों में भी हुए। उत्तर 24-परगना जिले में शुक्रवार को एक टीएमसी नेता के आवास पर छापेमारी के दौरान भीड़ ने प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम पर हमला किया और उसके वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसके बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस घटना की निंदा की थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने राज्य प्रशासन पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह से विफल रहने का आरोप लगाया और कहा, केवल एक ही विकल्प है।

जहाज के अपहरण के प्रयास में शामिल समुद्री डाकुओं की तलाश कर रही है नौसेना

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय नौसेना एक वाणिज्यिक जहाज का अपहरण करने के प्रयास में शामिल समुद्री डाकुओं का पता लगाने के लिए उत्तरी अरब सागर में संदिग्ध जहाजों की शनिवार को तलाश कर रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।नौसेना ने शुक्रवार को लाइबेरिया के ध्वज वाले जहाज एमवी लीला नॉरफोक के अपहरण का प्रयास नाकाम कर दिया था और इसमें सवार 15 भारतीयों समेत चालक दल के 21 सदस्यों को बचा लिया था।नौसेना ने बताया कि अब इस जहाज के चालक दल के सदस्य प्रणोदन प्रणाली, बिजली आपूर्ति और स्टीयरिंग गियर फिर से शुरू करने में लगे हुए हैं। इसने कहा, इसके बाद एमवी लीला नॉरफोक भारतीय नौसेना के युद्धक जहाज की सुरक्षा में अपने गंतव्य के लिए रवाना होगा। नौसेना ने जहाज की मदद करने के लिए एक युद्धपोत, समुद्री गश्ती विमान पी8आई और प्रीडेटर एमक्यू9बी ड्रोन तैनात किए हैं। एमवी लीला नॉरफोक ने यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) पोर्टल पर एक संदेश भेजा था जिसमें बताया गया कि बृहस्पतिवार शाम अज्ञात सशस्त्र कर्मी जहाज पर सवार हो गए हैं।भारतीय नौसेना के विशिष्ट समुद्री कमांडो मार्कोस ने उत्तरी अरब सागर में लाइबेरिया के ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज के अपहरण के प्रयास पर कार्वाई करते हुए शुक्रवार को 15 भारतीयों सहित चालक दल के सभी 21 सदस्यों को बचा लिया।

नौसेना ने अपहरण के प्रयास को नाकाम करने की जानकारी देते हुए एक बयान जारी किया।वीडियो में वाणिज्यिक जहाज के चालक दल के तीन भारतीय सदस्यों ने उन्हें बचाने के लिए नौसेना का आभार जताया। उनमें से एक ने कहा, मुझे भारतीय नौसेना पर गर्व है। नौसेना ने एक बयान में कहा, आईएनएस चेन्नई द्वारा निर्देशित मिसाइल विध्वंसक 15.15 बजे घटनास्थल पर पहुंचा। समुद्री सुरक्षा ड्रोन एमक्यू9बी, पी8आई और अहम हेलीकॉप्टरों ने एमवी लीला नॉरफोक की लगातार हवाई निगरानी की। इसमें कहा गया है कि इसके बाद भारतीय नौसेना के विशिष्ट समुद्री कमांडो एमवी लीला नॉरफोक पर चढ़े और वहां तलाश अभियान चलाया। नौसेना ने कहा, टीम को जहाज में कोई डाकू नहीं मिला। भारतीय नौसेना के विमान द्वारा लगातार चेतावनी दिए जाने और भारतीय नौसेना के युद्धपोत द्वारा पीछा किए जाने के कारण संभवत: समुद्री डाकू रात में जहाज से भागने पर मजबूर हुए। इसने कहा, एमवी लीला नॉरफोक के चालक दल के सभी 21 सदस्यों को बचा लिया गया है और सभी सुरक्षित हैं। भारतीय नौसैन्य बल इलाके में संदिग्ध जहाजों की तलाश कर रहे हैं। पिछले कुछ हफ्तों में सामरिक रूप से अहम समुद्री क्षेत्र में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं। भारत के पश्चिमी तट पर 23 दिसंबर को लाइबेरिया के ध्वज वाले जहाज एमवी केम प्लूटो पर ड्रोन हमला किया गया था।

क्विक न्यूज

भगवान राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर आव्हाड के खिलाफ मुंबई में प्राथमिकी दर्ज

मुंबई। मुंबई पुलिस ने भगवान राम को मांसाहारी बताने वाली टिप्पणी को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार देर रात उपनगर अंधेरी के एमआईडीसी थाने में विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उनके खिलाफ शुक्रवार को पुणे शहर में भी ऐसा ही एक मामला दर्ज किया गया। राकांपा के शरद पवार गुट का हिस्सा आव्हाड ठाणे जिले में मुंब्रा-कलवा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के पदाधिकारी गौतम रावरिया की शिकायत पर मुंबई में आव्हाड के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने कहा कि उन्होंने एक समाचार चैनल पर आव्हाड को भगवान राम के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हुए सुना। उन्होंने बताया कि आव्हाड के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 295 ए (किसी भी धर्म या धार्मिक आस्था का अपमान कर किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाएं आहत करने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आव्हाड ने यह कहकर तीन दिन पहले विवाद खड़ा कर दिया था कि भगवान राम मांसाहारी थे। शिरडी में बुधवार को राकांपा के एक कार्यक्रम में आव्हाड ने कहा था, वह (भगवान राम) शिकार करके खाया करते थे। वह हमारे, बहुजनों के थे। आप (भाजपा) हमें शाकाहारी बना रहे हो, (लेकिन) हम राम के उदाहरण को मान रहे हैं और मटन खा रहे हैं। बहुजन शब्द का उपयोग महाराष्ट्र में पारंपरिक तौर पर हिंदू समाज के गैर-ब्राह्मण वर्गों के लिए किया जाता है। विधायक आव्हाड ने बाद में कहा कि यदि किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो वह खेद व्यक्त करते हैं। पुलिस ने बताया कि पुणे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के प्रमुख धीरज घाटे की शिकायत पर आव्हाड के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

भगवान राम के लिए स्वर्ण पादुकाएं लेकर हैदराबाद का एक श्रद्धालु अयोध्या की पदयात्रा पर निकला

हैदराबाद। भगवान राम के प्रति अटूट श्रद्धा और अपने कारसेवक पिता के सपने को पूरा करने की इच्छा के साथ शहर से 64 वर्षीय एक व्यक्ति ने सोने की परत वाली पादुकाएं भेंट करने के लिए हैदराबाद से अयोध्या के लिए हजारों किलोमीटर की पदयात्रा शुरू कर दी है, जहां 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां चल रही हैं। चल्ला श्रीनिवास शास्त्री अयोध्या-रामेश्वरम मार्ग से यात्रा कर रहे हैं, जिसे भगवान राम ने वनवास के दौरान अपनाया था। उन्होंने कहा कि वह रास्ते में भगवान द्वारा स्थापित सभी शिवलिंगों के दर्शन करते हुए उल्टे क्रम में यात्रा करना चाहते थे और 20 जुलाई को अपनी यात्रा शुरू की थी। शास्त्री पहले ही ओडिशा में पुरी, महाराष्ट्र में त्र्यंबक और गुजरात में द्वारका जैसे कई स्थानों के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने सिर पर जूते लेकर लगभग 8,000 किमी की दूरी पैदल तय करेंगे, जिसे वह पवित्र शहर पहुंचने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप देंगे। शास्त्री ने कहा कि वह आयकर विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ. रामअवतार द्वारा 'तैयार किए गऐ मानचित्र का अनुसरण कर रहे हैं, जिन्होंने उस मार्ग पर 15 वर्षों तक शोध किया है जिसका अनुसरण भगवान राम ने वनवास के दौरान किया था। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, मेरे पिता ने अयोध्या में कारसेवा में भाग लिया था। वह भगवान हनुमान के बहुत बड़े भक्त थे। उनकी इच्छा अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण देखने की थी। अब वह नहीं रहे, इसलिए मैंने उनकी इच्छा पूरी करने का निर्णय किया। शास्त्री ने कहा कि 2019 में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राम मंदिर में अपने योगदान के तहत उन्होंने अब तक चांदी की पांच ईंट दान की हैं। उन्होंने कहा, 'मैं वर्तमान में भगवान श्रीराम के लिए पंच धातु से निर्मित सोने की परत वाली पादुकालु ले जा रहा हूं। उनके दो सप्ताह से भी कम समय में गंतव्य तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, शास्त्री को कुछ समय के लिए अपनी पदयात्रा रोकनी पड़ी क्योंकि उन्हें बीच में ब्रिटेन जाना पड़ा और बाद में उन्होंने तमिलनाडु में जहां वे रुके थे, वहां से अपनी पदयात्रा फिर से शुरू की। शास्त्री ने कहा कि पांच अन्य लोगों के साथ, वह वर्तमान में उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में हैं और अयोध्या से लगभग 272 किलोमीटर दूर हैं। उन्हें लगभग 10 दिन में गंतव्य तक पहुंचने की उम्मीद है। प्रतिदिन 30 से 50 किमी की दूरी तय वाले शास्त्री ने कहा कि वह जो सामान ले जा रहे हैं उसकी कीमत लगभग 65 लाख रुपए है, जिसमें कुछ दूसरे व्यक्तियों ने भी दान किया है।

दोसांझ ने जारी किया नया गीत

मुंबई। बहुआयामी गायक, गीतकार, अभिनेता, फिल्म निर्माता और टेलीविजन व्यक्तित्व दिलजीत दोसांझ दुनिया भर में अपने प्रशंसकों को किसी न किसी तरह अचंभित करते रहते हैं। वो एक वैश्विक सुपरस्टार हैं जिन्होंने 2020 में सोशल 50 बिलबोर्ड चार्ट में प्रवेश किया और 2023 में कोचेला वैली म्यूजिक एंड आर्ट्स फेस्टिवल में प्रदर्शन करने वाले वे पहले पंजाबी कलाकार बने। और अब उन्होंने अपने प्रशंसकों को एक ऐसा उपहार दिया है जिसे वे जल्द नहीं भूलेंगे। 6 जनवरी को अपने जन्मदिन परए उन्होंने सारेगामा ऑफिशियल पर एक शानदार पार्टी ट्रैक श्लव याश् जारी किया। खूबसूरती से फिल्माए गए इस लुभावने गाने का एक प्रमुख आकर्षण अभिनेत्री मौनी रॉय भी हैं। दिलजीत कहते हैं कि जब से मैंने अपनी संगीत यात्रा शुरू की है। मेरे प्रशंसकों ने हर कदम पर मेरा समर्थन किया है और यही कारण है कि मैं अपने जीवन के हर बड़े पड़ाव का जश्न उनके साथ मनाना पसंद करता हूं। और इसलिए अपने जन्मदिन परए मैंने उन्हें ये उपहार देने का फैसला किया। यह गाना सीधे मेरे दिल से निकला है और मुझे उम्मीद है कि उन्हें यह पसंद आएगा। अभिनेत्री मौनी रॉय कहती हैं कि दिलजीत के साथ काम करना मेरे लिए बहुत खुशी की बात थी। वे अपने नाम के अनुरूप ही हैं और अपनी गर्मजोशी और असीमित प्रतिभा से सहजता से सबका दिल जीत लेते हैं।उनकी आवाज और उपस्थिति ने इस ट्रैक को बहुत खास बना दिया है और मुझे पता है कि यह उनके प्रशंसकों के दिल को छू जायेगा ।

फ्लेक्सी मोड पर काम करेगें अदाणी के पावर प्लांट

अहमदाबाद। सरकार का रिन्यूएबल एनर्जी को बेस लोड के रूप में बढ़ावा देने का प्लान है जिसका मतलब ये है कि पारंपरिक उर्जा की खपत से पीछे हटना होगा। मतलब साफहै रिन्यूएबल एनर्जी को प्राथमिकता देनी होगी और रिन्यूएबल एनर्जी उत्पन्न नहीं हो रही हो फिर पारंपरिक उर्जा का इस्तेमाल किया जा सकता है। संदेश साफहै पावर प्लांट अब फ्लेक्सी ऑपरेशन मोड पर काम करें यानी पावर प्लांट को अब रैंप अप और डाउन स्टार्ट.स्टॉप मोड में संचालित करने के लिए फ्लेक्सी मोड पर इंजीनियर करना होगा। हम आपको बता दें कि देश के ज्यादातर प्लांट फ्लेक्सी मोड ऑपरेशन के लिए डिज़ाइन नहीं किए गए है। लेकिन अदाणी पावर प्लांट ने इसकी तैयारी अभी से ही शुरु कर दी है। कंपनी अपनी नई यूनिट को फ्लेक्सी मोड में संचालित करने के लिए डिजाइन कर रही है।अदाणी पावर के एमडी अनिल सरदाना ने कहा कि श्एक थर्मल प्लांट को बेस लोड ऐसेट के रूप में लगातार संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हर रैंप के ऊपर और नीचे स्टार्ट.स्टॉप के साथ इसकी लाइफलाइन प्रभावित होती है। चूँकि थर्मल प्लांटों के लिए संतुलन भार को पूरा करना जरुरी है और बेस लोड को रिन्यूएबल सोर्स के माध्यम से पूरा किया जाना है। मांग के अनुसार दिन के दौरान उत्पादन को कई बार ऊपर या नीचे बढ़ाने की आवश्यकता हो सकती है। इससे हमारे उपकरणों पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ता हैए इसे कम करने के लिएए कंपनी अपनी नई यूनिट को फ्लेक्सी मोड में संचालित करने के लिए डिजाइन कर रही है जबकि मौजूदा इकाइयों को भी फिर से इंजीनियर किया जा रहा है।

शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को मादक पदार्थ बेचने के आरोप में पांच गिरफ्तार

नोएडा (उप्र)। गौतमबुद्ध नगर जिले की नोएडा सेक्टर-126 थाना पुलिस ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों में मादक पदार्थों की आपूर्ति में लिप्त एक रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए एक छात्र सहित पांच लोग को गिरफ्तार किया तथा उनके पास से

बांग्लादेश में विपक्षी बीएनपी नेता समेत आठ गिरफ्तार

ट्रेन अग्निकांड की संरा जांच की मांग की गई

भाषा। ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शुक्रवार को हुए एक ट्रेन अग्निकांड के सिलसिले में पुलिस ने शनिवार को विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक बड़े नेता समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया। चुनाव से पहले हुई इस घटना में चार लोगों की जान चली गई। विपक्ष ने चुनाव का बहिष्कार कर रखा है। शुक्रवार रात करीब नौ बजे भारतीय राज्य पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे बेनापोल शहर से चलने वाली बेनापोल एक्सप्रेस जब अपने गंतव्य राजधानी के कमलापुर रेलवे स्टेशन से दो किलोमीटर पीछे गोपीबाग क्षेत्र में थी, तभी उसके चार डिब्बों में आग लगा दी गई। इस घटना के सिलसिले में जिन आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनमें ढाका दक्षिण सिटी इकाई के बीएनपी के संयुक्त संयोजक नबी उल्लाह नबी और जूबो दल के पांच कार्यकर्ता शामिल हैं। जूबो दल बीएनपी की युवा शाखा है। डेली स्टार अखबार के अनुसार पुलिस की खोजी शाखा (डीबी) के प्रमुख तथा ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस (डीएमपी) के अतिरिक्त आयुक्त हारूनोर राशिद ने कहा, नबी उल्लाह नबी और जूबो दल के कार्यकर्ता मंसूर आलम ट्रेन में आग लगाने की घटना के साजिशकर्ताओं और इसकी खातिर पैसे जुटाने वालों में शामिल थे। इसकी साजिश वीडियो कांफ्रेंस के जरिए रची गई थी। राशिद ने डीएमपी मीडिया सेंटर में कहा, मंसूर समेत जूबो दल के कम से कम 12-13 नेताओं ने बृहस्पतिवार शाम करीब छह बजे वीडियो कांफ्रेंस किया। उन्होंने किशोरगंज-नरसिंगडी तथा नारायणगंज-कमलापुर मार्गों पर हमला करने एवं विभिन्न वार्ड में कई मतदान केंद्रों पर देशी बम फेंकने की साचिश रची। डेली स्टार ने डीबी प्रमुख के हवाले से यह भी बताया कि पुलिस ने वीडियो कांफ्रेंस के वीडियो क्लिप बरामद कर लिए हैं। डीबी प्रमुख ने कहा, उनमें से एक ट्रेन में आग लगाने पर राजी हो गया। नबी वीडियो कांफ्रेंस में मौजूद नहीं था लेकिन वह धन का प्रबंधन करने वालों एवं हमला की सलाह देने वालों में एक था।

बांग्लादेश में आज को होगा मतदान

हसीना का चौथे कार्यकाल के लिए जीतना लगभग तय

ढाका। बांग्लादेश मे आम चुनाव के लिए रविवार को मतदान होगा, जिसमे मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अनुपस्थिति के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना के लगातार चौथी बार जीत दर्ज करने की उम्मीद है। विपक्षी दल बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार किया है और अवैध सरकार के खिलाफ 48 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। चुनाव आयोग ने कहा कि उसने देश भर के 300 निर्वाचन क्षेत्रों मे मतदान की तैयारी लगभग पूरी कर ली है और सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, 42,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर रविवार को होने वाले मतदान में कुल 11.96 करोड़ पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। चुनाव मे 27 राजनीतिक दलो के,500 से अधिक उम्मीदवार मैदान मे है और उनके अलावा 436 निर्दलीय उम्मीदवार भी है। भारत के तीन पर्यवेक्षको समेत 100 से अधिक विदेशी पर्यवेक्षक 12वे आम चुनाव की निगरानी करेंगे। यह चुनाव कड़ी सुरक्षा के बीच कराया जा रहा है। बांग्लादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त काजी हबीबुल अवल ने कहा, हम चाहते है कि हमारे आम चुनावो को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देखा जाए। बांग्लादेश संयुक्त राष्ट्र का सदस्य है और उसने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय दस्तावेजो पर हस्ताक्षर भी किए है।

बांग्लादेश की हसीना सरकार भ्रष्ट और अलोकतांत्रिक है : मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी

ढाका। बांग्लादेश में आम चुनाव से एक दिन पूर्व यानी शनिवार को देश की मुख्य विपक्षी पार्टी के उपाध्यक्ष निताई रॉय चौधरी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। रॉय ने पीटीआई से कहा, यह सरकार भष्ट्राचार में डूबी है। यह लोकतांत्रिक सरकार नहीं है। लोकतंत्र के बिना विकास नहीं हो सकता। लोगों की भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा, देश की राजनीति में मैं आर्थिक स्थितियों पर इतना जोर क्यों देता हूं? अगर हम अपनी अर्थव्यवस्था को ठीक स्थिति में लाने में विफल रहते हैं, तो फिर कुछ नहीं होगा। हम शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं। हम हिंसा और लोगों की संपत्ति को नष्ट करने में विश्वास नहीं करते। देश के मुख्य विपक्षी दल बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार किया है।

क्विक न्यूज

पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव कराने की मांग वाला नया प्रस्ताव संसद में पेश

इस्लामाबाद। पाकिस्तान मे आठ फरवरी को होने वाले चुनाव मे देरी की मांग वाले पारित प्रस्ताव को असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक करार देते हुए संसद मे शनिवार को एक नया प्रस्ताव पेश किया गया। इस नए प्रस्ताव मे चुनाव मे संवैधानिक आवश्यकताओ का पालन करने और समय पर चुनाव सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब करीब 24 घंटे पहले सीनेट ने शुक्रवार को ठंड के मौसम और सुरक्षा चिताओ का हवाला देते हुए आम चुनाव मे देरी की मांग वाले एक गैर-बाध्यकारी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिससे 8 फरवरी को निर्धारित चुनावो से पहले राजनीतिक अनिश्चितता बढ़ गई। डॉन डॉट कॉम के मुताबिक, जमात-ए-इस्लामी (जेआई) के सांसद मुश्ताक अहमद खान ने सीनेट सचिवालय मे एक नया प्रस्ताव पेश किया, जिसमे आग्रह किया गया कि आम चुनाव समय पर कराए जाने चाहिए।खबर के अनुसार, हालांकि, सीनेट के आगामी सत्र के एजेंडे मे प्रस्ताव को शामिल करना अनिश्चित बना हुआ है, क्योंकि सत्र की तारीख की पुष्टि नही की गई है।

जेल में इमरान के संदर्भ वाले लेख के संबंध में ब्रिटिश मीडिया संस्थान को पत्र लिखेगी पाकिस्तान सरकार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार ने कहा है कि वह जेल मे बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के हवाले से एक लेख के प्रकाशन को लेकर एक ब्रिटिश मीडिया संस्थान से संपर्क करेगी क्योंकि इस लेख ने संपादकीय निर्णय और विषय-वस्तु की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए है। द इकोनॉमिस्ट मे बृहस्पतिवार को इमरान खान ने आगाह किया कि पाकिस्तान चुनाव तमाशा हो सकता है शीर्षक से लेख प्रकाशित हुआ। लेख मे इस पर काफी संदेह जताया गया है कि क्या पाकिस्तान मे आठ फरवरी को होने वाला चुनाव घोषणा के अनुसार होगा। खान ने लेख मे अमेरिका के दबाव मे प्रतिष्ठान द्वारा 2022 मे सत्ता से उन्हे साजिशन हटाने और चुनावो मे समान अवसर न दिए जाने की बात दोहराई है। पाकिस्तान सरकार और अमेरिका के विदेश विभाग ने पहले ही इस लेख को खारिज किया है।पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान (71) तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले मे दोषी ठहराए जाने के बाद रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल मे बंद है और उन पर कई अन्य मुकदमे चलाए जा रहे है।

पूरी दुनिया में दिखाई जाएंगे पाकिस्तानी नाटक

लाहौर। भारतीय दर्शकों को सरहद पार के कार्यक्रम दिखाने वाला अग्रणी चैनल ज़िंदगी 2024 में एक शानदार लाइनअप के साथ अपना शानदार सफर जारी रखने के लिए तैयार है, जो गहरे विषयों और अलग अलग संस्कृतियों को उजागर करता है। इनमें फवाद खान, सजल अली, वहाज अली, सनम सईद, बिलाल अब्बासए सारा खान जैसे बहुत.से जाने.माने कलाकार शामिल हैं। ज़िंदगी उन शोज़ को हमारी स्क्रीन पर लाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा, जिन्होंने दुनिया भर के दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। पेश है इन कार्यक्रमों की लिस्ट जिसे आप यकीकन सहेजकर रखना चाहेंगे। अप्लॉउज़ एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत ज़िंदगी ओरिजिनल फरार ने इस साल शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल और डीसी साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में एक खासा प्रभाव छोड़ा है। महरीन जब्बार जुर्म द्वारा निर्देशित और रिदा बिलाल ;ज़ख्म द्वारा ये सीरीज़ आधुनिक कराची की तीन आत्मनिर्भर महिलाओं की ज़िंदगी पर रोशनी डालती है। इनमें शामिल हैं एक विधवा हेयरड्रेसर सबरीना, एक महत्वाकांक्षी एक्टर तान्या, जो अपनी बॉडी इमेज के मसले से जूझ रही है, और इरादों की पक्की एक ट्रैक एवं फील्ड रनर हुमाए जो सामाजिक दबावों का सामना कर रही है। जहां ये तीनों शहर की इस भीड़ में ज़िंदगी बसर करती हैंए वहीं उनकी दोस्ती उनकी उलझनों के बीच एक मजबूत हौसला साबित होती है। इसके अलावाए गहरे राज़ और कुछ सपनों के साथ फरार2 2024 में सब पर छा जाने के लिए तैयार हैए जो इस चैनल के लाइनअप में मजबूती और महत्वाकांक्षा का एक दिलचस्प अध्याय जोड़ देगा।

म्यांमा ने चीन से लगी सीमा के निकट स्थित शहर पर सशस्त्र जातीय गठबंधन का कब्जा होने की पुष्टि की

बैंकॉक। म्यांमा की सैन्य सरकार ने स्वीकार किया है कि उसने चीन से लगी उत्तर-पूर्वी सीमा के निकट एक प्रमुख शहर से अपने बलो को हटा लिया है। म्यांमा के सैन्य बलो के हथियार डालने और वापस जाने की अनुमति मिलने के बाद बृहस्पतिवार को द थ्री ब्रदरहुड अलायंस ने लाउक्कैंग शहर पर नियंत्रण कर लिया था। दोनो पक्षो ने शनिवार को यह जानकारी दी। लाउक्कैंग कोकांग स्वशासित क्षेत्र की राजधानी है, जो भौगोलिक रूप से म्यांमा के शेन राज्य का हिस्सा है। द थ्री ब्रदरहुड अलायंस नामक गठबंधन मे म्यांमा नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी (एमएनडीडीए), तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी और अराकान आर्मी शामिल है। एमएनडीएए जातीय रूप से चीनी कोकांग अल्पसंख्यको का सैन्य बल है। गठबंधन ने 27 अक्टूबर को हमले शुरू किए थे, जिनका प्राथमिक उद्देश्य शहर पर कब्जा करना था। म्यांमा सरकार के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ मिन तुन ने सैन्य समर्थक वेबसाइट पॉपुलर न्यूज जनरल को शनिवार को बताया कि सेना और उसके स्थानीय कमांडरो ने वहां ठहरे सैनिको के परिवार के सदस्यो की सुरक्षा समेत विभिन्न पहलुओ पर विचार के बाद लाउक्कैंग से नियंत्रण छोड़ दिया है।

अमेरिका-भारत व्यापार नीति मंच की मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए नई दिल्ली जाएंगी यूएसटीआर कैथरीन

न्यूयॉर्क। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई अगले सप्ताह नई दिल्ली की यात्रा करेंगी और वहां वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ अमेरिका-भारत व्यापार नीति फोरम की मंत्री स्तरीय बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगी।राजदूत कैथरीन 12 से 14 जनवरी तक भारत की यात्रा करेंगी और पीयूष गोयल के साथ बैठक से अपनी यात्रा की शुरुआत करेंगी। कैथरीन अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात करेंगी।कैथरीन 13 जनवरी को नागरिक समाज संगठन के प्रतिनिधियो, दिग्गज व्यवसायियो और हितधारको से मुलाकात करेंगी और दोनो देशो के बीच घनिष्ठ संबंधो को बढ़ावा देने के लिए बाइडन-हैरिस प्रशासन की प्रतिबद्धता पर चर्चा करेंगी। कैथरीन की यह यात्रा नव वर्ष मे बाइडन प्रशासन के किसी वरिष्ठ अधिकारी की पहली भारत यात्रा है।अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान मे शुक्रवार को कहा गया कि कैथरीन और गोयल अमेरिका-भारत व्यापार नीति फोरम (टीपीएफ) की 14वी मंत्री स्तरीय बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे।

बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल को सीमित करने वाले कानून को अदालत में चुनौती

कोलंबस (अमेरिका)। टिकटॉक, स्नैपचैट, मेटा और अन्य प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियो का प्रतिनिधित्व कर रहे एक व्यापार समूह ने उस लंबित कानून को लेकर शुक्रवार को ओहायो राज्य सरकार पर मुकदमा किया जिसमे बच्चो को सोशल मीडिया ऐप का इस्तेमाल करने के लिए अभिभावको की सहमति लेने की आवश्यकता होगी। यह कानून 86.1 अरब डॉलर के राज्य के उस बजट विधेयक का हिस्सा है जिस पर रिपब्लिकन गवर्नर माइक डीवाइन ने जुलाई मे हस्ताक्षर किए थे। यह 15 जनवरी से लागू होगा। ओहायो प्रशासन ने बच्चो के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करने के उपाय के तौर पर यह कदम उठाया है। रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व गवर्नर जॉन हस्टेड ने उस समय कहा था कि सोशल मीडिया बच्चो के लिए हानिकारक है। नेटचाइस व्यापार समूह ने ओहायो की अदालत मे रिपब्लिकन पार्टी के अटॉर्नी जनरल डेव योस्ट के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। उसने कानून को लागू करने से रोकने का अनुरोध किया है। मुकदमे मे दलील दी गई है कि ओहायो का कानून असंवैधानिक रूप से भाषण की स्वतंत्रता को रोकता है और यह जरूरत से अधिक व्यापक एवं अस्पष्ट है। इस कानून के तहत सोशल मीडिया कंपनियो को 16 साल तक की आयु के बच्चो को सोशल मीडिया और गेमिंग ऐप का इस्तेमाल करने देने के लिए अभिभावको की सहमति लेनी होगी। इस कानून के तहत सोशल मीडिया कंपनियो को माता-पिता को अपने निजता दिशा निर्देश भी उपलब्ध कराने होंगे ताकि परिवारो को पता चल सके कि उनके बच्चे के प्रोफाइल पर किसी सामग्री मे काट-छांट की जाएगी। यह व्यापार समूह कैलिफोर्निया और अरकंसास मे ऐसी ही पाबंदियो के खिलाफ मुकदमे जीत चुका है।

सिंगापुर में कोविड-19 चरम पर लेकिन चिकित्सकों की नजर मामलों में संभावित वृद्धि पर

सिंगापुर। सिंगापुर मे चिकित्सको का मानना है कि देश मे कोविड-19 संक्रमण अपने चरम पर है और कुछ अस्पतालो मे सामान्य से अधिक मरीज आ रहे है। वही चिकित्सक आने वाले महीनो मे संक्रमण के मामलो मे संभावित वृद्धि पर नजर बनाए हुए है। चैनल न्यूज एशिया की शुक्रवार की खबर के मुताबिक, चिकित्सको ने दिसंबर के अंत मे संक्रमण के मामलो मे स्थिरता देखी थी और लगभग 20 प्रतिशत की कमी दर्ज की थी। लेकिन आने वाले महीनो मे कोरोना वायरस संक्रमण के मामलो मे उछाल के मद्देनजर अस्पताल पहले से ही कर्मियो की संख्या और दवा की आपूर्ति को बढ़ाने की योजना बना रहे है।खबर के मुताबिक, हेल्थवे मेडिकल के 57 क्लीनिक मे रोजाना श्वसन संक्रमण के औसतन 50 से 60 मरीज आ रहे है और इनमे से अधिकांश मामले कोविड-19 और फ्लू के है। खबर मे बताया गया कि अस्पतालो मे नियमित रूप से आने वाली रोगियो की तुलना मे यह संख्या लगभग 10 प्रतिशत अधिक है हालांकि क्रिसमस के आसपास इन मामलो मे मामूली गिरावट देखी गई थी।सीएनए ने हेल्थवे मेडिकल ग्रुप मे प्राथमिक देखभाल के प्रमुख डॉ. जॉन चेंग के हवाले से कहा, ऊपरी श्वसन पथ के संक्रमण के मामले चरम पर पहुंच कर स्थिर हो चुके है। अधिकांश लोग अपनी-अपनी यात्राओ से लौट चुके है। उन्होने कहा, गंभीर और ऊपरी श्वसन पथ के संक्रमण के मरीजो की संख्या मे अचानक वृद्धि से निपटने के लिए हमारे अधिकांश क्लीनिक मे वास्तव मे पूरी तरह से तैयार है।चिकित्सक ने कहा, वर्ष के अंत तक निश्चित रूप से मामलो मे वृद्धि की संभावना है और फिर त्योहारो व छुट्टियो के दौरान ज्यादातर समय जब अधिक से अधिक लोग एक-दूसरे से बातचीत करते है, यात्रा करते है फिर चाहे देश-विदेश हो उस अवधि के दौरान भी मामलो मे वृद्धि की उम्मीद है।

पाकिस्तान में नौ मई की हिंसा मामले की जांच के लिए कैबिनेट समिति गठित की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार ने जेल मे बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थको द्वारा नौ मई को की गई हिसा के साजिशकर्ताओ, सूत्रधारो और अंजाम देने वालो का पता लगाने के लिए एक कैबिनेट समिति का गठन किया है। शनिवार को एक मीडिया रिपोर्ट मे यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक इमरान खान और उनकी पार्टी के सैकड़ो समर्थको को नौ मई की हिसक घटनाओ के संबंध मे पहले से ही कई मामलो का सामना करना पड़ रहा है। जियो न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस समिति के गठन की पहल कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार-उल-हक काकड़ के निर्देश पर की गई है।

चीन के गुब्बारे वायु सुरक्षा के सामने खतरा पैदा कर रहे है: ताइवान

ताइपे (ताइवान)। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को चीन पर उत्पीड़न करने और स्वशासित द्वीप पर बार-बार गुब्बारे भेजकर जनता का मनोबल प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया। ताइवान की आधिकारिक सैन्य समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार मंत्रालय ने कहा कि इन गुब्बारो के कारण अंतरराष्ट्रीय यात्री विमानो के सामने गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। मंत्रालय ने विमानो की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल यह गतिविधि बंद करने का आह्वान किया। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के वैचारिक युद्ध के तरीको को स्पष्ट रूप से समझे और तर्कसंगत व शांतिपूर्ण तरीके से इसका सामना करे ताकि इससे प्रभावित होने से बचा जा सके।

उत्तर कोरिया ने एक बार फिर समुद्री सीमा के निकट तोपों से गोलाबारी की: दक्षिण कोरिया

सियोल। उत्तर कोरिया ने शनिवार को दक्षिण कोरिया से लगी विवादित समुद्री सीमा के पास एक बार फिर तोपो से गोले दागे है। दक्षिण कोरिया के अधिकारियो ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफस ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया ने पश्चिमी समुद्री सीमा के पास 60 से अधिक गो ले दागे है। इससे एक दिन पहले, उत्तर कोरिया ने क्षेत्र के पास तोपो से लगभग 200 गोले दागे थे, जिसके जवाब मे दक्षिण कोरिया ने भी गोलाबारी की थी।

सिम्बायोसिस इंटरनेशनल ने मांगे आवेदन

सिम्बायोसिस। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल डीम्ड युनिवर्सिटी एसआईयू ने अपनी प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन की तारीखों की घोषणा कर दी है। ये परीक्षाएं युनिवर्सिटी के संस्थानों में विभिन्न अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए ली जाती हैं। इन परीक्षाओं में शामिल हैं एसईटी जनरल सिम्बायोसिस एंट्रेन्स टेस्ट, एसईटी, लॉ जिसे सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट एसएलएटीद्ध कहते हैं और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम एसआईटीईई। इन परीक्षाओं का संचालन देश भर के 76 शहरों में कम्प्यूटर बेस्ट टेस्ट मोड में किया जाता है। वे उम्मीदवार जो इन परीक्षाओं में भाग लेना चाहते हैं वे हर टेस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ नीचे दिए गए ऑफिशियल रजिस्ट्रेशन लिंक को एक्सेस कर सकते हैं।

अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन अस्पताल में भर्ती

वाशिंगटन। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन एक मामूली सर्जरी के बाद स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतो के कारण सोमवार से अस्पताल मे भर्ती है। पेंटागन के प्रेस सचिव व वायु सेना के मेजर जनरल पैट राइडर ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह पहली बार है जब रक्षा विभाग ने इसकी पुष्टि की है कि ऑस्टिन वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर मे भर्ती है। राइडर ने शुक्रवार को कहा कि अभी यह स्पष्ट नही है कि ऑस्टिन को अस्पताल से छुट्टी कब मिलेगी लेकिन वह ठीक तरीके से स्वस्थ हो रहे है।

इजराइल-हमास युद्ध के तीन माह बाद रहने लायक नहीं रहा गाजा : संयुक्त राष्ट्र

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध के तीन महीने बाद गाजा के हालात इतने अधिक खराब हो गए हैं कि यह जगह अब रहने लायक नहीं बची है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के अवर सचिव मार्टिन ग्रिफिथ्स ने शुक्रवार को यह बात कही और साथ ही चेतावनी दी कि गाजा में भुखमरी का खतरा मंडरा रहा है तथा वहां एक भीषण सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा की स्थिति पैदा हो सकती है। इजराइल में हमास के आतंकवादियों द्वारा सात अक्टूबर को किए गए हमले के बाद इजराइली सेना की ओर से की गई जवाबी कार्वाई के विनाशकारी प्रभावों का आकलन करते हुए ग्रिफिथ्स ने कहा कि गाजा के 23 लाख लोग "प्रतिदिन अपने अस्तित्व के लिए पैदा हो रहे खतरों का सामना करते हैं जबकि दुनिया सिर्फ देखती रहती है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में अब तक हजारों लोग मारे गए हैं अथवा घायल हुए हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। अधिकारी ने कहा कि गाजा में तापमान में गिरावट के बीच कई परिवार खुले में सोने को मजबूर हैं, और जिन क्षेत्रों में फलस्तीनियों को स्थानांतरित होने के लिए कहा गया था, उन क्षेत्रों पर भी बमबारी की गई है।

गाजा युद्ध के विस्तारित होने की आशंका के बीच ब्लिंकन ने पश्चिम एशिया का दौरा शुरू किया

इस्तांबुल। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने तुर्किए मे अपने तात्कालिक पश्चिम एशिया राजनयिक मिशन की शुरुआत की है, क्योंकि यह आशंका बढ़ गई है कि गाजा मे हमास के खिलाफ इजराइल का युद्ध एक व्यापक संघर्ष मे बदल सकता है। लेबनान, उत्तरी इज़राइल, लाल सागर और इराक सहित गाजा के बाहर चिंताजनक घटनाक्रम के बीच तीन महीने मे ब्लिंकन की चौथी यात्रा हो रही है। ब्लिंकन शनिवार को तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन और विदेश मंत्री हकन फ़िदान के साथ बैठक करेंगे जिसमे इस बात पर चर्चा होगी कि तुर्किए और अन्य, विशेष रूप से ईरान और उसके प्रतिनिधियो पर प्रभाव डालने के लिए क्या कर सकते है। ब्लिंकन के कार्य की तात्कालिक वजहनाई एर्दोआन के साथ उनकी बातचीत से कुछ घंटे पहले ही रेखांकित हो गई क्योंकि लेबनान के ईरान समर्थित हिजबुल्ला मिलिशिया ने उत्तरी इज़राइल पर दर्जनो रॉकेट दागे।

पश्चिमी जापान में विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या पहुंची 100

भाषा। वाजिमा (जापान)

पश्चिमी जापान में आए विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या शनिवार को 100 पहुंच गई। वहीं, बचावकर्मी भूकंप के बाद आने वाले झटकों के बीच मलबे से लोगों को सावधानीपूर्वक निकालने के लिए जूझ रहे हैं।इससे पहले भूकंप में मारे जाने वाले लोगों की संख्या 98 हो गई थीं लेकिन अनामिजु में दो और लोगों की मौत के बाद आंकड़ा 100 पहुंच गया। भूकंप से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र इशिकावा प्रांत में अधिकारियों ने आगे की रणनीति और नुकसान पर चर्चा करने के लिए अपनी दैनिक बैठक की। भूकंप में ढहे मकानों में बीते कुछ दिनों से जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे लोगों को आखिरकार मलबे से बाहर निकाला गया। एक के बाद एक भूकंप के झटकों से दहले जापान के पश्चिमी तट पर एक व्यक्ति को 72 घंटे बाद मलबे से बाहर निकाला गया।शनिवार को लापता लोगों की संख्या घटकर 211 हो गई, जो दो दिन पहले तक अचानक से बढ़ गई थी।इशिकावा के अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों में से 59 लोग वाजिमा शहर से, 23 लोग सुजु से, जबकि अन्य पांच पड़ोसी शहरों से थे। अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप में 500 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिसमें से कम से कम 27 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। तोक्यो विश्वविद्यालय के भूकंप अनुसंधान संस्थान ने पाया कि पश्चिमी जापान में कुछ स्थानों पर रेतीले समुद्र तट 250 मीटर (820 फीट) तक समुद्र की ओर खिसक गए।

अलास्का एयरलाइंस ने विमान की खिड़की टूटने के बाद बोइंग 737-9 विमानों के परिचालन पर रोक लगाई

भाषा। पोर्टलैंड (अमेरिका)

अलास्का एयरलाइंस ने उड़ान के दौरान बोइंग 737-9 शृंखला के एक विमान की एक खिड़की और मुख्य भाग का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाने के कुछ घंटे बाद इन विमानो के परिचालन पर रोक लगा दी है। विमान के उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद उसकी एक खिड़की मे छेद हो जाने की वजह से केबिन के भीतर दबाव कम हो गया। इसके अलावा विमान के मुख्य भाग का कुछ हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। उड़ान विवरण से पता चला है कि हादसे के समय विमान 16,000 फुट की ऊंचाई पर पहुंच गया था। इसे आपात स्थिति मे ओरेगन मे पोर्टलैंड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। विमानन कंपनी ने कहा कि विमान को सुरक्षित उतार लिया गया। विमान मे कुल 174 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। अलास्का एयरलाइंस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बेन मिनीकुची ने एक बयान मे कहा, उड़ान संख्या 1282 मे हुई इस घटना के बाद हमने एहतियात के तौर पर बोइंग 737-9 शृंखला के 65 विमानो के उड़ान भरने पर अस्थाई रोक लगा दी है। इसके साथ ही उन्होने कहा कि हरेक विमान की पूरी जांच-परख और व्यापक रखरखाव किया जाएगा और फिर उन्हे वापस परिचालन मे लाया जाएगा। उन्होने यह काम कुछ दिनो मे पूरा हो जाने की उम्मीद जताई।

ईरान में हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 91 हुई

तेहरान। ईरान मे हुए आत्मघाती बम विस्फोट मे मरने वालो की संख्या बढ़कर कम से कम 91 हो गई है। इस विस्फोट की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट समूह ने ली थी। यह जानकारी ईरान के सरकारी टेलीविजन ने शनिवार को दी।टेलीविजन ने देश की आपातकालीन सेवाओ के प्रवक्ता बाबाक एक्तापरस्त के हवाले से कहा कि हमले मे घायल हुए आठ साल के लड़के और 67 साल के एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है।एक्तापरस्त ने कहा कि अभी भी 102 लोगो का अस्पतालो मे इलाज किया जा रहा है, जिनमे से 11 की हालत गंभीर है। बुधवार के हमले मे, एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को बम धमाके मे उड़ा लिया था, इसके 20 मिनट बाद एक अन्य ने हमला किया जब आपातकालीन कर्मचारी और अन्य लोग घायलो की मदद करने की कोशिश कर रहे थे।

हिज्बुल्ला ने हमास के शीर्ष नेता की हत्या के बाद इजराइल पर कई रॉकेट दागे

भाषा। बेरूत

लेबनान के संगठन हिज्बुल्ला ने इस सप्ताह की शुरुआत में राजधानी बेरूत में अपने सहयोगी समूह हमास के एक शीर्ष नेता की संभवत: इजराइल द्वारा हत्या किए जाने के बाद शुरुआती पलटवार करते हुए शनिवार को उत्तरी इजराइल की ओर दर्जनों रॉकेट दागे। हिज्बुल्ला के नेता सैयद हसन नसरल्ला ने एक दिन पहले कहा था कि उनका समूह हमास के उप राजनीतिक नेता सालेह अरूरी की हत्या के मामले में पलटवार करेगा। नसरल्ला ने कहा था कि अगर हिज्बुल्ला ने अपने गढ़ दक्षिणी बेरूत में अरूरी की हत्या के सिलसिले में पलटवार नहीं किया तो सभी लेबनानी इजराइली हमले का शिकार हो सकते हैं। हिज्बुल्ला ने शनिवार को कहा कि उसने माउंट मेरोन में वायु निगरानी अड्डे की ओर 62 रॉकेट दागे, जो सीधे निशाने पर जाकर लगे। इजराइली सेना ने कहा कि करीब 40 रॉकेट मेरोन इलाके की ओर दागे गए, हालांकि उसने अड्डे का जिक्र नहीं किया। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन 14 सप्ताह से जारी इजराइल-हमास युद्ध को पूरे क्षेत्र में फैलने से रोकने के मकसद से पश्चिम एशिया की यात्रा पर हैं। ब्लिंकन शनिवार को तुर्किए में हैं, जहां वह देश के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री के साथ बैठक करेंगे। तीन महीने में ब्लिंकन की चौथी पश्चिम एशिया यात्रा है। तुर्किए के बाद वह ग्रीस जाएंगे। इसके बाद वह जॉर्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जाएंगे। अगले सप्ताह वह इजराइल, वेस्ट बैंक और फिर मिस्र जाएंगे। गाजा में इजराइल के अभियानों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना बढ़ रही है। युद्ध को लेकर अमेरिका की चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। लाल सागर, लेबनान, ईरान और सीरिया में हुए हालिया हमलों के बाद अमेरिका की चिंताओं में इजाफा हुआ है। गाजा में इजराइल के अभियानों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना बढ़ रही है। युद्ध को लेकर अमेरिका की चिंताएं बढ़ती जा रही हैं।

जापानी सुरक्षा विशेषज्ञ वॉयस रिकॉर्डर की खोज में जुटे, विमान का मलबा हटाने का काम जारी

तोक्यो। परिवहन सुरक्षा अधिकारियों ने जापान एयरलाइंस के विमान के गंभीर रूप से जले हुए हिस्से से वॉयस रिकॉर्डर की तलाश तेज कर दी है, जिसकी मदद से राजधानी तोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे के रनवे पर एक छोटे तट रक्षक विमान के साथ इस यात्री विमान की टक्कर के कारणों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। हवाई अड्डे के रनवे को विमानों की आवाजाही के लिए फिर से खोलने हेतु जले हुए एयरबस ए350 के मलबे को हटाने के लिए शनिवार को भारी मशीनरी ने दूसरे दिन भी अपना काम जारी रखा। जापान के परिवहन मंत्री तेत्सुओ सैतो ने कहा कि अधिकारी सोमवार को रनवे को फिर से खोलने का लक्ष्य बना रहे हैं। ज

शानदार क्षेत्ररक्षक हैं रोहित व कोहली : गावस्कर

● टी20 विश्व कप में खेलें दोनो

भाषा। नई दिल्ली

पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने जून में होने वाले टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा और विराट कोहली के खेलने का समर्थन करते हुए कहा कि ए दोनों सीनियर खिलाड़ी भारतीय टीम में सिर्फ अहम बल्लेबाज ही नहीं बल्कि शानदार क्षेत्ररक्षक भी हैं। रोहित और कोहली दोनों 2022 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से मिली हार के बाद से भारत के लिए इस प्रारूप में नहीं खेले हैं लेकिन दोनों ही खेल के इस छोटे प्रारूप में वापसी के लिए उत्सुक हैं। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मुझे उनका क्षेत्ररक्षण अच्छा लगता है। विराट कोहली और रोहित शर्मा अब भी बेहतरीन क्षेत्ररक्षक हैं और मैदान पर उनसे काफी मदद मिलेगी। साथ ही ड्रेसिंग रूम में उनके सीनियर होने के साथ वे मैदान पर भी योगदान करेंगे। उन्होंने कहा, कभी कभार आप जब 35-36 साल की उम्र में होते हो तो आपके एक्शन धीमे हो जाते हो। आपका थ्रो भी उतना जानदार नहीं रहता। इसलिए आपको मैदान में क्षेत्ररक्षण के लिए खिलाड़ियों को सजाते हुए कहां खड़ा किया जाए, इस पर चर्चा होती है। लेकिन इन दोनों खिलाड़ियों के साथ ऐसी कोई समस्या नहीं है क्योंकि ए दोनों अब भी शानदार क्षेत्ररक्षक हैं। टी20 विश्व कप वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में एक से 29 जून तक खेला जाएगा। रोहित की अनुपस्थिति में हार्दिक पंड्या टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम की अगुआई कर रहे हैं। इस आल राउंडर को मुंबई इंडियंस में भी रोहित की जगह कप्तानी दी गई है। रोहित को अगर टीम में शामिल किया जाता है तो क्या वह छोटे प्रारूप में भारतीय टीम की अगुआई करेंगे, लेकिन इसका पता अभी नहीं लगा है। पर रोहित के अनुभव को देखते हुए गावस्कर का मानना है कि टीम का नेतृत्व नहीं करने के बावजूद वह काफी कुछ दे सकते हैं। गावस्कर ने कहा, हम नहीं जानते कि रोहित कप्तान होगा या नहीं, लेकिन जो भी हो, कोई भी कप्तान हो, उसे इससे फायदा जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा, पिछले डेढ़ साल से कोहली इतनी शानदार फॉर्म में हैं। 2023 विश्व कप में उनका प्रदर्शन अविश्सनीय रहा जिसमें उन्होंने तीन शतक से 750 रन बनाए। इसलिए उनकी सीमित ओवरों की बल्लेबाजी में कोई संदेह ही नहीं है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इरफान पठान को भी लगता है कि रोहित और कोहली को टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा होना चाहिए क्योंकि अमेरिका और वेस्टइंडीज की कुछ पिचों से सभी अनजान हैं और इन दोनों का अनुभव मैदान के अंदर और बाहर जरूरी होगा। पठान ने कहा, व्यक्तिगत रूप से, मैं विराट को पिच पर देखना चाहूंगा क्योंकि अगर हम दो साल पहले की बात करें तो वह निश्चित रूप से अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं था। लेकिन पिछले आईपीएल और टी20 में उसका प्रदर्शन अद्भुत रहा। , दोनों खिलाड़ियों को खिलाना टीम प्रबंधन के साथ उनकी फिटनेस पर भी निर्भर करेगा लेकिन मैं दोनों को मैदान पर देखना पंसद करूंगा, विशेषकर रोहित की फॉर्म भी शानदार चल रही है और वह वनडे क्रिकेट में काफी रन बना रहे हैं।

रोहित और विराट के टी20 चयन को लेकर उलझन जारी

केपटाउन। भारतीय टीम के चयनकर्ताओ की निगाहे जून मे होने वाले टी20 विश्व कप पर लगी हुई है जिससे उनके लिए अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए रोहित शर्मा और विराट कोहली मे से एक को चुनना आसान नही लग रहा है। अभी तक ऐसा लग रहा है कि दोनो को टीम मे रखा जाएगा लेकिन हो सकता है कि आईपीएल के दौरान की फॉर्म को टी20 विश्व कप टीम मे चयन के लिए अहम माना जाए। चर्चा का एक और दौर हो सकता है जिसमे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के बड़े अधिकारी फैसला ले सकते है। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर दूसरे टेस्ट के दौरान दोनो खिलाड़ियो से बात करने के लिए दक्षिण अफ्रीका गए थे और इन दोनो ने खुद को उपलब्ध बताया है। लेकिन बहुत सारे बाहरी कारक है जिससे अंत मे शायद फैसला लेने के लिए बीसीसीआई के सचिव जय शाह की जरूरत पड़े। दौरा करने वाली अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 मैच मे केवल पांच दिन बचे है और बीसीसीआई ने अभी तक 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचो की श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा नही की है। अगरकर भारत के लिए रवाना हो गए है और हो सकता है कि अगले 24 से 48 घंटो मे उनके वापस आने पर टीम की घोषणा कर दी जाएगी। अगर रोहित और कोहली दोनो को अंतिम एकादश मे शामिल किया गया तो टीम का संतुलन एक मुद्दा हो सकता है। एक पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, अगर आपके शीर्ष पांच मे रोहित, शुभमन गिल, विराट, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या है तो आपका बाएं हाथ का बल्लेबाज कहां है? मान लो कि आप कोहली को हटा देते है और गिल को तीसरे नंबर पर खिलाते है और यशस्वी जयसवाल को रोहित के साथ पारी का आगाज करवते है। पर क्या अजीत यह साहसिक फैसला कर सकते है। अगर चयनकर्ता रोहित और कोहली दोनो को शामिल करते है तो रुतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को बाहर होना पड़ेगा। इशान बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज है और गायकवाड़ शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी विकल्प है।

टर्निंग विकेट से गेंदबाजी की धार होगी कम : बेयरस्टो

● इंग्लैड के विकेटकीपर ने दी सलाह- भारत का तेज गेंदबाजी आक्रमण प्रभावित होगा

भाषा। लंदन

इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का मानना है कि इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारत अगर टर्निंग विकेट तैयार करता है तो इससे उसके तेज गेंदबाजी आक्रमण की ताकत कम हो जाएगी। इंग्लैंड ने 2021 में जब भारत का दौरा किया था तो स्पिनरों के लिए अनुकूल पिचों पर उसे 1-3 से हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड के बल्लेबाज तब रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल की बलखाती गेंदों का सामना नहीं कर पाए थे। बेयरस्टो ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, भारत अलग-अलग तरह की पिच तैयार कर सकता है। ऐसी पिच भी जिनमें टर्न नहीं हो। हम सभी ने देखा है कि हाल में उनका तेज गेंदबाजी आक्रमण कितना दमदार रहा है। मुझे पूरा यकीन है कि वह टर्निंग विकेट तैयार करेंगे। वह पहले दिन से टर्न लेंगे या नहीं यह कहा नहीं जा सकता, क्योंकि इससे उनके तेज गेंदबाजी आक्रमण की ताकत कुछ कम पड़ जाएगी। हम सभी जानते हैं कि उनका तेज गेंदबाजी आक्रमण कितना मजबूत है। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह भारत में स्पिन गेंदबाजों की चुनौती को लेकर ज्यादा नहीं सोचना चाहते हैं। निश्चित तौर पर पिछली बार अक्षर और अश्विन ने शानदार प्रदर्शन किया था।

दक्षिण अफ्रीका में फुल लेंग्थ की गेंदबाजी कारगर नही है: मुकेश

केपटाउन। अपनी स्विंग गेंदबाजी से बल्लेबाजो को परेशान करने वाले मुकेश कुमार को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सेचुरियन मे खेले गए पहले टेस्ट मैच मे मौका नही मिला लेकिन न्यूलैंड्स मे दूसरे टेस्ट मैच मे उनकी कारगर गेंदबाजी के बाद टीम प्रबंधन को अपनी चूक का एहसास हुआ। मोहम्मद सिराज (सात विकेट) और जसप्रीत बुमराह (आठ विकेट) की अनुभवी जोड़ी ने दूसरे टेस्ट मे दक्षिण अफ्रीका को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया। इस बीच टीम के तीसरे तेज गेंदबाज मुकेश ने चार विकेट लिए जिसमे दूसरी पारी मे शीर्ष क्रम के दो खिलाड़ियो को आउट करना शामिल था। स्विंग गेंदबाज फुल लेंग्थ (गेंद को बल्लेबाज के करीब टप्पा खिलाना) पसंद करते है लेकिन मुकेश थोड़ी पीछे की लेंथ से गेंदबाजी करने के बावजूद स्विंग से बल्लेबाजो को चकमा देने मे सफल रहे। भारत को दो टेस्ट मैचो की श्रृंखला के दूसरे मैच मे जीत दिलाने मे अपना योगदान देने वाले मुकेश ने यहां कहा, मुझे लगता है कि मै टीम प्रबंधन द्वारा सौपी गई भूमिका को निभाने मे सक्षम रहा।

आस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर, भारत दूसरे स्थान पर खिसका

दुबई। सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट में आठ विकेट की जीत के बाद आस्ट्रेलिया शनिवार को आईसीसी द्वारा जारी ताजा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में 56.25 प्रतिशत अंक की बदौलत भारत को दूसरे स्थान पर खिसका कर शीर्ष पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा जारी तालिका में पैट कमिंस की टीम रोहित शर्मा की भारतीय टीम से 2.09 प्रतिशत अंक ऊपर है। भारत के 54.16 प्रतिशत अंक हैं। भारत ने हालांकि मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में केवल चार टेस्ट मैच खेले हैं जबकि आस्ट्रेलिया आठ टेस्ट खेल चुका है। भारत ने इस हफ्ते के शुरूआत में केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट की यादगार जीत के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया था लेकिन आस्ट्रेलिया ने शनिवार को एससीजी पर पाकिस्तान को हराकर भारत को शीर्ष से हटा दिया। आस्ट्रेलिया मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियन है। उसने पिछले साल ओवल में हुए फाइनल में भारत को हराया था। आस्ट्रेलिया अब वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलेगा जबकि भारतीय टीम घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी।

ब्रिसबेन ओपन : सबालेंका व रिबाकिना फाइनल में

ब्रिसबेन (आस्ट्रेलिया)। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने शनिवार को यहां दो बार की चैम्पियन विक्टोरिया अजारेंका पर 6-2, 6-4 की जीत से ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मे प्रवेश किया जिसमे उनकी भिड़ंत एलीना रिबाकिना से होगा। पिछले साल आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल मे भी सबालेंका और रिबाकिना का सामना हुआ था। इसमे सबालेंका ने रिबाकिना पर 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल कर ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। सबालेंका ने 2022 विम्बलडन चैम्पियन रिबाकिना के साथ सात मुकाबलो मे पांच मे जीत हासिल की है। आस्ट्रेलियाई सरजमी पर सबालेंका की जीत की लय 15 मैच की हो गई है जिसमे एडिलेड मे 2023 के शुरू मे खिताब के बाद मेलबर्न पार्क मे ग्रैंडस्लैम ट्राफी जीतना भी शामिल रहा। सबालेंका ने अजारेंका के खिलाफ 10 ऐस और 35 विनर लगाए। अजारेंका ने 2012 और 2013 मे लगातार आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीते थे। रिबाकिना ने 19 वर्षीय लिंडा नोसकोवा पर 6-3, 6-2 की जीत से फाइनल मे प्रवेश किया। पुरुष वर्ग के फाइनल मे भी शीर्ष दो वरीय खिलाड़ी पहुंच सकते है। शीर्ष वरीय होल्गर रूने ने रोमन सैफियुलीन पर 6-4, 7-6 से जीत हासिल की। आठवी रैंकिंग पर काबिज रूने एटीपी मे पांचवां खिताब हासिल करने की उम्मीद लगाए होंगे जिसमे उनका सामना रविवार को दूसरे वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव और जोर्डन थाम्पसन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

युकी भांबरी-रोबिन हासे की जोड़ी सेमीफाइनल में हारी

ब्रिसबेन। भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के उनके जोड़ीदार रोबिन हासे शनिवार को ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे इंग्लैंड के लॉयड ग्लासपूल और नीदरलैंड के जीन-जूलियन रोजर की जोड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। आठवी वरीयता प्राप्त भारत और नीदरलैंड के खिलाड़ियों की जोड़ी एक घंटे 40 मिनट तक चले मैच मे दूसरे वरीय प्रतिद्वंद्वी से 3-6, 7-6, 9-11 से हार गई। भांबरी और हासे की जोड़ी ने इससे पहले शुक्रवार को नाथानियल लैमन्स और जैक्सन विथ्रो की अमेरिकी जोड़ी को सीधे सेटो मे हराया था। पिछले साल 31 साल के भांबरी ने मार्लोका चैम्पियनशिप युगल प्रतियोगिता मे पहला एटीपी खिताब जीता था। दिल्ली के खिलाड़ी ने इस टूर्नामेंट मे दक्षिण अफ्रीका के लॉयड हैरिस के साथ जोड़ी बनाई थी।

गॉफ और एलिना में होगा खिताबी मुकाबला

ऑक्लैंड। पिछली बार की चैंपियन कोको गॉफ ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां ऑक्लैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मे जगह बनाकर अपने खिताब का बचाव करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।अमेरिका की इस खिलाड़ी ने सेमीफाइनल मे हमवतन एम्मा नवारो को केवल 62 मिनट मे 6-3, 6-1से हराया। गॉफ इस तरह से ऑक्लैंड मे दो वर्षो मे लगातार 18 सेट और नौ मैच जीत चुकी है।रविवार को होने वाले फाइनल मे उनका मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा, जिन्होने एक अन्य सेमीफाइनल मे तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले मे चीन की वांग ज़्यि पर 2-6, 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। स्वितोलिना को इस मैच के दौरान दो बार मेडिकल टाइमआउट भी लेना पड़ा लेकिन आखिर मे वह चीन की अपनी प्रतिद्वंद्वी को हराने मे सफल रही।

स्वियातेक व हर्काज़ ने पोलैंड को फाइनल में पहुंचाया

सिडनी। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक और ह्यूबर्ट हर्काज़ के शानदार प्रदर्शन से पोलैंड ने शनिवार को यहां फ्रांस को 3-0 से हराकर यूनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मे प्रवेश किया।स्वियातेक ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके कैरोलिन गार्सिया को 4-6, 6-1, 6-1 से हराया। इसके बाद एटीपी रैंकिंग मे नौवे नंबर पर काबिज हर्काज़ ने एड्रियन मन्नारिनो को 6-3, 7-5 से हराकर अपनी टीम को 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी। पोलैंड ने इसके बाद मिश्रित युगल का मैच भी जीता। पोलैंड रविवार को होने वाले फाइनल मे ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी के बीच खेले जा रहे दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त पोलैंड ने ग्रुप चरण मे केवल एक मैच गंवाया था। उसने चीन को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल मे जगह बनाई थी।

डब्ल्यूएफआई पर नियंत्रण नही रख सकता आईओए, निलंबन हटे: डब्ल्यूएफआई प्रमुख ने लालोविच से कहा

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) को याद दिलाया कि अंतरराष्ट्रीय संस्था के नियमो और आईओसी (अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति) चार्टर के अनुसार भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) नवनिर्वाचित संस्था पर कोई नियंत्रण नही रख सकता और उसने यूडब्ल्यूडब्ल्यू से पिछले साल अगस्त मे लगाए गए अस्थाई निलंबन को तुरंत हटाने के लिए कहा। डब्ल्यूएफआई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू अध्यक्ष नेनाद लालोविच को लिखे अपने पत्र मे यह भी कहा कि आईओए के कुश्ती मे किसी भी तरह का हस्तक्षेप को यूडब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा अवैध माना जाना चाहिए। संजय सिंह की नवनिर्वाचित संस्था को सत्ता मे आने के तीन दिन बाद ही खेल मंत्रालय ने निलंबित कर दिया था और कुश्ती का कामकाज देखने के लिए फिर से आईओए का तदर्थ पैनल बनाया गया। संजय सिंह ने शुक्रवार को लालोविच को लिखे अपने पत्र मे कहा, चुनाव के बाद नवनिर्वाचित संस्था ने डब्ल्यूएफआई का कार्यभार संभाल लिया है और इसका कामकाज देख रहा है।

इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए की अगुआई करेंगे अभिमन्यु ईश्वरन

मुंबई। बंगाल के अनुभवी खिलाड़ी अभिमन्यु ईश्वरन को इंग्लैड लायंस के खिलाफ आगामी चार दिवसीय मैच के लिए शनिवार को 13 सदस्ईय भारत ए टीम का कप्तान चुना गया। इंग्लैड लायंस की टीम भारत दौरे पर इस मैच से पहले दो दिवसीय अभ्यास मैच भी खेलेगी जो 12-13 जनवरी को अहमदाबाद मे होगा। इसके बाद 17 से 20 जनवरी तक नरेंद्र मोदी स्टेडियम मे चार दिवसीय मैच खेला जाएगा। भारतीय टीम मे साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, केएस भरत और नवदीप सैनी भी शामिल है। भारत ए टीम दक्षिण अफ्रीका दौरे से खेलकर आ रही है जिसमे टीम ने दो अनौपचारिक टेस्ट मैच खेले थे जो ड्रा रहे थे।

संस्कृत भाषी वैदिक पंडितों का क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित, पुरस्कार में अयोध्या यात्रा

भोपाल। धोती-कुर्ता पहने और माथे पर तिलक लगाए वैदिक पंडित संस्कृत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भोपाल मे क्रिकेट के मैदान पर इस खेल मे अपना कौशल दिखा रहे है। इस वार्षिक टूर्नामेंट के एक आयोजक ने बताया कि पश्चिम के देशो मे योग को लोकप्रिय करने मे अहम भूमिका निभाने वाले महर्षि महेश योगी की जयंती (12 जनवरी) के मौके पर आयोजित चार दिवसीय आयोजन मे विजेता टीम को इस साल अयोध्या जाने का मौका मिलेगा, जहां 22 जनवरी को राम मंदिर का अभिषेक होगा। यह टूर्नामेंट शुक्रवार को मध्य प्रदेश की राजधानी के अंकुर मैदान मे शुरू हुआ, जिसमे खिलाड़ी और अंपायर संस्कृत मे धाराप्रवाह संवाद कर रहे थे।

अतिरिक्त वीडियो समीक्षा प्रणाली लागू करने पर विचार कर रहा है एआईएफएफ

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने अतिरिक्त वीडियो समीक्षा प्रणाली (एवीआरएस) के ट्रायल मे भारत को शामिल करने के लिए खेल के नियमो को निर्धारित करने वाली संस्था अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल एसोसिएशन बोर्ड को पत्र लिखा है।वीडियो समीक्षा प्रणाली (वीएआर) को पहली बार 2016-17 मे फीफा की प्रतियोगिताओ मे उपयोग किया गया था। इससे रेफरी को सही फैसले करने मे मदद मिली।

ब्राजील के विश्व कप विजेता खिलाड़ी और कोच मारियो जागालो का निधन

रियो डी जनेरियो। ब्राजील की तरफ से एक खिलाड़ी के रूप मे दो तथा कोच और सहायक कोच के रूप मे एक-एक विश्व कप खिताब जीतने वाले फुटबॉलर मारियो जागालो का निधन हो गया है। वह 92 वर्ष के थे।जागालो पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होने एक खिलाड़ी और कोच के रूप मे विश्व कप जीता था। वह ब्राजील के कई समर्थको के लिए देशभक्ति और गौरव का प्रतीक थे।

राशिद को भारत के खिलाफ टी20 में शामिल किया गया

काबुल।अनुभवी लेग स्पिनर राशिद खान को भारत के खिलाफ 11 जनवरी से मोहाली मे शुरू होने वाली तीन मैचो की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए 19 सदस्ईय अफगानिस्तान टीम मे शामिल किया गया है। इस टीम का नेतृत्व युवा इब्राहिम जादरान करेंगे। देश के नियमित टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान राशिद के टीम मे होने के बावजूद मैदान पर उतरने की संभावना कम है।

पुजारा की नाबाद शतकीय पारी से सौराष्ट्र मजबूत

● रणजी राउंडअप : झारखंड के खिलाफ उम्दा खेल

भाषा। राजकोट

भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हुए अनुभवी चेतेश्वर पुजारा की नाबाद शतकीय पारी के दम पर सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए के मैच में शनिवार को दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक पहली पारी में चार विकेट पर 406 रन बनाकर अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली है। दिन का खेल खत्म होते समय पुजारा 157 रन पर नाबाद थे जबकि क्रीज पर प्रेरक मांकड़ (नाबाद 23) उनका साथ दे रहे है। सौराष्ट्र ने मैच के पहले दिन झारखंड की पारी को 142 रन पर समेट दिया था। अब तक उसकी कुल बढ़त 264 रन की हो गई है और उसके छह विकेट बचे हैं। सौराष्ट्र के लिए हार्विक देसाई (85), शेल्डन जैक्सन (54) और अर्पित वसावदा (68) ने भी बल्ले से अहम योगदान दिया। पहले दिन के नाबाद बल्लेबाज हार्विक और जैक्सन दूसरे दिन अपनी पारी को ज्यादा आगे नहीं बढ़ा सके। दोनों ने हालांकि दूसरे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी।पुजारा ने 239 गेंद की नाबाद पारी में 19 चौके जड़े। उन्होंने वसावदा के साथ चौथे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी कर मैच पर पकड़ बनाने में अहम भूमिका निभाई।

कर्नाटक ने पंजाब पर शिकंजा कसा

हुब्बाली (कर्नाटक)। देवदत्त पडीक्कल (193 रन) और मनीष पांडे (118 रन) के शानदार शतकों की बदौलत कर्नाटक ने शनिवार को यहां रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन पंजाब के खिलाफ स्टंप तक छह विकेट पर 461 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 309 रन की बढ़त हासिल की। पडीक्कल (24 चौके, चार छक्के) और पांडे (13 चौके, तीन छक्के) ने कर्नाटक को विशाल बढ़त दिलाने मे मदद की। कर्नाटक ने पंजाब को पहले दिन पहली पारी मे 152 रन पर समेट दिया था। पडीक्कल ने सुबह 80 रन से खेलना शुरू किया और अपना शतक पूरा किया जबकि पांडे ने 13 रन से शुरूआत करते हुए सैकड़ा बनाया। इन दोनो ने तीसरे विकेट के लिए 234 रन की भागीदारी निभाई। विकेटकीपर बल्लेबाज शरत श्रीनिवास (नाबाद 55 रन) ने भी अर्धशतक जड़ा। वहीं वलसाड मे तमिलनाडु ने गुजरात पर 14 रन से पहली पारी की बढ़त हासिल की। गुजरात को 236 रन पर समेटने के बाद तमिलनाडु ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवा दिए। गुजरात के लिए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई 73 रन देकर चार विकेट और तेज गेंदबाज अर्जन नागवासवाला 35 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

गौरव यादव के सात विकेट, पुडुचेरी ने दिल्ली को 148 रन पर समेटा

नई दिल्ली। तेज गेंदबाज गौरव यादव के सात विकेट के खतरनाक स्पैल से दिल्ली का बल्लेबाजी क्रम चरमरा गया जिससे पुडुचेरी ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच मे दूसरे दिन घरेलू टीम को 148 रन पर समेट दिया। जवाब मे पुडुचेरी ने स्टंप तक 29 ओवर मे दो विकेट गंवाकर 113 रन बना लिए। पारस रत्नपारखे 31 और पारस डोगरा 18 रन बनाकर खेल रहे है। पुडुचेरी 35 रन से पिछड़ रही है और उसके आठ विकेट बाकी है।

वार्नर ने अपनी आखिरी पारी में जमाया अर्धशतक

● ऑस्ट्रेलिया ने पाक का सूपड़ा साफ किया

भाषा। सिडनी

डेविड वार्नर ने अपने घरेलू मैदान पर 57 रन बनाकर 112 टेस्ट मैच के अपने करियर का अंत किया, जबकि आस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करके इस दिग्गज सलामी बल्लेबाज को शानदार विदाई दी। ऑस्ट्रेलिया जब लक्ष्य से केवल 11 रन दूर था तब वार्नर को साजिद खान ने पगबाधा आउट किया। जब वह सिडनी क्रिकेट ग्राउंड से पवेलियन की तरफ बढ़ रहे थे तब दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में वह आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज थे। साजिद ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को भी पगबाधा आउट किया था। ख्वाजा खाता भी नहीं खोल पाए। ऑस्ट्रेलिया के सामने 130 रन का लक्ष्य था जो उसने दो विकेट खोकर हासिल कर दिया। वार्नर के अलावा मार्नस लाबुशेन (नाबाद 62) ने भी अर्धशतक जमाया जबकि स्टीव स्मिथ चार रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 313 रन का अच्छा स्कोर खड़ा किया था जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 299 बनाए। पाकिस्तान की टीम दूसरी पारी में 115 रन पर आउट हो गई थी। पाकिस्तान ने सुबह अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 68 रन से आगे बढ़ाई। मैच के तीसरे दिन जोश हेजलवुड (16 रन देकर 4 विकेट) ने पाकिस्तान की बल्लेबाजी को झकझोरा था। मैच के चौथे दिन मोहम्मद रिजवान (28) और आमिर जमाल (18) ने आठवें विकेट के लिए 42 रन जोड़कर कुछ देर संघर्ष किया। नाथन लियोन ने रिजवान को लेग स्लिप में कैच आउट कराकर यह साझेदारी तोड़ी, इसके बाद पाकिस्तान की पारी सिमटने में देर नहीं लगी। लियोन ने हसन अली का विकेट लेकर पाकिस्तान की पारी का अंत किया। लियोन ने 36 रन देकर 3 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने इससे पहले वॉर्नर की अगुवाई में मैदान पर कदम रखा था।

ऑलराउंड प्रदर्शन जारी रखकर टी20 श्रृंखला जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम

भाषा। नवी मुंबई

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साह से ओतप्रोत भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना ऑलराउंड प्रदर्शन जारी रखकर तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। एक दिवसीय श्रृंखला में तीनों मैच गंवाने के बाद भारतीय महिला टीम ने पहले टी20 मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी थी जो इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उसकी सबसे बड़ी जीत है। भारतीय टीम ने इस मैच में न सिर्फ क्षेत्ररक्षण में चुस्ती दिखाई बल्कि उसके गेंदबाजों ने भी ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। भारत के सामने 142 रन का लक्ष्य था जो उसने शेफाली वर्मा (नाबाद 64) और स्मृति मंधाना (54) के बीच पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी के दम पर आसानी से हासिल कर दिया। भारतीय गेंदबाजों ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया। युवा गेंदबाज टिटास साधु ने चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट लिए। इनमें से तीन विकेट उन्होंने पावरप्ले में लिए थे। स्पिनर दीप्ति शर्मा और श्रेयंका पाटिल ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया था। टिटास ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, प्रत्एक मैच और अच्छा प्रदर्शन कई घंटे की कड़ी मेहनत का परिणाम होता है।

पांचवी रैंकिंग पर काबिज काल्डेरानो और मनिका डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर में पेश करेंगे चुनौती

मापुसा (गोवा)। दुनिया के पांचवे नंबर के खिलाड़ी ह्यूगो काल्डेरानो, शीर्ष भारतीय महिला मनिका बत्रा, युगल विशेषज्ञ जी साथियान और अचंता शरत कमल जैसे कुछ शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर 2024 मे चुनौती पेश करेंगे। यह टूर्नामेंट 23 से 28 जनवरी के बीच यहां पेड्डेम इंडोर स्टेडियम मे आयोजित होने वाला है। इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 250,000 डॉलर है। इसमे खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक जीतने और डब्ल्यूटीटी कप फाइनल और डब्ल्यूटीटी चैंपियंस सीरीज के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करने का मौका मिलेगा। ब्राजील के पूर्व युवा ओलंपिक कांस्य पदक विजेता काल्डेरानो, भारतीय टेबल टेनिस महासंघ की देखरेख मे स्तूप स्पोर्ट्स एनालिटिक्स और अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) द्वारा सह-आयोजित टूर्नामेंट के एक्ल मुख्य ड्रॉ मे भाग लेने वाले 20 बड़े खिलाड़ियों मे से एक होंगे। मनिका वर्तमान मे विश्व मे 35वे स्थान पर काबिज है।

लखनऊ की कानपुर पर रोमांचक जीत

● मीडिया लीग : चंडीगढ़ ने प्रयागराज को 7 रन से दी शिकस्त

लखनऊ। इश्तियाक रजा की चुस्त फील्डिंग दो महत्वपूर्ण कैच आउट एवं मैन ऑफ द मैच अभिनव शुक्ला-16 रन 2 विकेट के आलराउंड खेल से लखनऊ ने ऑल इंडिया मीडिया प्रीमियर लीग के दूसरे दिन रोमांचक जीत हासिल की। गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर लखनऊ ने कानपुर को अंतिम गेंद तक चले मुकाबले में 4 रन से हराया।लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 4 विकेट पर 105 रन बनाए। राजीव श्रीवास्तव ने 22 ऋषि सिंह सेंगर ने 21 एवं मयूर शुक्ला व अभिनव शुक्ला ने 16.16 रन का योगदान किया। कानपुर से वैभव को दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में कानपुर निर्धारित ओवर में 5 विकेट पर 101 रन ही बना सका। आलोक अवस्थी ;21 व मोण्ओवैश 37 ने दूसरे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। इन दो बल्लेबाजों को इश्तियाक रजा ने कैच लपककर आउट किया। टीम के अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में रन नहीं बना सके। लखनऊ से अभिनव शुक्ला व रोहित कुमार सिंह को दो.